नई दिल्ली
बुधवार, 13 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी/पंचमी वर्ष : 29, अंक : 120
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक: 18 हजार 500 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं पर मुहर

लखनऊ मेट्रो सेमीकंडक्टर और हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट को कैबिनेट की मंजूरी

बुनियादी ढांचा तकनीक और ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा निवेश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली


फोटो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुनियादी ढाँचा, तकनीक और ऊर्जा क्षेत्र को मजबूती देने वाले कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में कुल 18 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की तीन बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

**फैसला नंबर 1** सबसे पहले, लखनऊ मेट्रो फेज-1बी परियोजना को हरी झंडी दी गई है। यह 11.165 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर होगा जिसमें 12 स्टेशन (7 भूमिगत और 5 ऊँचाई पर) बनाए जाएंगे। इससे उत्तर प्रदेश की राजधानी में आधुनिक, तेज और पर्यावरण-अनुकूल शहरी परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

**फैसला नंबर 2** दूसरा अहम फैसला इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत लिया गया, जिसके अंतर्गत चार नए सेमीकंडक्टर निर्माण प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं में लगभग 4 हजार 600 करोड़ का निवेश होगा। सरकार का मानना है कि इससे देश में इलेक्ट्रॉनिक चिप निर्माण क्षमता बढ़ेगी, आयात पर निर्भरता घटेगी और लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

**फैसला नंबर 3** तीसरे फैसले के तहत, अरुणाचल प्रदेश में टाटो-II हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के लिए 8 हजार 146.21 करोड़ की मंजूरी दी गई। यह परियोजना क्षेत्र में अक्षय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देगी और पूर्वोत्तर राज्यों में बिजली आपूर्ति को स्थिर बनाने में मदद करेगी। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, इन फैसलों का सीधा असर आर्थिक विकास, आत्मनिर्भर भारत अभियान और हरित ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने पर पड़ेगा। बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया कि "यह निवेश न केवल विकास को गति देगा, बल्कि आने वाले वर्षों में भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता को भी मजबूत करेगा।" विशेषज्ञों का मानना है कि आज के कैबिनेट का फैसला विकास की उस रफ्तार को दर्शाता है, जिसमें बुनियादी ढाँचा, तकनीक और ऊर्जा को समान प्राथमिकता दी जा रही है। लखनऊ मेट्रो से शहरी यातायात पर दबाव कम होगा, जबकि सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स भारत को हाई-टेक विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम हैं। हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की ⏩ शेष पेज 5 पर

द्विपक्षीय सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों और साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय-वैश्विक मामलों पर हुई चर्चा

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति के बीच हुई बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ट्रंप के टैरिफ और दुनिया के कुछ भागों में जारी युद्ध की वजह से चिंताजनक बने हुए वैश्विक हालातों के बीच मंगलवार को मध्य-एशियाई देश उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की है।

जिसमें दोनों नेताओं ने मुख्य रूप से द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए प्रमुख क्षेत्रों जैसे व्यापार, संपर्क, कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी और आम-जनता के बीच संबंधों के क्षेत्र में हुई प्रगति की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि इस बातचीत के दौरान उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत की जनता को आगामी 79 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी। दोनों शीर्ष नेताओं की इस वार्ता में साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही दोनों भविष्य में भी एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने के लिए सहमत हुए।

पीएम मोदी और राष्ट्रपति मिर्जियोयेव ने भारत और मध्य-एशिया के बीच सदियों पुराने संबंधों को सुदृढ़ बनाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। यहां बता दें कि पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस और यूक्रेन के राष्ट्राध्यक्षों से भी टेलीफोन पर वार्ता की है। अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के बीच ⏩ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### 8 साल में सबसे कम खुदरा महंगाई दर



**नई दिल्ली।** आम जनता के लिए सबसे बड़ी खबर आई है। खुदरा महंगाई में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है, यह 8 साल के निचले स्तर पर चला गया है। जुलाई के दौरान महंगाई दर घटकर 1.55 फीसदी पर आ चुकी है। जबकि जून 2025 में खुदरा महंगाई दर 2.1% रही थी। वहीं मई 2025 में खुदरा महंगाई दर 2.82% दर्ज की गई थी। जुलाई के दौरान 1.55 फीसदी रही।

#### कार्गो विमान के इंजन में लगी आग, सुरक्षित लैंडिंग



**नई दिल्ली।** चेन्नई में मंगलवार को एक कार्गो विमान के इंजन में अचानक आग लग गई। पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को सुरक्षित लैंड करा लिया। विमान के उतरने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। ये विमान मलेशिया के कुलालुंपुर शहर से आ रहा था।

#### 6,115 रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवा



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे देश भर के 6,115 रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधाएं प्रदान कर रहा है। यह जानकारी सरकार द्वारा मंगलवार को संसद को दी गई। रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सेवा सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शहरी-ग्रामीण डिजिटल अंतर को समाप्त करना है।

मुनीर और उसके नेताओं का दिमागी संतुलन पूरी तरह से बिगड़ गया

## मुनीर ने कुरान की आयत संग दी 'रिलायंस की जामनगर तेल रिफाइनरी' पर हमले की धमकी

पाक के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो बोले, अगर भारत ने सिंधु नदी पर बांध बनाया तो उसे चुकानी पड़ेगी भारी कीमत, होगी जंग

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद की गई भारत की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को बीते 7 अगस्त को तीन महीने पूरे हो चुके हैं। लेकिन अभी ये सैन्य अभियान अस्थायी विराम पर है। जिससे पाकिस्तान के सेनाप्रमुख जनरल आसिम मुनीर और उसके नेताओं का दिमागी संतुलन पूरी तरह से बिगड़ गया है। अब वो अपनी भड़ास भारत के खिलाफ भड़काऊ और खोखली धमकी भरी बयानबाजी कर निकाल रहे हैं। यहां जिक्र पाकिस्तान से भारत को दी गई ऐसी हालिया दो धमकियों का हो रहा है। एक में अमेरिका के टैम्पा शहर में प्रवासी पाकिस्तानियों द्वारा आयोजित दोपहर के भोजन के कार्यक्रम में पाक सेनाप्रमुख ने भारत के खिलाफ अपनी कथित परमाणु युद्ध के साथ-साथ कुरान की आयत 'सूरह फील' को सुनाकर भारत के जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की गुजरात स्थित जामनगर तेल रिफाइनरी पर भविष्य में हमला करने की खतरनाक मंशा को सार्वजनिक किया है। ये पहला मौका है जब पाक सेना के शीर्ष जनरल ने भारत के महत्वपूर्ण बुनियादी आर्थिक ढांचे पर सीधा हमला करने की ⏩ शेष पेज 5 पर

भारत को खोखली धमकी देने से बाज नहीं आ रहे पाकिस्तानी जनरल और नेता



### पूर्व से होगी हमले की शुरुआत

*आसिम मुनीर ने भविष्य में पाकिस्तान के अस्तित्व को बचाने के लिए भारत को परमाणु युद्ध की धमकी दी है। इसके साथ उन्होंने अपने देश के प्रवासी नागरिकों के समक्ष ये भी कहा कि आगामी समय में भारत के साथ युद्ध की स्थिति में हम पूर्व में उसके कीमती संसाधनों से शुरुआत करते हुए पश्चिम का रुख करेंगे। कीमती संसाधनों में जनरल मुनीर का इशारा भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली गुजरात स्थित जामनगर तेल रिफाइनरी पर हमले से था।*

### सूरह फील आयत के मायने

*गौरतलब है कि कुरान के 105 वें अध्याय में मौजूद सूरह फील की आयत 570 ई पूर्व में हाथी वर्ष से जुड़ी हुई है। जिसे सामान्य अर्थों में आधुनिक युग में हवाई युद्ध से समझा जा सकता है। आयत में ऐतिहासिक रूप से यमन के शासक अब्राहा द्वारा काबा को नष्ट करने के लिए हाथियों की सेना का नेतृत्व करने का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि तब ईश्वरीय हस्तक्षेप यानी अल्लाह ने पकी हुई मिट्टी के पत्थरों को ले जाने वाले पक्षियों के झुंड भेजकर दुश्मनों यानी हाथियों की समूची सेना को मार गिराया था। फील एक अरबी शब्द है, जिसका अर्थ हाथी होता है। पाकिस्तान के सेनाप्रमुख को हाफिज-ए-कुरान भी कहा जाता है। यह वो लोग होते हैं, जिन्होंने कुरान को कंठस्थ किया हुआ होता है। पूर्व में भी जनरल मुनीर कुरान की आयतों और उसके कई संदर्भों का उल्लेख करते हुए भारत के खिलाफ अपने भड़काऊ धार्मिक बयान से आग उगल चुके हैं।*

### पाक की सभ्यता-संस्कृति पर हमलाः बिलावल

*सिंध सरकार के एक कार्यक्रम में पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने अपनी धमकी में कहा कि अगर भारत सिंधु जल समझौते में किसी तरह का कोई बदलाव करता है तो उसे पाकिस्तान की सभ्यता और संस्कृति पर हमला माना जाएगा। उसे इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। बिलावल ने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी जल नीति आक्रामक है और उसका मकसद केवल पाकिस्तान को पानी से वंचित करना है। पाकिस्तानी लोग युद्ध का मुकाबला करने में सक्षम हैं। अगर ऐसा हुआ तो पाकिस्तान अपनी सभी 6 नदियों को वापस ले लेगा। यहां बता दें कि पहलगाम हमले के तुरंत बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ की गई अपनी कूटनीतिक स्ट्राइक में सबसे पहले सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया था। वर्तमान में भी मामले पर भारत का यही रुख जस का तस कायम है।*

### भारत ने पाक को दिया माकूल जवाब

*वहीं, बीते सोमवार को ही भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान की तरफ से आ रही परमाणु युद्ध की गीदड़भभकी का करारा जवाब दे दिया था। एक बयान में उन्होंने कहा, परमाणु धमकी देना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। लेकिन भारत ऐसी किसी धमकी के आगे नहीं झुकेगा और अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा। ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयान पाकिस्तान की परमाणु कमान और उसके नियंत्रण की विश्वसनीयता पर गंभीर सवालिया निशान खड़ा करते हैं। विश्व समुदाय से इनके माध्यम से अपना निष्कर्ष निकाल सकता है। पाक सेना और आतंकी संगठन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं यानी उनकी सांठगांठ जगजाहिर है। उधर, पाक के विदेश मंत्रालय ने भारत के विदेश मंत्रालय के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उसे खारिज किया है।*

तीन सदस्यीय समिति में न्यायाधीश अरविंद कुमार, मनींद्र मोहन श्रीवास्तव और वरिष्ठ अधिवक्ता बीवी आचार्य शामिल होंगे

## लोकसभा में जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू, बिरला ने तीन सदस्यीय कमेटी बनाई

- लोकसभा ने एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामा लगातार जारी



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को पद से हटाने के एक प्रस्ताव को मंगलवार को स्वीकार कर लिया और उनके खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की। इसी के साथ भ्रष्टाचार के आरोपों जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिरला ने कहा, 'मुझे रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता समेत कुल 146 सदस्यों के हस्ताक्षर से प्रस्ताव मिला है।' मुझे यह प्रस्ताव नियमों के अनुरूप मिला है जिसके बाद मैंने इस कमेटी का गठन किया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समिति के गठन की घोषणा करते हुए कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोप गंभीर प्रकृति के हैं, इसलिए उन्हें न्यायाधीश के पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए। बिरला ने कहा कि तीन सदस्यीय समिति में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनींद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बी वी आचार्य शामिल होंगे। लोकसभा ने मंगलवार को मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के बीच 'खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2025' को पारित कर दिया। खान और खनन मंत्री जी किशन रेड्डी ने सदन में चर्चा और पारित कराने के लिए विधेयक पेश किया, जिसे सदन ने संक्षिप्त चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा में मंगलवार को भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 को संक्षिप्त चर्चा के बाद विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच पारित कर दिया गया तथा केंद्रीय पत्तन परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि यह विधेयक 21वीं सदी में भारत के समुद्री क्षेत्र को पुनः स्थापित करने का एक रणनीतिक प्रयास है। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने मंगलवार को संसद को बताया कि केंद्र सरकार की ⏩ शेष पेज 5 पर

## वोट चोरी के आरोप पर चढ़ा सियासी मुलम्मा, कांग्रेस का 'लोकतंत्र बचाओ मशाल मार्च' 14 को

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता विपक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में एआईसीसी महासचिवों, प्रभारियों और फ्रंटल संगठनों के प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा था'वोट चोरी' विवाद और उससे जुड़े मामलों पर आगे की रणनीति तय करना । बैठक में प्रियंका गांधी वाड्रा, सचिन पायलट, केसी वेणुगोपाल, कुमारी शैलजा, भूपेश बघेल समेत सभी महासचिव शामिल रहे, जिन्होंने इस मुद्दा को जन-आंदोलन की रूपरेखा में बदलने पर गहन विचार विमर्श किया। एक राय से ये तय किया गया कि 'लोकतंत्र बचाओ मशाल मार्च'14 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों में विरोध मार्च निकालने का अभियान शुरू होगा । 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली 22 अगस्त से 7 सितंबर तक इस नारे के साथ देश भर के पीसीसी के माधमशक्ति से जन जागरण अभियान चलाया जायेगा। प्रदर्शन किया जाएगा ⏩ शेष पेज 5 पर

मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल भी रहे मौजूद

## हरियाणा सरकार की एचपीडब्ल्यूपीसी बैठक में विभिन्न शहरों के लिए 342 करोड़ के प्रोजेक्ट मंजूर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा सरकार की हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में मंगलवार को लगभग 342 करोड़ रुपये के विभिन्न प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में शहरी स्थानीय निकायों में विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल भी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 11 करोड़ 90 लाख रुपये की बचत की गई । मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता किसी ⏩ शेष पेज 5 पर

2020 में कोरोना महामारी से लगी हुई है उड़ान सेवाओं पर रोक

## भारत और चीन के बीच जल्द शुरू होंगी सीधी उड़ान सेवाएं!

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ की बढ़ती चुनौती के बीच पूर्वी लद्दाख में बीते करीब साढ़े चार साल से जारी एलएसी विवाद की समाप्ति के बाद द्विपक्षीय संबंधों को फिर से सामान्य बनाने में जुटे भारत और चीन के लिए एक और अच्छी खबर सामने आई है।

जिसमें यह जानकारी मिली है कि जल्द ही यानी अगले सितंबर महीने की शुरुआत में ही दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवाओं की शुरुआत हो सकती है। सूत्रों ने



बताया कि सरकार ने एयर इंडिया और इंडिगो जैसी विमानन क्षेत्र की कंपनियों को छोटी अवधि में चीन के लिए उड़ानों के संचालन के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा कर सकते हैं। उस दौरान ही इस संबंध में दोनों देशों द्वारा आधिकारिक रूप से कोई घोषणा की जा सकती है। मामले पर अभी तक फिलहाल सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

**2020 से बंद थीं उड़ान सेवाएं :** यहां बता दें कि 2020 में पहले कोरोना महामारी और फिर उसके बाद एलएसी विवाद की वजह से भारत और चीन के बीच सीधी उड़ान सेवाओं पर रोक लगाई थी। लेकिन बीते वक्त में दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व की तरफ से संबंधों में सुधार को लेकर ⏩ शेष पेज 5 पर

## राज्यसभाः आयकर सुधार विधेयक लोकसभा को लौटा खेल प्रशासन व एंटी-डोपिंग विधेयक को मिली मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा में मंगलवार का दिन कई अहम विधायी निर्णयों का साक्षी बना। सदन ने संशोधित आयकर (सं. 2) विधेयक, 2025 और कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, 2025 को बहस के बाद लोकसभा को वापस भेज दिया।

वहीं, खेल जगत के लिए ऐतिहासिक माने जा रहे राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) विधेयक को पारित कर दिया गया, जिससे देश में खेलों की पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त हुआ। ⏩ शेष पेज 5 पर

### खेल सुधार की दिशा में बड़ा कदम

*राज्यसभा ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025 को मंजूरी देकर देश में खेल प्रबंधन के ढांचे में आमूल-चूल परिवर्तन का रास्ता खोल दिया। इस विधेयक के तहत राष्ट्रीय खेल बोर्ड की स्थापना होगी, जिसके जरिये राष्ट्रीय खेल महासंघों को मान्यता व सरकारी वित्त पोषण के लिए कठोर मानदंड पूरे करने होंगे। इसके साथ ही पारदर्शिता, जवाबदेही और खिलाड़ियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी। राज्यसभा सदस्य व भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी.टी. उषा ने इसे "वर्षों से लंबित सुधार" करार देते हुए कहा कि इससे खेलों में जड़ता खत्म होगी और लिंग समानता, खिलाड़ियों का सशक्तीकरण तथा स्वच्छ खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।*

### एंटी-डोपिंग कानून में मजबूती

*राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) विधेयक के तहत राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) को अधिक स्वायत्तता दी जाएगी और एक राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग बोर्ड की स्थापना होगी, जो निगरानी और सलाहकार भूमिका निभाएगा। यह कदम भारत के 2036 ओलंपिक मेजबानी के सपने को साकार करने की दिशा में भी अहम माना जा रहा है। विपक्ष के तमाम विरोधों के बीच मंगलवार को राज्यसभा की कार्यवाही ने कर सुधार से लेकर खेल प्रशासन तक, कई मोर्चों पर देश के लिए नई दिशा तय की। वित्तीय पारदर्शिता और खेलों में ईमानदारी, दोनों ही बदलाव भारत को वैश्विक मंच पर अधिक मजबूत और विश्वसनीय बनाएंगे।*

भारत में भड़के इजरायल के राजदूत बोले, आपका कपट शर्मनाक है

इजरायल-हमास संघर्ष के बीच भारत का रुख, बातचीत-कूटनीति से निकले शांतिपूर्ण समाधान

## प्रियंका गांधी पर भारी पड़ गया इजरायल के खिलाफ दिया गया 'नरसंहार' का बयान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस की महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का इजरायल के खिलाफ दिया गया नरसंहार वाला बयान उनपर ही भारी पड़ गया है। मंगलवार को भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने मामले पर दो टूक अंदाज में बेहद तीखी प्रतिक्रिया दी और उसमें कहा कि आपका कपट शर्मनाक है। हमास के आंकड़े भरोसे के काबिल नहीं हैं। इजरायल ने अपनी कार्रवाई में हमास के 25 हजार आतंकवादियों को मार



गिराया है। मानवीय जिंदगियों के भयावह नुकसान के पीछे हमास के आतंकवादियों की कुटिल चालें जिम्मेदार हैं। वो नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करते हुए उसके पीछे छिपते हैं और मदद के लिए बाहर निकलने वाले लोगों पर गोलीबारी करते हैं, रॉकेट दागते हैं। इजरायली राजदूत ने गाजा में 20 लाख टन खाद्य सामग्री भेजने का दावा करते हुए हमास पर इसे जब्त करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि इससे गाजा के इलाके में भुखमरी के हालात पैदा हो रहे हैं। वहीं, ये पहला मौका नहीं है जब प्रियंका गांधी और इजरायल के राजदूत आमने-सामने हैं। पूर्व में संसद भवन में कांग्रेस नेता द्वारा फिलिस्तीन के नारे लिखा हुआ एक हैंड बैग प्रयोग करने का मामला मीडिया की सुर्खियों में रहा था। जिस पर भी इजरायली राजदूत ने सख्त लहजे में ⏩ शेष पेज 5 पर

### बातचीत, कूटनीति से निकले समाधान

*भारत ने पूर्व में जारी किए गए अपने बयानों में 7 अक्टूबर 2023 में इजरायल पर हुए आतंकी हमलों और इजरायल-हमास संघर्ष में नागरिकों की जान जाने की कड़ी निंदा की है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 22 सितंबर को न्यूयॉर्क में भविष्य के शिखर सम्मेलन से इतर फिलिस्तीन के राष्ट्रपति से मुलाकात की थी। जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से युद्धविराम, बंधकों की रिहाई और बातचीत-कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया था। फिलिस्तीन को लेकर लंबे समय से बनी हुई भारत की नीति में वह बातचीत के जरिए दो राष्ट्रों के समाधान का समर्थक है। इसके साथ ही सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य फिलिस्तीन राज्य की स्थापना भी भारत चाहता है। जो इजरायल के साथ शांति के साथ रह सके। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता का भी भारत समर्थन करता है।*

## नरेला इलाके की घटना, दो आरोपी पकड़े

# स्विमिंग पूल में दो बच्चियों से बलात्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



नरेला इलाके में एक 'स्विमिंग पूल' में नौ साल की दो बच्चियों से बलात्कार का मामला सामने आया है। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना सात अगस्त को लामपुर बस अड्डे के पास स्थित एक स्विमिंग पूल में घटी। आरोपियों की पहचान बिहार के समस्तीपुर जिले के निवासी अनिल कुमार (37) और उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के मुनील कुमार (24) के रूप में हुई।

पुलिस के अनुसार आठ अगस्त को एक पीड़ित बच्ची की मां ने नरेला थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी बेटी और एक अन्य बच्ची के साथ 'स्विमिंग पूल' में बलात्कार किया गया है। महिला के बयान के आधार पर नौ अगस्त को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 70 (2) (सामूहिक बलात्कार), 127 (2) (गलत तरीके से रोकना) और 351 (आपराधिक धमकी) तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पीड़िताओं ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 183 के तहत मजिस्ट्रेट के सामने अपने बयान दर्ज कराए। आरोपियों को पकड़ने के लिए तुरंत एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## एमसीडी के अधिवक्ता ने चौथी मंजिल से कूदकर दी जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ अवसाद में चल रहा था अधिवक्ता

लाजपत नगर थाना इलाके में मंगलवार दोपहर एक व्यक्ति ने घर की चौथी मंजिल से कूदकर जान दे दी। पुलिस ने शव को मोर्चरी में भिजवा दिया है। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि मृतक एमसीडी में अधिवक्ता के रूप में अटैच था। शुरुआती तौर पर पुलिस ने पाया कि वह अवसादग्रस्त थे।

पुलिस के अनुसार दोपहर लगभग 1:20 बजे लाजपत नगर थाने में एक पीसीआर कॉल आई, कि कोई व्यक्ति छत से गिर गया है। एम्बुलेंस अभी तक नहीं आई है। थाना प्रभारी और स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। घटनास्थल रेलवे स्टेशन फाटक के सामने आई-50, एलएन-1 के सामने सड़क पर खून से लथपथ एक शव मिला। शव में कोई जान नहीं थी। व्यक्ति की पहचान फागुन कालरा (33) पुत्र लाजपत राय कालरा एमसीडी में अधिवक्ता के रूप में हुई है। वह विवाहित थे। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट मिला। उसकी लिखावट उनकी पत्नी द्वारा पहचानी गई है। आत्महत्या का कारण प्राथमिक रूप से अवसाद प्रतीत होता है। शव को कैट्स एम्बुलेंस द्वारा एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। अपराध टीम और फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किये हैं।

## भलस्वा डेयरी के पास युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के भलस्वा डेयरी इलाके में झील रोड, गोल्फ कोर्स के सामने एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस पहचान करवाने और हत्यारों को पकड़ने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार सोमवार रात 11:49 बजे भलस्वा डेयरी थाने को गोल्फ कोर्स के पास एक शव पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर गोल्फ कोर्स के सामने भलस्वा झील के पास एक झोपड़ी में पहुंची। लगभग 25-30 वर्षीय एक पुरुष खून से लथपथ पड़ा मिला। उसके सीने, कमर और गर्दन पर चाकू के कई घाव थे। घायल को जहांगीरपुरी स्थित बीजेआरएम अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस संबंध में भलस्वा डेयरी थाने में धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान और आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल उर्फ विक्की, पुत्रः** श्री रमेश गोस्वामी, **पताः** फ्लैट नं. 757, पॉकेट – 7, जनता फ्लैट्स, सेक्टर – 2, रोहिणी, **अन्य पताः** मकान नं. 117, मंगोलपुरी कलां, दिल्ली–85 ने मुकदमा **FIR No. 318/2020, U/s 356/379/411/34 IPC, थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ विक्की** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ विक्की** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 318/2020, U/s 356/379/411/34 IPC, थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ विक्की** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी – 03
कोर्ट नं. 107, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/10546/RD/2025
(Court Matter)

# हेड कांस्टेबल 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की विजिलेंस टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने अभियान को जारी रखते हुए बिंदापुर पुलिस चौकी में तैनात हेड कांस्टेबल विजय सिंह को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया है। आरोपी हेड कांस्टेबल द्वारका मोड़ स्थित पुलिस बूथ के पास मार्केट कॉम्प्लेक्स में पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता रामा पार्क, मोहन गार्डन का निवासी है। उसने बाराखंभा रोड स्थित विजिलेंस विभाग में शिकायत दर्ज कराई कि वह द्वारका में स्थित एक कार्यालय के साथ स्वास्थ्य उत्पादों की बिक्री का व्यवसाय करता है। शिकायतकर्ता के अनुसार हेड कांस्टेबल विजय सिंह उसके कार्यालय आए और उसे बताया कि उनके खिलाफ शिकायत है। इसके बाद उसने 15 हजार प्रति माह की मांग की। हेड कांस्टेबल के दबाव और धमकियों के चलते शिकायतकर्ता ने 15,000 का भुगतान कर दिया। बाद में हेड कांस्टेबल ने दो महीने का बकाया बताते हुए 30 हजार की अतिरिक्त मांग की। लगातार पैसों की मांग से परेशान होकर शिकायतकर्ता ने विजिलेंस यूनिट से संपर्क किया। शिकायत मिलने पर डीसीपी विजिलेंस की देखरेख में एक टीम गठित की गई। शिकायत दर्ज की गई और 8 अगस्त को द्वारका मोड़ स्थित पुलिस बूथ के पास मार्केट कॉम्प्लेक्स में जाल बिछाया गया। कार्रवाई के दौरान विजय सिंह ने 15 हजार की रिश्वत की राशि स्वीकार की, जिसे विजिलेंस टीम ने तुरंत बरामद कर लिया। हेड कांस्टेबल गिरफ्तार कर राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया और उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## बीमार, काटने वाले और रेबीज संक्रमित कुत्तों पर पहले होगा एक्शन : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ महापौर ने नगर निगम की टीमों को जारी किए निर्देश

राजधानी में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक पर अब सख्त कदम उठाने की तैयारी शुरू हो गई है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने मंगलवार को स्पष्ट किया है कि पहले चरण में बीमार, काटने वाले और रेबीज से संक्रमित कुत्तों को प्राथमिकता से पकड़ा जाएगा। महापौर ने कहा कि नगर निगम की टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे खतरनाक कुत्तों को तुरंत चिन्हित कर पकड़ने की कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि यह अभियान खासतौर पर उन इलाकों में तेज किया जाएगा, जहां कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। महापौर सिंह ने बताया कि रेबीज से संक्रमित कुत्तों से बचाव बेहद जरूरी है, क्योंकि समय पर इलाज न होने पर यह जानलेवा साबित हो सकता है। महापौर ने लोगों से भी अपील की है कि वे ऐसे कुत्तों की सूचना तुरंत निगम को दें और उनसे दूरी बनाए रखें। वहीं, राजधानी में कुत्ता काटने के बढ़ते मामलों और बीमार आवारा कुत्तों की संख्या को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह कदम जनहित में अहम माना जा रहा है। महापौर ने कहा कि जल्द ही टोल फ्री हेल्पलाइन जारी किया जाएगा। अभी 20 शेल्टर होम है जो ठीक से नहीं चल रहे हैं, इन्हें भी जल्द दुरुस्त किया जाएगा। एक दो दिन में कुत्तों को उठाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। वहीं, उन्होंने एक प्रश्न पर बताया कि इसमें चुनौती कुछ नहीं है, हम जनता के सहयोग से यह कार्य करेंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गोविंद, निवासीः 5डी / 36, विष्णु गार्डन, धरमपुरी के पास, दिल्ली, और निवासीः बी–35, धरमपुरी, रवि नगर एक्सटेंशन, दिल्ली** ने **FIR No.: 287/16, U/s: 323/341/34/354(b) IPC, पुलिस थाना ख्याला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गोविंद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गोविंद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना ख्याला, दिल्ली** के अभियुक्त **गोविंद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 19.09.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शिवली तलवार
जेएमएफसी (महिला कोर्ट)–01, पश्चिम, कमरा नं. – 358,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/10702/WD/2025

## आवारा कुत्तों पर दिल्ली सरकार को मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए : देवेंद्र यादव

नई दिल्ली। आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करने के लिए दिल्ली सरकार को मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मंगलवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने दिल्ली की सड़कों को दो महीने में आवारा कुत्तों से मुक्त कराने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत किया है और कहा है कि बेजुबानों को व्यवस्थित तरीके से कर्मबद्ध योजना के तहत सड़कों से आश्रय घर में भेजने का काम दिल्ली सरकार करें तो बेहतर होगा। राजधानी में निगमों में आसीन रही आम आदमी पार्टी और भाजपा ने कुत्तों की नसबंदी का काम भी व्यापक रुप से नहीं किया, जिसके कारण राजधानी में 10 लाख से भी अधिक आवारा कुत्ते दिल्ली की सड़कों पर है। यादव ने कहा कि 8 सप्ताह में दिल्ली के लगभग 10 लाख आवारा कुत्तों को सड़कों से हटाना होगा, लेकिन आदेश से पहले निगमों की कुत्तों के प्रति नीति के तहत आवारा कुत्तों की नसबंदी करके उन्हें वहीं छोड़ दिया जाता था, जहां से उन्हें पकड़ा जाता है।

## मकान मालकिन के घर से जूलरी चोरी के आरोप में मां-बेटी दबोची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिम जिले के बिंदापुर इलाके में मकान मालकिन के घर से कथित तौर पर गहनों की चोरी के आरोप में 42 वर्षीय एक महिला और उसकी 22 वर्षीय बेटी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी कथित तौर पर रोशनदान के रास्ते घर में दाखिल हुयी थी। इनकी निशानदेही पर जौहरी के पास से पिघला हुआ सोना और चांदी बरामद हो गई है। डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि पिंकी और उसकी बेटी पूनम ने एक जौहरी को चोरी का सामान बेचा था। उसके पास से कुल 5.23 ग्राम पिघला हुआ सोना और 589.15 ग्राम पिघली हुयी चांदी बरामद की गयी है। डीसीपी ने बताया कि इशिका नामक महिला ने एक अगस्त को ऑनलाइन शिकायत की थी और आरोप लगाया था कि उसके घर से आभूषण की चोरी हुये हैं। शिकायत के आधार पर बिंदापुर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने शिकायतकर्ता के घर और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड तस्वीरों का विश्लेषण किया। लेकिन जबरन प्रवेश या संदिग्ध गतिविधि का कोई संकेत नहीं मिला। डीसीपी ने बताया कि इसके बाद जांच घर में रहने वाली किरायेदारों पिंकी और पूनम पर केंद्रित हुई। लगातार पूछताछ करने पर उन्होंने खुलासा किया कि वे रोशनदान के जरिए शिकायतकर्ता के घर में घुसी थी और चोरी को अंजाम दिया।

## एबीवीपी ने किया 'छात्रसंघ पदाधिकारी सम्मान समारोह' का आयोजन

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) नीत दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में 'छात्रसंघ पदाधिकारी सम्मान समारोह' का आयोजन किया। यह समारोह छात्रसंघ के कार्यकाल के समापन पर उन पदाधिकारियों के सम्मान में आयोजित किया गया जिन्होंने पूरे वर्ष छात्रों के हित में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के छात्रसंघ पदाधिकारियों को न केवल उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया, बल्कि आने वाले समय में भी छात्र हित के लिए संघर्षरत रहने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, मुख्य वक्ता के रूप में एबीवीपी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, तथा विशेष अतिथियों के रूप में एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल, दिल्ली प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा व डूसू के उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह और सचिव मित्रविंदा कर्नवाल उपस्थित रहे।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 218 दिनांक 15.07.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना बहालगढ जिला सोनीपत ।



**गुमशुदा की पहचान**
नाम- गुलनाज खातून ।
पति का नाम मो. उनैद आंसरी।
पता - गाँव रूनि सैदपुर वार्ड न. 9 थाना सैदपुर जिला सीतामढी बिहार हाल पता इन्द्रा कालोनी जिला सोनीपत ।
उम्र- 21 वर्ष
कद- 5.2 फुट ।
हुलिया- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, दुबला पतला शरीर हैं।
पहनावा- महेन्दी रगं का सूट व सलवार व पैरो में लाल रंग के सैन्डल पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 15.07.2025 को गुलनाज खातून पत्नि मो. उनैद आंसरी गाँव रूनि सैदपुर वार्ड न. 9 थाना सैदपुर जिला सीतामढी बिहार हाल पता इन्द्रा कालोनी जिला सोनीपत हरियाणा बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चली गयी हैं। अब तक घर वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करें।

**प्रबन्धक थाना बहालगढ न0 7419410539**
**अनुसंधान कर्ता सुरेन्द्र मो० न0 - 8607211721**
**पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100**

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी
कृते पुलिस समापन
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/3740/2026/37573/88/7 दि. 12.08.2025

**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**

Regd. Off : 129 Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035, Ph.: 011-28315036 Fax : 011-28315044
Corp. Off : 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall, NH-8, Gurgaon (Haryana)-122001, Ph.0124-2719000, Fax : 0124-2719100
CIN: L26912DL1991PLC045449 , Website : www.sainikfinance.com ,
Email : info@sainik.org, legal.secretarial@sainikmining.com

**Extract of Statement of Standalone Financial Results for the quarter ended on 30 June 2025**

(Rs. in Lakhs)

| Sl. | Particulars | 3 months ended (Unaudited) 30.06.2025 | 3 months ended (Audited) 31.03.2025 | Corresponding 3 months ended in the previous year (Unaudited) 30.06.2024 | Year ended (Audited) 31.03.2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operations | 361.99 | 525.72 | 363.21 | 1,672.82 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary Items) | 92.22 | 270.20 | 82.13 | 623.29 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 92.22 | 270.20 | 82.13 | 623.29 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 94.56 | 267.04 | 82.77 | 617.61 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 94.56 | 267.04 | 82.77 | 612.21 |
| 6 | Equity Share Capital (face value of the share : Rs.10 each) | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as per previous financial year | - | - | - | 3,331.26 |
| 8 | Earning per share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations)<br>1. Basic :<br>2. Diluted : | 0.87<br>0.87 | 2.45<br>2.45 | 0.76<br>0.76 | 5.68<br>5.68 |

**Notes:-**
1. The above is an extract of the detailed format of quartery Financial Result for the quarter ended 30 June 2025 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarterly financial results are available on the websites of the Stock Exchanges i.e. www.bseindia.com and also on the Company's website www.sainikfinance.com
2 The detailed financial results and this extract were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their meeting held on 12 August 2025. The auditors have carried out Limited Review of the financial results, as required under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015.

By order of the Board
For Sainik Finance & Industries Limited
Sd/-
Sarvesh Sindhu
Director
(DIN-06545787)

Place: Gurugram (Haryana)
Date: 12 August, 2025

## सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में पार्किंग की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ परिजन मरीज पर ध्यान दें या फिर वाहन पर ?

दिल्ली देहात इलाके का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल ' सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ' इन दिनों इलाज से ज्यादा पार्किंग संकट के लिए चर्चा में है। हालत यह है कि अस्पताल के अंदर गाड़ी खड़ी करने की जगह नहीं, और बाहर सड़क पर पार्क करो तो ट्रैफिक पुलिस तुरंत चालान काट देती है या गाड़ी उठा ले जाती है। जिसके कारण ओपीडी आने वाले मरीजों के परिजन थाने-चौकी के चक्कर लगा रहे होते हैं। ऐसी ही कुछ घटनाएं अस्पताल के बाहर से सामने आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अस्पताल रोजाना हज़ारों मरीजों का बोझ संभालता है, लेकिन पार्किंग की सुविधा न के बराबर है। कई बार इमरजेंसी या ओपीडी में बच्चे, बुजुर्ग या गंभीर मरीज को लाने वालों को मजबूरी में बाहर गाड़ी खड़ी करनी पड़ती है, और लौटने पर गाड़ी गायब मिलती है। इसके बाद शुरू होता है थाने में गाड़ी छुड़ाने का महंगा और समय खपाने वाला सिलसिला। इससे अस्पताल प्रशासन और पुलिस दोनों पर सवाल उठते हैं। क्या इतने बड़े अस्पताल में पर्याप्त पार्किंग की योजना बनाना किसी की प्राथमिकता नहीं है? ट्रैफिक पुलिस को क्या मरीज की जान से ज्यादा चालान और क्रेन की चिंता है? स्थानीय लोगों की मांग है कि अस्पताल परिसर में तुरंत अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था हो। इमरजेंसी व गंभीर मरीजों के लिए विशेष पार्किंग पास और ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिया जाए कि अस्पताल आने वाले वाहनों पर सहानुभूतिपूर्ण कार्रवाई करें।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (एचआईपीए), प्लॉट नं. 76, सेक्टर-18, गुरूग्राम | एचआईपीए मेस निविदा। | 07.08.2025<br>06.09.2025 | 1.50 लाख | https://hipaco.inhttps://etenders.hry.nic.in/ | 9999330686<br>rekhad@hipa.in |
| 2 | हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (एचआईपीए), प्लॉट नं. 76, सेक्टर-18, गुरूग्राम | एचआईपीए नेटवर्क का एएमसी। | 06.08.2025<br>05.09.2025 | शून्य | https://hipaco.inhttps://etenders.hry.nic.in/ | 9999330686<br>rekhad@hipa.in |
| 3 | हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला, हरियाणा | एचपीएससी में हाउसकीपिंग और मैन पावर सेवाओं के लिए निविदा, 1. स्वीपर, 2. सिक्योरिटी सर्विसेज, 3. एमटीएस, 4. ड्राईवर, 5. चपरासी। | 12.08.2025<br>01.09.2025 | 40 लाख | http://hpsc.gov.in/en-us/<br>www.etenders.hry.nic.in | 0172-2560752<br>Info.hpsc@gmail.com |
| 4 | हरियाणा रोडवेज, अम्बाला | अम्बाला बस स्टैंड में निविदा सूचना विज्ञापन / होर्डिंग। | 25.07.2025<br>18.08.2025 | तीन वर्ष हेतु 45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467533200<br>gmhramba@gmail.com |
| 5 | वन विभाग, सिरसा | नाथूसरी, गोरीवाला और ओढ़ां ब्लॉक में नये प्लांटेशन कार्य। | बंद होने की तिथि<br>18.08.2025 | 24,47,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545<br>forest_sirsa@yahoo.com |
| 6 | लोनिवि (भ व प), विभाग, पलवल | पलवल जिले में पलवल में राजकीय सिविल हस्पताल के परिसर में आंतरिक सड़कों पर चौड़ा करने / मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि<br>16.08.2025 | 2,00,23,851/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169<br>pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि (भ व प), हिसार | सिरसा जिले में एसडीसीएच, डबवाली के पुराने भवन में ई.आई. की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | 08.08.2025<br>21.08.2025 | 28,04,451/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651<br>pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 8 | मानसिक रूप से विकलांग बच्चों हेतु अर्पण संस्थान / मानसिक रूप से विकलांग वयस्क व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु श्रवण केंद्र | अर्पण और श्रवण केन्द्र, रोहतक में रहने वाले लगभग 40 विद्यार्थियों के लिए मेस सुविधा (आवासीय सुविधा)। | 13.08.2025<br>03.09.2025 | 50000/- | www.shravanorg.com/ | 8307434351<br>dsworoh@hry.nic.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2026/160/37618/I/88/7 दि. 12.08.25

## मुख्यमंत्री ने दिल्ली विधानसभा से 'तिरंगा साइक्लोथॉन फॉर गर्ल्स' को किया रवाना

# 'हमारी बेटियों को सपनों की उड़ान मिलने से आकाश में तिरंगा और भी शान से लहराएगा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





जब हमारी बेटियों को अपने सपनों की उड़ान मिलेगी, तभी देश के आकाश में तिरंगा और भी शान से लहराएगा। यह बात मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा से 'तिरंगा साइक्लोथॉन फॉर गर्ल्स' को तिरंगा लहराकर रवाना करने के दौरान कही। इस अवसर पर बेटियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि अब वक्त 'बेटियों को सशक्त' करने का है। रिमझिम बारिश के बीच बेटियों ने राजघाट तक इस यात्रा को पूरा किया। इस विशेष कार्यक्रम में सरकार के शिक्षा मंत्री श्री आशीष सूद भी शामिल हुए। इस अनूठे 'तिरंगा साइक्लोथॉन फॉर गर्ल्स' में शामिल स्कूली लड़कियों का उत्साह देखने लायक था। भरपूर ऊर्जा से भरपूर छात्राओं ने मुख्यमंत्री के साथ 'भारत माता की जय' उद्घोष के नारे से बादलों से भरे आसमान को गुंजाएमान किए रखा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रतिभागी बेटियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह साइक्लोथॉन स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई उड़ान और नया अध्याय है। उन्होंने सभी बेटियों से आह्वान किया कि वे आसमान की ओर हाथ फैलाकर यह संकल्प लें कि देश का नाम रोशन करना है, दिल्ली की बेटी बनकर भारत की बेटी बनना है। वहीं बच्चियों से वार्तालाप करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि देश में पहले 'बेटी बचाओ' पर बल दिया गया, फिर यह अभियान 'बेटी पढ़ाओ' के संकल्प तक पहुंचा। अब वक्त है 'बेटी बढ़ाओ' का। हमारा उद्देश्य है कि हर बेटी का भविष्य उज्ज्वल हो और वह अपने सपनों को पूरा करते हुए डीएम, सीएम, वैज्ञानिक या खिलाड़ी आदि बनकर देश का मान-सम्मान बढ़ाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल दिशा में आगे बढ़ रहा है और दिल्ली सरकार अपनी बेटियों को आगे ले जाने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। इस कार्यक्रम के अलावा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को संसद सदस्यों के साथ भारत मंडपम से आयोजित 'हर घर तिरंगा' सांसद बाइक रैली में भाग लिया। इसी के साथ मुख्यमंत्री ने एनडीएमसी द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश दिया।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अमर नारे 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा' का उल्लेख किया और कहा कि आज का भारत बेटियों से लहू नहीं, बल्कि उनका संकल्प, जुनून और कभी हार न मानने वाली जिद मांगता है। उन्होंने कहा कि 'पंखों से नहीं, हौसलों से उड़ान होती है।' शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने जानकारी दी कि जिस मार्ग पर यह 'तिरंगा साइक्लोथॉन फॉर गर्ल्स' निकाली जा रही है, वहां कभी 'डांडी मार्च' जैसी ऐतिहासिक घटनाएं हुई थीं। मुख्यमंत्री के विशेष आग्रह पर इसे केवल बेटियों के लिए आयोजित किया गया, जैसे नेताजी ने स्वतंत्रता संग्राम में रानी लक्ष्मीबाई रेजिमेंट बनाई थी। वहीं सूद ने स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को स्वच्छता अभियान से भी जोड़ने की अपील की।

### '2014 से पहले देशभक्ति का ऐसा उत्साह कभी नहीं देखा'

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को संसद सदस्यों के साथ भारत मंडपम से आयोजित 'हर घर तिरंगा' सांसद बाइक रैली में भाग लिया। इस रैली में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, गजेंद्र सिंह शेखावत, संजय सेठ के साथ कई अन्य सांसदों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले का ऐसा उत्साह और व्यापक जनभागीदारी कभी नहीं देखी गई। जो लोग संविधान लेकर घूमते हैं, वे न तो तिरंगा लेकर दिखाई देंगे और न ही 'भारत माता की जय' के नारे लगाएंगे। उन्होंने तिरंगे को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए कहा कि यह समृद्धि, एकता और प्रगति का प्रतीक है और हर भारतीय का सपना है कि इसे हमेशा ऊंचा लहराते देखें। वहीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस को हर घर का पर्व बना दिया है।

## तिरंगा रैली में 250 छात्रों ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यातायात पुलिस ने मंगलवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया। इसमें दिल्ली के विभिन्न स्कूलों के लगभग 250 छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। रैली बाबा खड़क सिंह मार्ग स्थित यातायात प्रशिक्षण पार्क से शुरू होकर बीकेएस रोड होते हुए पार्क में वापस लौटी। छात्रों ने अदम्य ऊर्जा के साथ मार्च किया। इस दौरान गर्व से तिरंगा लिए छात्रों ने जमकर देशभक्ति के नारे लगाये। इस रैली ने शहर के मुख्य मार्गों को एक भावपूर्ण उत्सव में बदल दिया। दर्शकों ने तालियां बजाई और राष्ट्रीय गौरव और एकजुटता से भरा माहौल बन गया।

### पूरी दिल्ली हो गई तिरंगामय



नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी रहीं। बड़ी तिरंगा यात्राओं के अलावा दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के आह्वान पर दिल्ली भर में 57 मंडलों में तिरंगा यात्रा निकाली गई। लगातार तीसरे दिन निकाली गई तिरंगा यात्रा से पूरी दिल्ली तिरंगामय हो गई। प्रदेश भाजपा के अनुसार सचदेवा मंगलवार स्वयं भारत मंडपम से नेशनल स्टेडियम तक निकाली गई तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। उन्होंने बताया कि दिल्ली में पिछले तीन दिनों से लगातार दिल्ली भाजपा तिरंगा यात्रा निकाल रही है और उसका परिणाम है कि जैसे जैसे तिरंगा यात्रा आगे बढ़ रही है वैसे वैसे लोगों के अंदर स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्साह बढ़ता जा रहा है। खासकर युवा वर्ग इसमें शामिल हो रहे हैं।

### स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14-15 अगस्त को आम जनता के लिए खुला रहेगा दिल्ली विधानसभा परिसर

नई दिल्ली। दिल्ली विधान सभा परिसर 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 और 15 अगस्त 2025 को शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। दिल्ली के लोग 115 साल पुराने ऐतिहासिक भवन का भ्रमण कर सकेंगे और परिसर के अंदर मौजूद महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों को देख सकेंगे। समारोह में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) बैंड देशभक्ति से सराबोर धुनें प्रस्तुत करेगा, वहीं साहित्य कला परिषद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। शाम को विधानसभा परिसर विशेष लाइटिंग से जगमगाएगा, जिससे माहौल और भी उत्सवमय और देशभक्ति से भरा होगा। दिल्ली विधान सभा सचिवालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में दिल्ली विधान सभा में अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, मंत्रीगण, विधायकगण तथा अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। दिल्ली के लोग स्वतंत्रता दिवस समारोह का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकेंगे, ऐतिहासिक भवन की भव्यता देख सकेंगे और इसके वास्तुशिल्प व दिल्ली की लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जान पाएंगे। बीएसएफ बैंड की प्रस्तुति देशभक्ति, एकता और गर्व की भावना को जगाएगी। साहित्य कला परिषद के सांस्कृतिक कार्यक्रम भारत की समृद्ध कला और सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करेंगे, जिससे लोगों में राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक सद्भाव का संदेश जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा परिसर में प्रवेश के लिए किसी पूर्व पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। दोनों दिन शाम 5 बजे से प्रवेश शुरू होगा। कार्यक्रम में आने वाले लोगों को पहचान पत्र, जैसे आधार कार्ड दिखाकर विधानसभा परिसर में प्रवेश करना होगा। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जनता में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को गहरा करना है, ताकि लोग राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि में सार्थक योगदान दे सकें।

## सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर एचआईवी जांच निशुल्क उपलब्ध : पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ स्वास्थ्य मंत्री ने एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आईईसी कैंपन का किया शुभारंभ

दिल्ली के सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर एचआईवी जांच की सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध है। यह जानकारी दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने मंगलवार को इंटरनेशनल यूथ डे के मौके पर दिल्ली में एचआईवी जैसे विषय पर समाज में जागरूकता फैलाने के लिए एड्स नियंत्रण सोसायटी द्वारा आयोजित आईईसी कैंपेन अभियान' का शुभारंभ करने के दौरान दी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि इसके साथ ही हमारी सरकार एचआईवी संक्रमण के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं का संयोजन यानी एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) को निशुल्क उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य एचआईवी/एड्स बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना, समय पर जांच कर बीमारी की रोकथाम, बेहतर उपचार और एड्स को लेकर समाज में फैली हर भ्रांति को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक करना है। इस जागरूकता अभियान को दिल्ली सरकार के दिल्ली स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के साथ मिलकर डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से इस अभियान को शुरू किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य एचआईवी/एड्स की रोकथाम, समुचित इलाज एवं उससे जुड़ी समाज में फैली भ्रांतियों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाकर हमेशा के लिए दूर करना है। जिसके लिए हमारी सरकार दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में जागरूकता कार्यक्रम, मुक्का-नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, जागरूकता रैलियों के साथ ही स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

### 'पुराने वाहनों के मालिकों पर तत्काल नहीं होगी कार्रवाई'

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्लीवासियों को बधाई देते हुए बताया कि अब अब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के मालिकों के विरुद्ध तत्काल कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि हमारी सरकार के निवेदन को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पुनर्विचार याचिका के माध्यम से यह आग्रह किया था कि वाहनों का मूल्यांकन केवल उनकी आयु के आधार पर न होकर, उनकी चालित दूरी और प्रदूषण स्तर के आधार पर किया जाए, ताकि वास्तविक प्रदूषण करने वाले वाहनों की ही पहचान और कार्रवाई हो। हम न्यायिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करते हुए दिल्लीवासियों के हित में अपना पक्ष मजबूती से रखते रहेंगे। यह निर्णय हमारे उस संकल्प को मजबूत करता है कि विकसित दिल्ली की दिशा में हम पर्यावरण संरक्षण और जनता की सुविधा के बीच संतुलन बनाए रखेंगे। वहीं पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह दिल्ली के लोगों के लिए बड़ी राहत है। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में यह दलील दी थी कि वाहन का 'एंड ऑफ लाइफ' उसकी उम्र से नहीं, बल्कि उससे निकलने वाले प्रदूषण और कुल किलोमीटर चलने के आधार पर तय होना चाहिए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मजबूती से यह लड़ाई दिल्ली के लोगों की तरफ से लड़ी।

## आम जन की समस्याओं के समाधान के लिए हर जिले में मिनी सचिवालय जरूरी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम जन की समस्याओं का समाधान करने के लिए हर जिले में एक मिनी सचिवालय जरूरी है। वहीं हर जिले में एक गौशाला भी स्थापित हो। इसके साथ स्वतंत्रता दिवस को लेकर 'हर घर तिरंगा' अभियान में तिरंगों के वितरण की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। यह निर्देश मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को सभी 11 जिलों के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस में दिए। इस बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी जिलाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर दिल्ली की विकास योजनाओं व अन्य मामलों पर मंथन किया। वहीं मुख्यमंत्री ने इस बैठक में जिलाधिकारियों के काम को सराहा और उनकी समस्याएं भी सुनीं, साथ ही यह भी निर्देश दिए कि जनहित को लेकर किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के लोगों की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता में है, इसलिए सरकार चाहती है कि दिल्ली के हर जिले में एक मिनी सचिवालय स्थापित किया जाए, ताकि लोगों को अलग-थलग स्थापित सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। बैठक में डीएम ने जानकारी दी कि इस मसले पर उन्होंने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर रखी है। मुख्यमंत्री ने सभी डीएम को यह भी निर्देश जारी किए कि सभी जिलों में गौशालाओं की स्थापना के लिए उचित भूमि को चिन्हित किया जाए। मुख्यमंत्री की पहली वीडियो कांफ्रेंस में प्रमुख सचिव (सेवा), डिविजनल कमिश्नर, राजस्व व वित्त सचिव भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने इस बात की सराहना की कि शिकायतों के लिए बना सिंगल विंडो सिस्टम, हर सप्ताहांत होने वाली जनसुनवाई व मुख्यमंत्री शिकायत पेटिका को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इसमें लगातार बढ़ोतरी जरूरी है ताकि आमजन को यह आभास हो कि दिल्ली सरकार पूरी गंभीरता से उनकी समस्याओं का निपटारा करने में प्रभावी तरीके अपना रही है। मुख्यमंत्री सभी डीएम की कांवड़ यात्रा में उनकी भूमिका की भी सराहना की और निर्देश दिए कि तीन माह के भीतर कांवड़ समितियों की बकाया पेमेंट का भुगतान हो जाना चाहिए।

## एमसीडी ने रोहिणी में चलाया कूड़े से आजादी का अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हम सभी चाहते हैं कि दिल्ली भी इंदौर की तरह साफ एवं सुंदर बने और इस कार्य को करने के लिए हम सबको सफाई के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा और सभी का सहयोग जरूरी होगा। उत्तर पश्चिम दिल्ली के सासंद योगेंद्र चंदोलिया ने दिल्ली नगर निगम द्वारा रोहिणी जोन में दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान के अंतर्गत रोहिणी के विश्राम चौक से अवंतिका चौक तक प्लॉगिंग रन के आयोजन पर यह संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली को साफ रखने की जिम्मेदारी केवल सफाई कर्मियों की नहीं है यह काम हम सबको मिलकर करना होगा। सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा कि कूड़ा हमेशा कूड़ेदान में डालें एवं सफाई संबंधी समस्या के लिए दिल्ली नगर निगम को सूचना दें। इस अवसर पर सांसद योगेन्द्र चंदोलिया के अलावा, दिल्ली के उप महापौर जयभगवान यादव, स्थानीय पार्षद धर्मबीर शर्मा, कॉमनवेल्थ खेलों के पदक विजेता बॉक्सर मनोज कुमार, उत्तर पश्चिम दिल्ली की डीएम सौम्या सौरभ, रोहिणी क्षेत्र के उपायुक्त प्रेम कुमार मंडल, दिल्ली नगर निगम के अधिकारीगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### सभी सफाई कर्मचारी कर रहें हैं मेहनत : उपमहापौर

दिल्ली के उप महापौर जयभगवान यादव ने कहा कि स्वच्छता अभियान के लिए सभी सफाई कर्मचारी बहुत मेहनत कर रहे हैं और हम उनके लिए काम भी कर रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले ही 343 सफाई कर्मचारी पक्के किए हैं।

जबसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है निरंतर ही कर्मियों और दिल्ली की जनता के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री के आह्वान पर 1 से 31 अगस्त तक सफाई अभियान चलाया जा रहा है और इसी कड़ी में जनता को सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए प्लॉग रन का आयोजन किया गया है।

सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अगस्त माह स्वच्छता संबंधी कार्यों के लिए रखा है जिससे पता चलता है कि दिल्ली सरकार सफाई व्यवस्था के प्रति कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा कि आज इतनी बारिश के बावजूद सभी अधिकारी तैनात है जोकि दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली को साफ व सुंदर रखने के लिए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हरियाणा सरकार

कपास की खेती के लिए सूक्ष्म पोषक तत्वों व एकीकृत कीट प्रबंधन पर अनुदान

बिल अपलोड करने की अंतिम तिथि 20.08.2025





» कपास की अधिक पैदावार व कीटों के बचाव के लिए सूक्ष्म पोषक तत्वों व एकीकृत कीट प्रबंधन अपनाएं एवं 4000 रुपये तक का अनुदान पाएं

» सूक्ष्म पोषक तत्वों व एकीकृत कीट प्रबंधन की कृषि सामग्री पर 50 प्रतिशत या 2000 रुपये प्रति एकड़, जो भी कम हो (अधिकतम दो एकड़ तक) पर अनुदान

» किसान कृषि सामग्री चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की समग्र सिफारिशों के अनुसार/अर्धसरकारी/सहकारी समिति या अधिकृत विक्रेता से खरीदकर विभाग के पोर्टल पर अनुदान के लिए सूक्ष्म पोषक तत्वों व एकीकृत कीट प्रबंधन के बिल विभागीय पोर्टल पर अपलोड करें

अधिक जानकारी के लिए

टोल फ्री नं० 1800-180-2117 या जिला के उप कृषि निदेशक से सम्पर्क करें या क्यू आर कोड को स्कैन करें

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
www.agriharyana.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

खबर संक्षेप

## जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**फरीदाबाद।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संदेश सोलंकी से मिलकर शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जगपाल भड़ाना ने बताया कि 2022 में लगे जेबीटी अध्यापकों को नेशनल बेनिफिट नहीं मिल पाया है। इसके अलावा 2017 में लगे जेबीटी अध्यापकों को अभी तक एसीपी का लाभ नहीं मिला है।जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों की समस्या सुनने के पश्चात जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

## रिटायर्ड कर्मचारी संघ की मीटिंग आयोजित



**फरीदाबाद।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की मीटिंग जिला प्रधान नवल सिंह नरवत की अध्यक्षता में नगर निगम के यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। राज्य के उपप्रधान यूएम खान ने बताया कि इंक्रीमेंट के केस जिन कर्मचारियों के इंक्रीमेंट लगे 6 महीने से अधिक हो गई और वे रिटायर हो गए। उसे कोर्ट से जीत गए थे लेकिन सरकार ने उसे लागू नहीं किया और समय 3 महीने से अधिक हो गया।

## प्रवीन नागर जसाना प्रधान व पंकज खलेरी सचिव



**फरीदाबाद।** एचएसईबी वर्कर यूनियन की ग्रेटर फरीदाबाद यूनिट के हुए चुनाव में सर्वसम्मति से खेड़ी कलां सब डिवीजन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। गठित की गई कमेटी में बिजली कर्मचारियों ने प्रवीन नागर जसाना प्रधान और पंकज खलेरी को सचिव बनाया है। उपप्रधान जितेंद्र और योगेंद्र रावत तथा कोषाध्यक्ष समुंदर चुना गया। जल्द ही कार्यकारिणी का चयन किया जाएगा।

## घर में चोरी करने के मामले में दो गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 85 की टीम ने घर में चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कृष्ण खत्री ने थाना भूपानी में दी शिकायत में आरोप लगाया कि वह 4 जुलाई को अपने परिवार के साथ नेपाल गया था। 18 जुलाई को जब घर पर वापिस आकर देखा तो घर का सामान बिखरा हुआ था और घर से आभूषण, नगदी व एक मोबाइल गायब थे। थाना भूपानी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

## विवाद पर सिक्योरिटी गार्ड पर तानी पिस्टल

**गुरुग्राम।** साइबर सिटी गुरुग्राम की एक हाई-प्रोफाइल रेजिडेंशियल सोसाइटी में कार निकालने को लेकर हुई बहस में एक रेजिडेंट ने सिक्योरिटी गार्ड पर पिस्टल तान दी। सोसाइटी के मुख्य गेट पर हुई इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वहीं मामले में अभी पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है। जिसके चलते फिलहाल मामला दर्ज नहीं हो सका है। पुलिस शिकायतकर्ता से संपर्क करने का प्रयास पुलिस कर रही है।



# जिला प्रशासन ने आयोजित किया तिरंगा मेला एवं भव्य तिरंगा संगीत समारोह

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान जे. विश्वकर्मा द्वारा वन्देमातरम गीत की मनमोहक व सुरीली प्रस्तुति दी । केआरग्रुप द्वारा भगत सिंह के जीवन पर आधारित डांस व नाट्य प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुति को देख उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद में जिला प्रशासन ने रविवार को हर घर तिरंगा के अन्तर्गत तिरंगा महोत्सव, तिरंगा मेला एवं भव्य तिरंगा संगीत समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर सुनीता दयाल के रूप में शामिल हुई। जबकि भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की। अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर तिरंगा मेला में लगी प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। जिला प्रशासन की तरफ से सभी अतिथियों को पौधा व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम में भगत सिंह के जीवन पर प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान जे. विश्वकर्मा द्वारा वन्देमातरम् गीत की मनमोहक व सुरली प्रस्तुति दी गयी। केआरग्रुप द्वारा भगत सिंह के जीवन पर आधारित डांस व नाट्य प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुति को देख उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गयी। इसके बाद ग्रुप द्वारा "सबसे आगे होंगे हिन्दुस्तानी" पर डॉस की प्रस्तुति दी गयी। नीव संस्था की ओर से भागीरथी स्कूल के छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत पर सुन्दर प्रस्तुति दी गयी। श्री विद्या स्कूल द्वारा देश भक्ति गीत पर डांस व ईमानदारी नाट्य की प्रस्तुति की गयी। महापौर ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिला प्रशासन उन्होने पूरे हिन्दी भवन व उसके प्रांगण को तिरंगा मय बना दिया हैं, बहुत ही उत्कृष्ट कार्यक्रम हैं। विभागों एवं स्कूलों द्वारा विभिन्न स्टॉल व प्रदर्शनियां लगायी गयी है। उन्होने विद्यार्थियों द्वारा किये गये कार्यों के बारे में कहा कि हमारे देश के बच्चे—बच्चे में प्रतिभाएं हैं ।

### स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का मिला सौभाग्य

हर घर तिरंगा कार्यक्रम के मद्देनजर सभी को स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिन वीर जवानों ने अपनी जान की प्रवाह न करते हुए हमें आजादी दिलाई है हमें उन्हें कभी नहीं भूलना चाहिए। हमें उनके परिवार के लोगों का भी सम्मान करना चाहिए। हम कहीं भी हो, किसी भी व्यवसाय में हो, हमें पूर्ण ईमानदार व निष्ठा से अपना कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम सिटी विकास कश्यप, जिला विकास अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तवा, चीफ वार्डन सिविल डिफेंस ललित जायसवाल उपस्थित रहे।

## एनओसी रोकने व पुराने को नियमों के अनुसार चलाने की मांग उठी

# नूंह में बूचड़खाने बंद होने तक आंदोलन जारी रहेगा, अगली पंचायत मांदीखेड़ा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नूंह में बूचड़खानों के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। पंचायत में निर्णय लिया गया कि जब तक बूचड़खाने बंद नहीं होते, आंदोलन जारी रहेगा। नए बूचड़खानों की एनओसी रोके जाने और पुराने को नियमों के अनुसार चलाने की मांग उठी।

नूंह में खुल रहे बूचड़खानों को बंद करवाने का विरोध तेज हो गया है। इसको लेकर फिरोजपुर झिरका में पंचायत हुई। जिसमें बूचड़खाने बंद होने तक आंदोलन जारी रखने का फैसला किया गया है। साथ ही नए बूचड़खानों की एनओसी रोकने और पुराने को नियमों के अनुसार चलाने की मांग उठी। मेवात संयुक्त संघर्ष समिति की तरफ से आयोजित पंचायत में नेता, समाज सेवी, धर्म गुरुओं ने हिस्सा लिया। अगली पंचायत गांव मांदीखेड़ा में होगी। चार घण्टे चली पंचायत, 36 बिरादरी ने लिए हिस्सा सोमवार को फिरोजपुर झिरका के मेव भवन में मेवात संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर सुबह 11 बजे से चार घंटे लंबी पंचायत हुई।

### 36 बिरादरी के प्रतिनिधि हुए शामिल




नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन अर्जुनदेव चावला की अध्यक्षता में आयोजित इस पंचायत में 36 बिरादरी के प्रतिनिधि, मौलाना, मुफ्ती, सरपंच और हजारों लोग पहुंचे। बैठक का माहौल बेहद गंभीर और आंदोलनकारी रहा। पंचायत में खुले और प्रस्तावित बूचड़खानों को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया गया। सर्वसम्मति से तय हुआ कि जब तक बूचड़खाने पूरी तरह बंद नहीं हो जाते, आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही, पुराने बूचड़खानों को सरकार के तय मानकों के अनुसार चलाने और नए को आपरेशनल एनओसी नहीं देने की मांग की गई। संस्कृति और पर्यावरण पर खतरे का मुद्दा उठा पंचायत में वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि मेवात की संस्कृति, पर्यावरण, शांति और भूमिगत जल पर बूचड़खानों का गंभीर असर हो रहा है। कानून-व्यवस्था प्रभावित हो रही है और धार्मिक-सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। कई बार सरकार और प्रशासन को ज्ञापन दिए गए, लेकिन कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश है।

### जनता सड़क पर उतरकर विरोध को और तेज करेगी

वक्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कदम नहीं उठाए गए, तो जनता सड़क पर उतरकर विरोध को और तेज करेगी। पंचायत के अध्यक्ष अर्जुनदेव चावला ने कहा कि इस मुद्दे पर मेवात की सभी बिरादरियां एकजुट हों और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए संघर्ष करें। बूचड़खानों से कैंसर फैलने का आरोप सुबह 11 बजे शुरू हुई पंचायत दोपहर ढाई बजे तक चली, लेकिन लोगों के जोश में कमी नहीं आई। पूरे कार्यक्रम में 'बूचड़खाने हटाओ, मेवात बचाओ के नारे लगातार गूंजते रहे। वक्ताओं ने बताया कि बूचड़खानों से कैंसर और टीबी जैसी बीमारियां फैल रही हैं। दुर्गंध के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है और कई लोग पलायन की सोच रहे हैं। समिति के प्रमुख सदस्यों ने अपील की कि मांडीखेड़ा में होने वाली अगली महापंचायत में व्यस्तताओं से ऊपर उठकर शामिल हो।

### एकजुटता से यह लड़ाई जल्दी जीती जाएगी

मौलाना, सरपंच और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ एक वर्ग की नहीं, बल्कि पूरे मेवात की है और इसमें सभी को शामिल होना चाहिए। नसीम अहमद ने समिति से अपील की कि मुद्दे को राजनीतिक रंग न दें और सभी दलों के नेताओं, मंत्रियों और मुख्यमंत्री से मिलकर दबाव बनाएं। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह खुद भी आंदोलन में साथ रहेंगे।

## नगर निगम ने कसा शिकंजा

# 25 से ज़्यादा लोगों के विज्ञापन बोर्ड व रूफ टॉप पर लगे बोर्ड हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम द्वारा शहर की इमारतों अथवा मकानों की छतों के ऊपर लगाए जाने वाले विज्ञापन बोर्डों को हटाने के लिए कार्यवाही शुरू कर दी है। नियमों का पालन न करने वालों पर सख्त कार्यवाही निगम की तरफ से की जाएगी। लगभग 25 से ज्यादा दुकानदारों और सेक्टरों के मकानो की छत से विज्ञापन के बोर्ड नगर निगम द्वारा हटाए गए। निगम के एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल ने हरियाणा सरकार के विज्ञापन बायलॉज के अनुसार यह कार्रवाई कराने के निर्देश दिए हैं।



### हटाने का खर्चा भी भवन मालिक को देना होगा

गौरतलब है कि ऐसे लगभग 100 भवन मालिक अथवा अन्य इमारतों के ऊपर निजी स्तर पर लगाए गए विज्ञापन बोर्ड को हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे लेकिन उन्होंने बोर्ड नहीं हटाए । यह सर्वे जारी रहेगा । विज्ञापन बोर्ड न हटाने पर कार्रवाई निगम द्वारा की जाएगी यही नहीं यदि निगम भवनों के ऊपर लगे विज्ञापन वार्डो को निगम द्वारा हटाया जाता है तो उसका खर्चा भी भवन मालिक को देना होगा। निगम के एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल ने निगम कमिश्नर धीरेंद्र खडगटा के दिशा-निर्देश अनुसार निगम के विज्ञापन विभाग को निर्देश दिये हैं की वे इस दिशा में उचित कार्यवाही करें। उनका कहना है कि शहर को सुंदर बनाना और शहर को विकास की गति देने के लिए सरकार ने ये नियम बनाये हैं। उन्होंने कहा की छतों के टॉप पर विज्ञापन बोड्र्स लगाने के लिए कोई अनुमति सरकार नहीं देती है। निगम के एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल ने बताया कि रूफ टॉप पर विज्ञापन बोर्ड की अनुमति नहीं दी जाती है, निगम एरिया में अपनी दुकान अथवा फर्म के नाम के विज्ञापन के लिए अनुमति ली जाती है।

# आईएएस चयन पर सतवीर मान को जय सेवा फाउंडेशन की ओर से सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जय सेवा फाउंडेशन के संस्थापक विमल खंडेलवाल एवं मंडल बाल कल्याण अधिकारी ने फरीदाबाद के अतिरिक्त उपायुक्त के पद से भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित सतवीर मान को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर और पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

सतवीर मान ने अपने प्रशासनिक कार्यकाल में उत्कृष्ट नेतृत्व और सेवा भावना का परिचय दिया है। विशेष रूप से कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान उन्होंने फरीदाबाद में राहत, स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन और सामाजिक समन्वय में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनकी सक्रियता, त्वरित निर्णय क्षमता और आमजन के प्रति संवेदनशीलता ने उन्हें जनता के बीच एक सम्मानित अधिकारी के रूप में स्थापित किया।

विमल खंडेलवाल ने कहा कि सतवीर मान जैसे अधिकारी समाज के लिए प्रेरणा हैं। उनके साथ कार्य करना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही। संकट के समय उन्होंने जिस तरह से अपनी टीम का नेतृत्व किया, वह प्रशंसनीय है। मुझे विश्वास है कि आईएएस के रूप में भी वे देश और समाज की सेवा में नई ऊंचाइयों को छुएंगे।

मंडल बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री ने भी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि सतवीर मान का अनुभव और सेवा भावना उन्हें एक आदर्श प्रशासक बनाती है। उनका मानना है कि प्रशासनिक पद केवल अधिकार का नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है और सतवीर मान ने इसे अपने कार्यों से सिद्ध किया है।इस अवसर पर मौजूद समाजसेवियों और फाउंडेशन सदस्यों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में भी देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे।

**हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण**

HSVP

पता : सी-3, एचएसवीपी एचक्यू, सेक्टर-6, पंचकूला
वेबसाइट : www.hsvphry.org.in, टोल फ्री नं. : 1800-180-3030
ई-मेल आईडी : caohqhsvp1@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

**06.07.2020 के पश्चात ई-नीलामी के निरस्त किए गए आवासीय प्लॉट्स को नियमित करने के लिए एमनेस्टी स्कीम**

1) एचएसवीपी ने समय-समय पर इसकी ई-नीलामी नीतियों को क्रियान्वित किया है, जिन्होंने संगठन के वित्तीय पुनरोत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। ये नीतियां एचएसवीपी की सम्पूर्ण स्थिरता और विकास के लिए योगदान करने में सम्पत्तियों को नीलाम करने और राजस्व जनरेट करने के लिए एक संरचनात्मक और पारदर्शी व्यवस्था प्रदान करती है।

2) चूंकि, समय-समय पर जारी की गई ई-नीलामी नीतियां आशय पत्र के स्वतः निरस्तीकरण सहित जमा की गई राशि जब्त करना उल्लेखित किया गया, यदि एलओआई के नियम एवं शर्तों के अनुरूप प्लॉट की प्रारम्भ में जमा की गई 25% कीमत के पश्चात ; जोनिंग, विकास कार्य, किश्तों का कार्यक्रम के सम्बन्ध में विवाद तक सीमित नहीं है, समेत किसी कारण के लिए निर्धारित समय के अंदर प्रस्तुत की गई बोली के अनुरूप प्लॉट की 75% कीमत जमा नहीं करवाई जाती है।

3) चूंकि, यह आकलन किया गया कि प्लॉट की कीमत की 75% राशि इस प्रकार नहीं जमा करवाने के कारण, 06.07.2020 के पश्चात समय-समय पर आयोजित की गई ई-नीलामी के माध्यम से बेचे गये बड़ी संख्या में प्लॉट्स निरस्त कर दिये गये जिसके कारण जमा की गई राशि जब्त हो गई और बहुत से मामलों में, ऐसे बोलीदाता या तो आशय पत्र (एलओआई) की बहाली अथवा जब्त की गई राशि की वापसी के लिए याचिका करते हुए एचएसवीपी एक्ट 1977 के तहत माननीय न्यायालयों / प्राधिकरणों के पास पहुंच गये।

4) चूंकि, एचएसवीपी 18% वार्षिक की दर से विलम्ब ब्याज सहित उनकी बकाया राशि जमा करवाने के लिए निर्देशों दिनांक 10.02.2023 और दिनांक 03.05.2023 के तहत 22.06.2021 से 31.03.2023 की अवधि के दौरान ई-नीलामी के माध्यम से बेचे गये प्लॉट के सम्बन्ध में निर्धारित अवधि के अंदर देय राशि जमा करवाने में विफल रह चुके ऐसे बोलीदाताओं को एमनेस्टी स्कीम लागू करके पूर्व में अवसर प्रदान कर चुका था।

5) चूंकि, जब्त की गई राशि, जो कुछ मामलों में बहुत अधिक थी, को वापस मांगने के लिए मुकदमा अमल में लाने के अतिरिक्त, बकाया राशि जमा करवाने के लिए एक बारगी अवसर प्रदान करने के लिए आवासीय प्लॉट्स के बहुत से बोलीदाताओं से कुछ अभ्यावेदन प्राप्त किए गए। इसलिए, प्राप्त किए गए आग्रहों और लम्बित मुकदमों पर भी विचार करते हुए, सभी बोलीदाताओं, जिन्होंने 06.07.2020 के पश्चात से स्कीम की घोषणा तक समय-समय पर आयोजित ई-नीलामी में भाग लिया और आवासीय प्लॉट्स खरीदे थे, को एमनेस्टी स्कीम को लागू करके एक और अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

6) चूंकि, इस स्कीम के तहत लाभ लम्बित मुकदमें के डीहर्स अथवा निर्णित मुकदमे के अन्तिम परिणाम पर लागू होगा। बोलीदाता किसी भी कोर्ट ऑफ लॉ, एचआरईआरए, उपभोक्ता न्यायालय इत्यादि में लम्बित सभी कोर्ट केसों को वापस लेंगे और एचएसवीपी को किन्हीं कानूनी प्रभावों से बचाना होगा।
ऐसे बोलीदाता जो पूर्ववर्ती स्कीम के लाभ उठाने में विफल रहे हैं, भी स्कीम के तहत पात्र होंगे, यद्यपि उन्हें उच्चतर ब्याज दर अर्थात 24% वार्षिक वहन करना होगा।

7) एमनेस्टी स्कीम का लाभ उठाने की विस्तृत शर्तें और संपत्तियां जिसके लिए एमनेस्टी स्कीम प्रारम्भ की गई है, की सूची साइट www.hsvphry.org.in पर उपलब्ध है। यदि कोई बोलीदाता जो पात्रता मानदंड पूर्ण करता है, सूची में उल्लेख करने से रह गया है, को ई-नीलामी सैल के पास इस सूचना के जारी होने के 10 दिन के अंदर सम्पर्क करना होगा। किसी प्रश्न के मामले में, बोलीदाता / आवंटी eauctioncell.hsvp@gmail.com पर इसे भेज सकता है।

दिनांक : 12.08.2025

मुख्य प्रशासक,
हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण,
पंचकूला

संवाद-1083/11/243/2026/37580/सी/88/7 दि. 12.08.25

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री धमेन्द्र स्वामी पुत्र श्री त्रिलोक चन्द सारन निवासी म. नं. 16, तृतीय तल, वेस्ट मुखर्जी नगर, विशाल मार्केट के पास, किंग्सवे कैम्प, दिल्ली–110009, व विजय पेपर मार्ट, 2457, नाईवाड़ा, चावड़ी बाजार, दिल्ली–110006, मोबाईल नं. 9990511551** ने केस **सी.सी नं. 278/2024 अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट थाना लाहोरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री धमेन्द्र स्वामी** मिल नही रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री धमेन्द्र स्वामी** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **सी.सी नं. 278/2024 अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट थाना लाहोरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्री धमेन्द्र स्वामी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**आरुषि परवाल**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
एनआई एक्ट, कमरा नं. 02
तीस हजारी न्यायालय, नई दिल्ली

DP/10681/N/2025
(Court Matter)

**सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : खसरा नं. 62 डी1/3, इंडस्ट्रियल एरिया, राजारामपुर सिकन्दराबाद बुलन्दशहर, यूपी-203205 आईएन
CIN: L17112UP1993PLC022479, Email: samtex.compliance@gmail.com,
Website: www.samtexfashions.com, Ph. No.: 011-49025972

**शेयरधारकों को सूचना**
**(फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रहों के पुनः प्रस्तुतीकरण करने हेतु स्पेशल विंडो)**

सेबी सरकुलर नं. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांक 02 जुलाई 2025 के अनुसरण में, कम्पनी ट्रांसफर डीड्स, जो 01 अप्रैल 2019 से पूर्व दायर किए गए थे **और दस्तावेजों / प्रक्रिया / अथवा अन्यथा में कमी की वजह से निरस्त कर दिये गये / वापस लौटा दिये गये / ध्यान नहीं दिया गया और 31 मार्च 2021 तक पुनः दायर नहीं किए जा सके**, के पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु फिजिकल शेयरधारकों को एक बारगी स्पेशल विंडो पेश करने के लिए प्रसन्न है।

इस स्पेशल विंडो अवधि के दौरान कानूनी रूप से वैध पुनः प्रस्तुतीकरण और फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण हेतु पूर्ण दस्तावेजों (उन आग्रहों समेत जो सूचीकृत कम्पनी/आरटीए के पास उस तिथि तक लम्बित है) पर विचार किया जाएगा और जो शेयर हस्तांतरण हेतु पुनः प्रस्तुत किए जाते हैं, सेबी द्वारा निर्धारित उचित प्रक्रिया को अपनाने के पश्चात केवल डीमैट मोड में जारी किए जाएंगे।

पात्र शेयरधारक अपने हस्तांतरण आग्रहों सहित अपेक्षित दस्तावेज निर्धारित अवधि के अंदर कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट, बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड (आरटीए), बीटल हाउस, तृतीय तल, 99 मदनगीर, एलएससी के पीछे, नई दिल्ली-110062 के पास जमा करवा सकते हैं ई-मेल करें beetalrta@gmail.com अथवा कम्पनी सचिव को यूनिट नं. 137, डीएलएफ प्राइम टावर, एफ-ब्लॉक, ओखला फेज-I, दिल्ली-110020 ई-मेल करें samtex.compliance@gmail.com.

कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
हस्ता/-
अतुल मित्तल
प्रबंध निदेशक

दिनांक : 12.08.2025
स्थान : दिल्ली

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फतेह अली पुत्र** श्री अकरम अली **निवासीः** म.नं. C-103, गली नं. 10, मुल्तानी ढांडा, पहाड गंज, दिल्ली ने **FIR No. 162/19 U/s 420/419/34 IPC. थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **फतेह अली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **फतेह अली** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 162/19 U/s 420/419/34 IPC. थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **फतेह अली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री करनबीर सिंह
जेएमएफसी-02 (मध्य), कमरा नं. 26
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8605/CD/2025
(Court Matter)

**CHANDRA PRABHU INTERNATIONAL LIMITED**
**Regd. Office:** 522, 5th Floor, DLF Galleria Commercial Complex,
DLF City Phase IV, Gurugram, Haryana-122009
**CIN: L51909HR1984PLC133745**
**Email :** info@cpil.com, cs@cpil.com
**Website :** www.cpil.com

**PUBLIC NOTICE -40TH ANNUAL GENERAL MEETING**
(Pursuant to MCA Circular No. 09/2024 dated 19th September, 2024 read with Circular No.20/2020 dated May 5, 2020)

This communication is regarding the Fortieth (40th) Annual General Meeting("AGM") of **Chandra Prabhu International Limited** which will be held on **Wednesday, 10th September 2025 at 11:00 AM (IST)** through Video Conferencing ("VC") facility/other audio-visual means ("OAVM") as permitted by the Ministry of Corporate Affairs('MCA') & Securities and Exchange Board of India('SEBI')regarding the holding of AGM through VC/OAVM without physical presence of the Members at common venue and in due compliance with all the applicable provisions of the Companies Act 2013("The Act") and the rules made thereunder read with General Circular No(s) 14/2020 dated April 8, 2020, 20/2020 dated May 05, 2020, 10/2022 dated 28th December, 2022 & 09/2024 dated 19th September, 2024, and other circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs ('MCA') ("MCA Circulars") and Securities Exchange Board of India (SEBI) Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 dated 12th May, 2020 & SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 dated 7th October, 2023 (collectively referred as 'SEBI Circulars')to transact the businesses as set out in the Notice convening the AGM which will be sent to members through e-mail separately.

The Company has entered into agreement with National Securities Depositories Limited (NSDL), authorized e-voting agency, for facilitating voting through electronic means ('remote e-voting') to enable the members to exercise their right to vote on the resolutions proposed to be passed at the AGM as well as for the members who are present at the AGM VC facility/OAVM and wish to cast their vote during AGM, through e-voting system ("e-voting").The detailed process and manner for attending the AGM and manner of "remote e-voting"and "e-voting" during the AGM for members holding share in physical mode, dematerialization mode and for members who have not registered their email address will be provided in detail in the Notice of the AGM. In case you have any queries or issue regarding remote e-voting /e-voting. you may contact at evoting@nsdl.com or call at 022 - 4886 7000.

Members can attend and Participate in the AGM through the VC facility/OAVM only, the details of which will be provided by the Company in the Notice of the Meeting. Accordingly, please note that no provisions has been made to attend and participate in the 40th AGM of the Company in person to ensure the compliances with the directives issued by the government authorities with respect abovesaid circulars. Members attending the meeting through VC facility/OAVM shall be counted for the purpose of the reckoning the Quorum under Section 103 of the Companies Act, 2013.

The Notice of the AGM along with the Integrated Annual Report 2024-25 will be sent electronically only to those Members whose e-mail addresses are registered with the Company/Registrar & Share Transfer Agent (RTA)/ Depositories. As per the MCA Circular and SEBI Circular, no physical copies of the Notice of the AGM along with the Integrated Annual Report will be sent to any Member.

Additionally, the Notice of AGM along with Integrated Annual Report of the Company for the Financial Year 2024-25 will be available on the website of the Company at www.cpil.com and also the website of the Bombay Stock Exchange on which the shares of the Company are listed i.e www.bseindia.com.

Members who have not yet registered their e-mail addresses are requested to follow the process mentioned below for registering their e-mail addresses to receive the Notice of the AGM and Integrated Annual Report electronically and to receive Login credentials:

a. **For Members who hold shares in Electronic Form and email address not registered:** Members who hold shares in Electronic Form and have not updated their email address/Bank details, please update the details in your demat account as per the process advised by the their Depository Participant(s).

b. i. **For Members who hold shares in Physical Form:** Members who hold shares in Physical Form and have not updated their email address/Bank detail are requested to update the details in prescribed Form ISR-1 and other relevant forms duly filled along with self-attested supporting documents to the Company's RTA i.e M/s Alankit Assignments Limited at rta@alankit.com. Members may download the prescribed forms from the Company's website i.e www.cpil.com & the website of the RTA i.e www.alankit.com.

ii. Pursuant to Master Circular dated 7th May, 2024 & Circular dated 10 June, 2024 issued by SEBI, it shall be mandatory for all the holders of physical securities to furnish PAN, Contact details(Postal Address with PIN and Mobile Number), Bank A/c details, specimen signature for their corresponding folio numbers. Shareholder of such folio wherein any one of the above mentioned documents/details are not updated, shall be eligible:-

- To avail any service request from the RTA only after furnishing PAN & KYC details.
- For any payment including dividend, interest or redemption payment etc in respect of such folios only through electronic mode w.e.f 1st April, 2024

c. For Permanent registration of their e-mail address, Members holding shares in demat form are requested to update the same with their Depository Participant ("DPs") and to Registrar(RTA) in case the Members are holding shares in physical Form.

Any member in case of any query concerning participation in the Annual General Meeting may write to the company at rta@alankit.com or cs@cpil.com.

This notice is being issued for the information and benefit of all the shareholders of the Company in Compliance with the applicable circulars of the MCA and SEBI.

By order of the Board
CHANDRA PRABHU INTERNATIONAL LIMITED
Sd/-
(GAJRAJ JAIN)
CHAIRMAN CUM MANAGING DIRECTOR
DIN- 00049199

Place: GURUGRAM
Date: 12/08/2025

यात्रियों को मिलेगी विश्व स्तरीय सुविधाएं व अत्याधुनिक सुरक्षा

# 9 मंजिला आधुनिक इमारत में तब्दील होगा प्रयागराज स्टेशन

प्रयागराज जंक्शन को 960 करोड़ रुपए की लागत से देश का माडल रेलवे स्टेशन बनाया जा रहा है। वर्ष 2026 तक पूरा होने वाला यह प्रोजेक्ट सुरक्षा सुविधा और तकनीक में हवाई अड्डे जैसा होगा। टिकट ही बोर्डिंग पास होगा और बिना टिकट प्रवेश नहीं मिलेगा। हाईटेक बैगेज स्कैनर और सुरक्षाकर्मी तैनात होंगे।

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

प्रयागराज। भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ते हुए, प्रयागराज जंक्शन को देश का मॉडल रेलवे स्टेशन बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। वर्ष 2026 तक इस स्टेशन का पूर्ण पुनर्विकास पूरा हो जाएगा। इसके बाद यह सुरक्षा, सुविधा और तकनीक के मामले में किसी हवाई अड्डे से कम नहीं होगा। 960 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहा यह प्रोजेक्ट देश के रेलवे स्टेशनों के लिए एक नया मानक स्थापित करेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत स्टेशन को नौ मंजिला आधुनिक इमारत में तब्दील किया जाएगा, जिसमें यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं और अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था मिलेगी।

प्रयागराज जंक्शन पर लागू होने वाली नई व्यवस्था में सबसे उल्लेखनीय बदलाव होगा टिकट प्रणाली में। अब यात्री का टिकट ही उसका बोर्डिंग पास होगा, जैसा कि हवाई यात्रा में होता है। स्टेशन पर प्रवेश के लिए वैध टिकट अनिवार्य होगा, और बिना टिकट के किसी भी व्यक्ति को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी तैनात होंगे

प्रत्येक प्रवेश द्वार पर हाईटेक बैगेज स्कैनर और प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी तैनात होंगे, जो एयरपोर्ट की तर्ज पर यात्रियों के सामान और टिकट की गहन जांच करेंगे। यह व्यवस्था न केवल स्टेशन की सुरक्षा को मजबूत करेगी, बल्कि अवैध प्रवेश और भीड़भाड़ को भी नियंत्रित करेगी।



### हाई-स्पीड वाई-फाई जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी

इस परियोजना की खासियत यह है कि यह देश भर के अन्य रेलवे स्टेशनों के लिए एक माडल के रूप में काम करेगी। प्रयागराज मॉडल को कानपुर, ग्वालियर और अन्य जोनल रेलवे स्टेशन अपने यहां लागू कर सकेंगे। इस प्रोजेक्ट के तहत स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं जैसे विशाल प्रतीक्षालय, स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन, डिजिटल सूचना बोर्ड, और हाई-स्पीड वाई-फाई जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्टेशन को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सौर ऊर्जा और रेनवाटर हार्वेस्टिंग जैसी तकनीकों का उपयोग किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मतदाता अधिकार यात्रा में शामिल होंगे राहुल



**भागलपुर।** लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी 17 अगस्त को सासाराम से मतदाता अधिकार यात्रा की शुरुआत करेंगे। उनका भागलपुर दौरा 22 और 23 अगस्त को संभावित है। कांग्रेसियों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। बाढ़ के कारण वैकल्पिक मार्ग पर विचार किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष परवेज जमाल ने यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। बताया कि जिला कांग्रेस की टीम मुंगेर से भागलपुर की सीमा घोरघट में राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होंगी।

### काशी में चौड़ीकरण के लिए सड़क नापी



**वाराणसी।** महावीर मंदिर चौराहा से टकटकपुर गैस गोदाम होते हुए मीरापुर बसही तक करीब दो किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण (बाइपास सड़क) की जद में आ रहे मकानों पर लोक निर्माण विभाग ने नापी करने के साथ चिह्नित किया। नगर निगम की सड़क को चौड़ी करने का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को दिया गया है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में फतेहपुर की घटना पर विपक्ष के हंगामे के बीच चला सदन

# सरकार सख्त, कानून हाथ में लेने वालों को कड़ी सजा मिलेगी

यूपी विधानमंडल का मानसून सत्र चल रहा है। प्रश्नकाल में स्कूल मर्जर, फतेहपुर की घटना, शिक्षक भर्ती और पत्रकार सुरक्षा के मुद्दों पर विपक्ष ने सरकार से सामने सवाल दागे। सत्ता पक्ष की तरफ से संबंधित मंत्रियों ने उनके जवाब दिए। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में कहा कि कानून हाथ में लेने वालों को सख्त सजा मिलेगी। एफआईआर में 10 नामजद और 150 अज्ञात आरोपी शामिल हैं। कहा कि राज्य सरकार का कोई भी तंत्र इसमें शामिल नहीं है।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी विधानमंडल के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधानसभा में फतेहपुर में हाल ही में घटी घटना को लेकर विपक्ष के सवालों के बीच वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार और उसका कोई भी तंत्र इस घटना में किसी भी प्रकार से शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं और सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जो भी कानून अपने हाथ में लेगा उसको सख्त सजा देने का काम हमारी सरकार करेगी।

*10 लोगों के खिलाफ नामजद और 50 अज्ञात खिलाफ मुकदमा दर्ज*

*10 थानों की पुलिस फोर्स, दो कंपनी पीएसी तैनात की गई*

### रिपोर्ट दर्ज, सख्त धाराओं में मामला पंजीकृत



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे के सवाल का जवाब देते हुए सुरेश खन्ना ने कहा कि इस घटना में सरकार का और सरकारी तंत्र का कोई इनवॉल्वमेंट नहीं है, इसका हम पूरी तरह से खंडन करते हैं। उन्होंने कहा कि घटना के तुरंत बाद 11 अगस्त को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। इस एफआईआर में 10 नामजद आरोपियों के अलावा 150 अज्ञात लोगों को भी शामिल किया गया है। इन सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं धारा 190, 191(2), 191(3), 301, 196 के साथ ही आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम-7 और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा-2,3 के तहत कार्रवाई की जा रही है। ये धाराएं इस बात का संकेत हैं कि सरकार घटना को बेहद गंभीरता से ले रही है और आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

### कानून अपना काम करेगा

सुरेश खन्ना ने कहा कि घटना के संबंध में दर्ज की गई रिपोर्ट से स्पष्ट है कि सरकार अपना काम कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर हाल में लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेन रखना है और किसी भी तरह की अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि विपक्ष इस तरह की घटनाओं को राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहा है, जबकि हकीकत यह है कि पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया और बिना देरी किए कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी।

### क्षेत्र में पुलिस प्रशासन मुस्तैद

मामले की गंभीरता को लेकर योगी सरकार सख्ती से कार्रवाई कर रही है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि जो हिंदुवादी नेता मामले में पुलिस पर दबाव बना रहे हैं, उनका सरकार पर कोई दबाव नहीं है। इसके उलट, सरकार हर कीमत पर कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए प्रयासरत है। इसके तहत, प्रदेश सरकार ने क्षेत्र में 10 थानों की पुलिस फोर्स, दो कंपनी पीएसी और प्रशासन की पूरी टीम तैनात कर दी है। 10 नामजद समेत 160 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों पक्षों से बातचीत कर माहौल सामान्य किया जा रहा है। सरकार का स्पष्ट कहना है कि मामला शांत होने के बाद कार्रवाई का दौर शुरू होगा।

सीएसआर पोर्टल लॉन्च

# बिहार में 5000 करोड़ का सीएसआर फंड का लक्ष्य

एजेंसी ⏭ पटना

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पुराना सचिवालय स्थित मुख्य सभागार में नव विकसित सीएसआर पोर्टल का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि राज्य सरकार पांच हजार करोड़ रुपए का सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) फंड बिहार लाएगी। इस राशि को उपयोगिता और गुणवत्ता के साथ राज्य, समाज, पर्यटन और पर्यावरणीय गतिविधियों पर खर्च किया जाएगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि यह पोर्टल सरकार, कॉरपोरेट जगत, एनजीओ और समाज के बीच मजबूत सेतु का काम करेगा।



### देशभर में सीएसआर पर 50 हजार करोड़ से अधिक खर्च

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में देशभर में सीएसआर पर 50 हजार करोड़ से अधिक खर्च होता है। राज्य में यह राशि मात्र 300 करोड़ है। पारदर्शिता और गुणवत्ता बढ़ने से भविष्य में निश्चित ही यह राशि काफी बढ़ेगी। इससे पहले विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत ने कहा कि सीएसआर पर राज्य में खर्च होने वाली राशि की जानकारी पहले नहीं मिल पाती थी। अब उनकी रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी।

## विजयादशमी को आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष हो रहे पूरे

- पूर्ण गणवेश में दिखेंगे सभी स्वयंसेवक

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस वर्ष विजयादशमी के दिन अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है। संघ चाहता है कि शताब्दी वर्ष के विजयादशमी उत्सव में संघ के सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हों। इस बाबत नए-पुराने स्वयंसेवकों की सूची तैयार कर उनसे संपर्क किया जा रहा है। जो किसी कारण से संघ की शाखा नहीं जा रहे हैं या संघ के कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो पा रहे हैं, वैसे स्वयंसेवकों की सूची तैयार कर गणवेश बनवाने का काम जारी है। इसके लिए सभी नगर, बस्ती और खंडों में संघ के पदाधिकारियों का प्रवास जारी है।



## पेज एक का शेष

### फैसला नंबर...

प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। डॉ प्रवीण मोहपत्रा का मानना है, अंतरराष्ट्रीय तनाव और चुनावी माहौल के बीच इन परियोजनाओं की घोषणा यह संकेत देती है कि सरकार का एजेंडा सिर्फ राजनीतिक बहस तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीन पर विकास के ठोस कार्यों पर भी केंद्रित है। इन फैसलों के दीर्घकालिक प्रभाव होंगे जिनमें, रोज़गार सृजन में तेजी आयेगी तो विदेशी निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा, ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन बनाया जा सकेगा तो भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता में इज़ाफा होगा। अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच केंद्र सरकार का यह कदम संदेश देता है कि विकास और आत्मनिर्भरता के एजेंडे पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी...

भारत की रूस से की जा रही कच्चे तेल की खरीद को लेकर उस पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसके जवाब में भारत ने अमेरिका के सामने न झुकने का तर्क देते हुए कहा है कि वो अपने राष्ट्रीय हितों के रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। देश के किसानों के हितों की सुरक्षा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

### मुनीर ने कुरान की आयत...

बात कही है। वहीं, दूसरी धमकी पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने दी है, जिसमें उन्होंने सिंधु नदी को लेकर कहा कि अगर भारत ने इस पर बांध बनाया तो उसे इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी और फिर युद्ध होगा। मंगलवार को सामने आई कई मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह जानकारी निकलकर सामने आई है। पूर्व में जनरल मुनीर भारत के खिलाफ अपनी परमाणु हमले की धमकी में पाकिस्तान पर संकट की स्थिति में वो अपने साथ आधी दुनिया को लेकर डूबने का बयान दे चुके हैं।

**जामनगर तेल रिफाइनरी का महत्व :** जामनगर रिफाइनरी भारत की कच्चे तेल की निजी क्षेत्र की एक प्रमुख रिफाइनरी है। यह जामनगर के मोतीखावड़ी में स्थित है। रिफाइनरी का स्वामित्व मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के पास है। इसकी सबसे बड़ी खास बात ये है कि यह रिफाइनरी वर्तमान में न केवल भारत की बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी है। जिसकी स्थापना ढाई दशक से भी पहले वर्ष 1999 में 6 लाख 68 हजार बैरल प्रतिदिन की प्रारंभिक क्षमता के साथ हुई थी। जिसके बाद इसका विस्तार हुआ और वर्तमान में रिफाइनरी की क्षमता 18 लाख 40 हजार बैरल प्रतिदिन है। जामनगर रिफाइनरी की वार्षिक क्षमता करीब 33 मिलियन टन कच्चे तेल की प्रोसेसिंग की है। जो देश की कुल क्षमता का लगभग 12 फीसदी है। इसके अलावा ये रिफाइनरी रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों की एक प्रमुख निर्यातक है।

### लोकसभा में जस्टिस वर्मा...

गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए कोई कानून बनाने की योजना नहीं है। त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा लोकसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बघेल ने कहा, ''नहीं। संविधान के अनुच्छेद 246(3) के अनुसार, केंद्र और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों के वितरण के अंतर्गत, पशुओं का संरक्षण एक ऐसा मामला है जिस पर राज्य विधानमंडल को कानून बनाने का विशेष अधिकार है।'' लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान संबंधी दो विधेयकों का अध्ययन कर रही संसदीय समिति का कार्यकाल मंगलवार को शीतकालीन सत्र के अंतिम सप्ताह तक के लिए बढ़ा दिया गया। संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद पी. पी. चौधरी द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यकाल विस्तार के प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया।

### वोट चोरी के आरोप पर...

15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक आमजनों का हस्ताक्षर अभियान चलाकर उन्हे वोटिंग अधिकार बचाने व जागरूकता' अभियान के नाम पर जोड़ने की कोशिश की जायेगी। विषय को विस्तार देने के लिए सांसद सप्तगिरी उलाका ने कहा कि "इस मुद्दे को हर ज़िले और गांव तक पहुंचाना होगा"। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रभारी महासचिव सचिन पायलट ने पूछा कि "भाजपा चुनाव आयोग के लिए क्यों फील्डिंग और बैटिंग कर रही है? गंभीर संदेह है कि वोटर सूची में विसंगतियाँ हैं।" मामला साफ है, बिहार वोटर पुनरीक्षण में खामियों को बताते हुए कांग्रेस पार्टी ने समूचे मुद्दे पर खुल कर राजनीति करने की रूप रेखा बनाई है। सवाल अब चुनाव आयोग से अलग पीएम मोदी पर चस्पां करने की कोशिश है।

**इंडिया गठबंधन की बैठक :** इसी क्रम में, मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक भी हुई, जहां विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर रणनीति बनाई गई। इसमें सोनिया गांधी, शरद पवार, अखिलेश यादव, तथा आम आदमी पार्टी के नेता शामिल रहे । विपक्षी दलों ने कथित 'वोट चोरी' को लोकतंत्र पर हमला बताया है। यह अभियान यह संदेश देता है कि पार्टी संसद के अंदर उठाए गए आरोपों को संकेतिक चरण से जन आंदोलन में बदलने के लिए दृढ़ है।

### हरियाणा सरकार की...

भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। साथ ही, काम में कोताही बरतने या सही तरीके से काम न करने वाली एजेंसी एवं कांट्रेक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाए। बैठक में करनाल नगर निगम में दिव्य नगर योजना के तहत प्रमुख सड़क खंडों के विकास एवं सौंदर्यीकरण, पार्कों और चौकों के आधुनिकीकरण के लिए 15.30 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। इन कार्यों के पूरा होने से न केवल नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक स्थान उपलब्ध होंगे, बल्कि साफ-सुथरे और आकर्षक वातावरण के कारण लोगों के जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। इसी प्रकार डेयरी कॉम्प्लेक्स, कन्हेली रोड, रोहतक में 13.92 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई जिससे स्थानीय गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, गुरुग्राम में श्री माता शीतला देवी श्राइन परिसर के पुनर्विकास के लिए 13.50 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। इन कार्यों से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण प्राप्त होगा। बैठक में स्वच्छता पर विशेष फोकस रखते हुए घर-घर कचरा संग्रहण, सेग्रीगेशन और निस्तारण के संबंध में भी विभिन्न कार्यों को मंजूरी दी गई। इसमें, नरवाना नगर परिषद में 9.18 करोड़ रुपये, नगर निगम रोहतक में 85.90 करोड़ रुपये, नगर निगम यमुनानगर में 21.97 करोड़ रुपये, फतेहाबाद नगर परिषद में 10.45 करोड़ रुपये, नगर निगम हिसार में 56.95 करोड़ रुपये, नगर निगम मानेसर में 64 करोड़ रुपये, टोहाना नगर परिषद में 9.35 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, आपूर्ति एवं निपटान विभाग के महानिदेशक पंकज के अलावा संबंधित नगर निगम आयुक्त और जिला नगर आयुक्त उपस्थित रहे।

### भारत और चीन के...

जारी कवायद के बीच उठाए जाने वाले अहम कदमों में पुनः कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत से लेकर नई दिल्ली से बीजिंग तक सीधी उड़ान सेवाओं के आगाज और दोनों देशों की आम जनता के लिए वीजा सुविधा की बहाली मुख्य रूप से शामिल किए गए थे। कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। भारत ने पिछले महीने ही चीन के नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा की शुरुआत कर दी है। अब सीधी उड़ान सेवाओं के आगाज को लेकर भी सकारात्मक जानकारी सामने आ रही है। पूर्व में रोक से पहले दोनों देशों के प्रमुख महानगरीय शहरों के बीच सप्ताह में करीब दर्जनभर उड़ानें संचालित की जाती थीं। जिनमें दोनों की प्रमुख विमानन कंपनियां बीजिंग, शंघाई, कुनमिंग, ग्वांगझू और नई दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे शहरों के बीच उड़ान भरती थीं।

**गलवान झड़प के बाद बिगड़े कूटनीति संबंध :** यहां बता दें कि 2020 में एलएसी विवाद की शुरुआत के तुरंत बाद पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में हुई खूनी हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के कूटनीतिक संबंध पूरी तरह से पटरी से उतर गए थे। इस झड़प में भारत के 20 सैन्यकर्मी मारे गए थे। जबकि चीन के दो दर्जन से अधिक सैनिक काल के गाल में समा गए थे। एलएसी पर सरहदी तनाव चरम पर जा पहुंचा। दोनों ओर से भारी भरकम हथियारों के साथ सैनिकों की तैनाती बढ़ाई गई। लेकिन इसके बीच विवाद समाधान की कोशिशें भी जारी रही। दोनों तरफ से शीर्ष सैन्य कमांडर मिलते रहे। फिर अंततः पिछले साल चीन के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की द्विपक्षीय मुलाकात के बाद एलएसी विवाद पूरी तरह से समाप्त हुआ। जिसकी औपचारिक रूप से घोषणा भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 21 अक्टूबर 2024 को नई दिल्ली में एक प्रेस वार्ता के दौरान की थी।

### राज्यसभाः आयकर सुधार...

कर कानून में बड़े बदलाव : आयकर विधेयक का उद्देश्य 1961 के पुराने आयकर कानून को आधुनिक रूप देना है। विधेयक में धाराओं की संख्या लगभग 800 से घटाकर 536 (23 अध्याय) कर दी गई है। इसमें कर प्रक्रियाओं को डिजिटल-फर्स्ट और फेसलेस बनाने, ड्राफ्टिंग त्रुटियों को दूर करने, क्रॉस-रेफरेंसिंग सुधारने और रिफंड व कटौती संबंधी प्रावधानों को करदाता-अनुकूल बनाने पर जोर है। नए प्रावधानों के तहत देर से टीडीएस रिफंड, नील-टीडीएस प्रमाणपत्र, मकान संपत्ति पर 30 फीसदी मानक कटौती, और पेंशन छूट जैसे लाभ शामिल हैं। यदि विधेयक दोनों सदनों से पारित होता है तो यह 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा।

### प्रियंका गांधी पर भारी पड़...

नाराजगी जताते हुए कहा था कि समस्या फिलिस्तीन के समर्थन से नहीं है, उन्हें (प्रियंका) आतंकी संगठनों से दूर रहना चाहिए।

**इजरायल के हमले में मारे गए 5 पत्रकार :** दरअसल, कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट की थी। जिसका संदर्भ इजरायल के हमले में हुई अल-जजीरा के पांच पत्रकारों की मौत से जुड़ा हुआ है। प्रियंका ने इसे फिलिस्तीन की धरती पर हुआ एक जघन्य अपराध बताते हुए इजरायल पर नरसंहार करने और 60 हजार से अधिक लोगों की हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया। साथ ही ये भी कहा कि सत्य के लिए खड़े होने वाले लोगों का साहस इजरायल की हिंसा और घृणा से कभी नहीं टूटेगा। ऐसी दुनिया में जहां अधिकांश मीडिया सत्ता व व्यापार का गुलाम है। इन बहादुरों ने हमें बताया कि सच्ची पत्रकारिता क्या होती है? ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।

**मोदी सरकार पर साधा निशाना :** अपनी पोस्ट में प्रियंका गांधी ने यह भी लिखा कि इजरायल ने जिन 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है। उनमें 18 हजार 430 बच्चे भी शामिल थे। लाखों लोगों के सामने भूख से मरने का खतरा पैदा हो गया है। भारत सरकार पर सवालिया निशान लगाते हुए उन्होंने कहा कि चुप्पी और निष्क्रियता से इन अपराधों को बढ़ावा देना अपने आप में एक अपराध है। यह शर्मनाक है कि भारत की सरकार चुप्पी साधे बैठी है। जबकि इजरायल फिलिस्तीन के लोगों पर यह विनाश कर रहा है।

**आंकड़ों से की नरसंहार न होने की पुष्टि :** वहीं, इजरायल के राजदूत ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि बीते पांच दशक में गाजा की आबादी लगभग साढ़े चार सौ फीसदी तक बढ़ी है। वहां पर कोई नरसंहार नहीं हुआ है। हमास के आंकड़ों पर विश्वास मत कीजिए।

# बिहार में शिक्षकों के ट्रांसफर के लिए हर जिले में बनेगी 8 सदस्यीय कमेटी

एजेंसी ⏭ पटना



बिहार में शिक्षकों के ट्रांसफर संबंधी मामलों के निपटारे के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। जिसके तहत हर जिले में 8 सदस्यीय कमेटी बनाई जाएगी, जो शिक्षकों के स्थानांतरण से जुड़े मामलों को देखेगी। जिसके अध्यक्ष जिलाधिकारी होंगे। इस मामले से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है। समिति में जिला शिक्षा पदाधिकारी सदस्य सचिव होंगे। उप विकास आयुक्त, अपर जिला दंडाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), डीएम द्वारा मनोनीत एससी-एसटी, महिला वरीय उप समाहर्ता और अल्पसंख्यक श्रेणी के एक अधिकारी शामिल होंगे। यह समिति जिला के अंदर शिक्षकों का तबादला और पदस्थापन करेगी। अंतरजिला स्थानांतरण मामले पर मुख्यालय को अनुशंसा भेजेगी। साथ ही जिले में खाली पड़े पदों पर तय समय सीमा के भीतर प्रतिनियुक्ति करना भी होगा।

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि पारस्परिक तबादले के विकल्प अभी खुले हुए हैं। समान कोटि के शिक्षक एक दूसरे की जगह स्थानांतरित किए गए हैं। बताया जा रहा है कि शिक्षकों को म्यूचुअल ट्रांसफर की प्रक्रिया का भी खास लाभ नहीं मिल पा रहा है। ज्यादातर मामलों में उपयुक्त साथी (जोड़ा) नहीं मिल पाता है। जिसके चलते इस सुविधा का लाभ नहीं उठा पा रहे और अपने ही जिले या प्रखंड में तबादला नहीं करा पा रहे हैं। ऐसे हर जिले 8 सदस्यीय कमेटी शिक्षकों की तबादले संबंधी समस्याओं को दूर करने का काम करेगी।

मकान निर्माण मामले में कोर्ट का फैसला

# सपा सांसद बर्क 30 दिन में अवैध हिस्से को हटाएं, लगाया जुर्माना

एजेंसी ⏭ संभल

यूपी के संभल में समाजवादी पार्टी से सांसद जियाउर्रहमान बर्क मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। उपजिला मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने बिना नक्शा पास कराए मकान निर्माण मामले सुनवाई की है। एसडीएम कोर्ट ने सांसद बर्क को मकान के 1 मीटर गहराई और 14 मीटर लंबाई वाले हिस्से को अवैध मानते हुए हटाने का निर्देश दिया है। इसके लिए बर्क 30 दिन का अल्टीमेटम भी मिला है। साथ ही कोर्ट ने जुर्माना भी लगाया है। एसडीएम ने बताया कि बर्क से जुड़ा जो मामला विचाराधीन था उस पर मंगलवार को फाइनल ऑर्डर दिया गया है। एक प्रार्थना पत्र उनके द्वारा सुनवाई के दौरान दिया गया है। एक मीटर चौड़ाई और 14.3 मीटर लंबाई को हटाना होगा। इसके अलावा धारा 9 के तहत 1 लाख 35 हजार की पेनाल्टी लगाई है। क्योंकि बिना सूचना दिए और बिना नक्शा पास कराए निर्माण कार्य हो रहा है। साथ ही 30 दिन का समय निर्माण को हटाने के लिए दिया गया है।उधर, संभल में पिछले साल नवंबर में हुई हिंसा के मामले में बर्क को राहत देते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल की विशेष सांसद-विधायक (एमपी-एमएलए) अदालत में बर्क के खिलाफ लंबित मुकदमे में आगे की सुनवाई करने पर शुक्रवार को रोक लगा दी।





# फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की लगी होड़

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर फैन्स का क्रेज दिखने लगा है। फिल्म का फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की होड़ लग गई है। टिकट आउट ऑफ स्टॉक हो रहे हैं और ब्लैक मार्केट में इनकी कीमत आसमना छू रही है। बताया जा रहा है कि पहले शो का टिकट प्राइस 4500 रुपए तक पहुंच चुका है। रजनीकांत के कई फैन्स जिन्हें टिकट नहीं मिल पाया और मायूस हैं। फिल्म कुली ने रिलीज के पहले ही धमाल मचा दिया है। एडवांस बुकिंग में ही 200 करोड़ का प्रॉफिट होने की खबरें आ रही हैं। इस बीच तमिलनाडु से लेकर इंटरनैशनल मार्केट तक थिएटर्स में उनकी फिल्म कुली देखने की धूम मची है।

## लाइफ Style

# भूमि
## बिकिनी में दिए सिजलिंग पोज

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर गोवा से बिकिनी में अपनी शानदार और बोल्ड तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। उनकी ये तस्वीरें गोवा वेकेशन के दौरान की हैं। भूमि की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं।

इस लेटेस्ट पोस्ट की शुरुआत में भूमि पूल के किनारे नीली बिकिनी में नजर आ रही हैं। इन शानदार तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, "वीकेंड की छुट्टी। प्रकृति, खाना और मैं।' यह कॉम्बिनेशन वाकई लाजवाब है। पहली तस्वीर में भूमि कर्वी फिगर और प्यारी मुस्कान में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक और तस्वीर में वह हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच टाइट-फिटिंग ड्रेस में अपने कर्व्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उनके खुले बाल और हल्का मेकअप धूप की रोशनी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही है। एक तस्वीर में भूमि हंसते हुए पकौड़ा पकड़े नजर आ रही हैं।

दूसरी तस्वीरों में वह कभी कैमरे से आंखें मिलाकर बोल्ड लुक देती हैं, तो कभी किताब पढ़ते हुए प्रकृति का आनंद लेती नजर आ रही हैं। भूमि की इस लाजवाब पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'जीवन भर चाय और पकौड़े', एक और फैन ने लिखा, 'बरसात का मौसम', तो वहीं कई फैंस ने भूमि की इन तस्वीरों पर फायर और दिल वाले इमोजी शेयर किए हैं। भूमि पेडनेकर ने यश राज फिल्म्स में सहायक कास्टिंग निर्देशक के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया।




## हॉलीवुड मसाला




# दुनिया का सबसे मनहूस गाना

**लॉस एंजिल्स।** साल 1933 में रेजसो सेरेस नाम के एक संगीतकार ने 'ग्लूमी संडे' गाना लिखा, जिसके दुःखद बोलों के कारण कई लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिससे इसे 'हंगेरियन सुसाइड सॉन्ग' कहा गया। गाने पर बैन लगा, लेकिन 2003 में हटा दिया गया। रेजो सेरेस ने यह गाना तब लिखा था जब उनकी प्रेमिका उन्हें छोड़कर चली गई थी और इसके बोल इतने दुःखद थे कि जिसने भी इसे सुना, वह बहुत दुखी हुआ। कहा जाता है कि यह गाना इतना हृदय विदारक था कि कुछ लोगों ने इसे सुनने के बाद आत्महत्या तक कर ली थी।




# कैंप रॉक की स्टार जोड़ी जो और डेमी फिर साथ

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन पॉप बैंड जोनस ब्रदर्स के 20 साल पूरे होने की खुशी में 'जोनस 20: ग्रीटिंग्स फ्रॉम योर होमटाउन' टूर' का आयोजन किया जा रहा है। अमेरिका में हो रहे इस टूर के पहले ही शो ने फैंस को जबरदस्त सरप्राइज दिया। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में हुए इस कार्यक्रम में जो जोनस की पूर्व प्रेमिका और फेमस सिंगर डेमी लोवाटो की एंट्री ने सभी को चौंका दिया। ये वो ही जोड़ी है जिसने साल 2008 की डिज्नी फिल्म कैंप रॉक में साथ काम किया था और अब वर्षों बाद एक ही मंच पर साथ नजर आई। इस स्पेशल परफॉर्मेंस में डेमी और जो ने गॉटा फाइंड यू, दिस इज मी, वुडन्ट चेंज अ थिंग जैसे क्लासिक गाने गाकर न सिर्फ मंच पर जादू बिखेरा, बल्कि दर्शकों को भी भावुक कर दिया।



# सिद्धार्थ-जान्हवी में दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की रोमांटिक फिल्म परम सुंदरी का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सिद्धार्थ और जान्हवी के बीच जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली है। ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी और ड्रामा की भी झलक देखने को मिली है। ट्रेलर की शुरुआत सिद्धार्थ और जान्हवी के चर्च में बातें करने से होती है। जहां दोनों एक-दूसरे उनके पास्ट के बारे में पूछते हैं। फिल्म में सिद्धार्थ परम के किरदार में हैं, जो दिल्ली का रहने वाला है। जबकि जान्हवी कपूर के किरदार का नाम सुंदरी है, जो केरल की रहने वाली है। ट्रेलर में केरल की खूबसूरती देखने को मिली है। कुछ एक सीन में सिनेमैटोग्राफी काफी खूबसूरत मालूम पड़ती है। 2 मिनट 40 सेकंड के इस ट्रेलर में जान्हवी और सिद्धार्थ के बीच एक अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिली है।



# जॉली एलएलबी-3 का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इस बार फिल्म में दोनों जॉली नजर आएंगे और एक-दूसरे का मुकाबला करते दिखेंगे। टीजर काफी मजेदार लग रहा है। जिसमें अरशद वारसी और अक्षय कुमार के अलावा सौरभ शुक्ला भी नजर आए हैं। 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत केस की सुनवाई के अनाउंस के साथ होती है। जिसमें जगदीश त्यागी उर्फ जॉली फ्रॉम मेरठ यानी अरशद वारसी का नाम पुकारा जाता है। इसके बाद अरशद वारसी स्कूटर पर सवार और फिर कोर्ट में दिखाई देते हैं। फिर एंट्री होती है एक बार फिर जज के किरदार में नजर आने वाले सौरभ शुक्ला की। इसके बाद डिफेंस के वकील के रूप में एंट्री होती है जगदेश्वर मिश्रा उर्फ जॉली फ्रॉम लखनऊ यानी अक्षय कुमार की।

## टीवी मसाला



# कर्नल सोफिया ने बताया क्यों करना पड़ा ऑपरेशन सिंदूर

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 के साथ धमाकेदार वापसी कर चुका है। इंडिपेंडेंस स्पेशल एपिसोड में ऑपरेशन सिंदूर की हीरो कर्लन सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली होंगी। एपिसोड का प्रोमो आ चुका है। चैनल ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें कर्नल सोफिया कुरैशी बताती हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर क्यों करना पड़ा। क्लिप में दिखाई दे रहा है कि कर्नल सोफिया कुरैशी बोलती हैं, पाकिस्तान ये करता चला जा रहा है तो जवाब देना बनता था सर। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर प्लान किया गया। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली अपना परिचय देती हैं और बताती हैं कि वे तीनों केबीसी के स्वतंत्रता दिवस स्पेशल एपिसोड में आएंगी। उनकी एंट्री दिखाई देती है इसमें अमिताभ बच्चन भारत माता की जय का नारा लगता हैं। उनके साथ दर्शक भी जोश में दिखाई देते हैं। केबीसी 17 सीजन की शुरुआत 11 अगस्त को हो चुकी है। शो को फिर से अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। अब फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड 2 लोग जीतेंगे। फिर उनको आपस में कॉम्पीट करना होगा। जो जीतेगा वही हॉटसीट पर बैठेगा।

## कपिल ने खींची उदित नारायण की टांग

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में उदित नारायण समेत कई सिंगर्स बतौर गेस्ट बनकर आए। इस दौरान सभी ने कपिल के



साथ खूब मस्ती की और वहीं उदित नारायण के फैन को किस करने वाले इंसिडेंट पर भी मजाक बनाया। अब अपकमिंग एपिसोड में म्यूजिक इंडस्ट्री के कई पॉपुलर सिंगर्स आने वाले हैं, जिसमें विशाल ददलानी, शेखर रवजियानी, शान और नीति मोहन शामिल हैं। सभी साथ में स्वतंत्रा दिवस सेलिब्रेट करेंगे। इस दौरान कपिल, उदित नारायण के किस वाले किस्से पर भी बात करते हैं। दरअसल, शो में शान अपनी जर्नी के बारे में बात करते हैं विशाल के साथ क्योंकि दोनों ने साथ में डेब्यू किया था। वहीं फिर कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक और सुनील ग्रोवर की परफॉर्मेंस सबको हंसा देती है। कपिल फिर उदित के फैन को किस करने वाले किस्से पर उनकी टांग खींचते हैं। कपिल बोलते हैं, 'शान भाई और उदित सर दोनों हंसते-हंसते गाते हैं।



# काजोल-ट्विंकल के शो में मेहमान बनकर आएंगे सलमान और आमिर

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना साथ में मिलकर शो लेकर आ रहे हैं 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। इस शो की गेस्ट लिस्ट को लेकर अब तक कोई जानकारी तो नहीं आई थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि इस शो में बॉलीवुड के 2 बड़े स्टार्स आने वाले हैं और वो हैं सलमान खान-आमिर खान। सलमान और आमिर सेट पर मौजूद थे और दोनों ने एपिसोड की शूटिंग की। हालांकि, इस बारे में शो के मेकर्स की तरफ से कोई ऑफिशियल कमेंट नहीं आया है। बता दें कि सलमान और आमिर ने साथ में कल्ट क्लासिक फिल्म दी है और वो है अंदाज अपना अपना जो साल 1994 में रिलीज हुई थी। वहीं, शो टू मच विद काजोल और ट्विंकल की बात करें तो यह शो काफी कैंडिड और बोल्ड होने वाला है। रिपोर्ट्स आई थीं कि शाहरुख, सलमान, आमिर, अजय देवगन, अक्षय कुमार गेस्ट बनकर आएंगे। काजोल और ट्विंकल के ह्यूमर की बात करें तो दोनों हमेशा बेबाकी से बात करते हैं। दोनों काफी बातें करती हैं। जब शो की अनाउंसमेंट हुई थी तब अक्षय ने लिखा था, पहले ही डर गया हूं दोनों को साथ देखकर पोस्टर में, शो में पता नहीं क्या हंगामा होगा। वहीं अजय ने लिखा था, गेस्ट लोग, हमेशा स्ट्रॉन्ग रहना।

# *बॉलीवुड के सबसे दमदार कैमियो रोल, थिएटर्स में जमकर बजीं सीटियां और तालियां...*

*__मुंबई।__ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर-2 कैमियो अपीयरेंस की वजह से सुर्खियों में है। अगर प्लेसमेंट सही हो तो, गेस्ट अपीयरेंस फिल्म को जबरदस्त बूस्ट दे जाते हैं।*

*__पठान में सलमान खान :__ फिल्म पठान में सलमान खान के कैमियो ने इस मूवी को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त बूस्ट दिया था। शाहरुख खान लंबे वक्त बाद एक्शन मूवी में लौटे थे, और टाइगर के किरदार में सलमान खान की एंट्री ने माहौल जमा दिया था।*

*__टाइगर-3 में शाहरुख खान :__ क्योंकि वीआरएफ ने स्पायवर्स में सलमान खान (टाइगर) के साथ शाहरुख खान (पठान) को जोड़ दिया था, इसलिए जब सलमान की टाइगर-3 आई, तो इसमें शाहरुख खान पठान के किरदार में नजर आए।*



*__सिंबा में अजय देवगन :__ रणवीर सिंह ने जब कॉप यूनिवर्स में बतौर सिंबा एंट्री ली, तो इस मूवी में अजय देवगन का दमदार कैमियो हिट हो गया। अजय देवगन की एंट्री पर फिल्म में खूब तालियां पड़ी थीं।*

*__पीके मूवी में रणवीर सिंह :__ फिल्म पीके'में रणवीर सिंह का कैमियो रोल था। फिल्म के आखिर में जब वह आमिर खान के साथ नजर आए तो लोगों का एक्साइटमेंट लेवल पीक पर पहुंच गया।*

*__ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित:__ रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित का कैमियो थिएटर्स में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। फिल्म को इससे बॉक्स ऑफिस पर भी फायदा मिला।*

*__डॉन-2 में ऋतिक रोशन :__ फिल्म डॉन में ऋतिक रोशन का डॉन के अवतार में नजर आना सिनेमाघरों में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। जब मास्क के पीछे ऋतिक रोशन नजर आते हैं तो यह सीन लोगों को काफी सरप्राइजिंग लगा था।*

*__इंग्लिश विंग्लिश में अमिताभ बच्चन :__ दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म इंग्लिश विंग्लिश में जब अचानक अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई तो यह काफी सुकून देने वाला सीन था, जो दर्शकों को काफी पसंद आया।*

## अंधेरे में देख कांप जाएगी रूह, द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स कर देगी सोचने पर मजबूर

# धमाकेदार होगा ये हफ्ता, रिलीज होंगे 9 फिल्में-सीरीज

*__मुंबई।__ हमेशा की तरह इस बार दर्शकों को इस हफ्ते फिल्में और सीरीज के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। इस बार भी नेटफ्लिक्स, सोनी लिव, जिओ हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं।*

**डॉग मैन** : डॉग मैन 2025 में रिलीज होने वाली एक अमेरिकी एनिमेटेड सुपरहीरो कॉमेडी फिल्म है, जो डेव पिल्की की बच्चों की ग्राफिक उपन्यास श्रृंखला पर आधारित है। यह कैप्टन अंडरपैंट्स: द फर्स्ट एपिक मूवी (2017) का स्पिन-ऑफ और कैप्टन अंडरपैंट्स फ्रैंचाइजी की दूसरी फिल्म है। इसे ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने प्रोड्यूस किया है।





**सारे जहां से अच्छा** : सारे जहां से अच्छा गौरव शुक्ला द्वारा निर्मित एक आगामी एक्शन थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस सीरीज को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। प्रतीक गांधी, सनी हिंदुजा, सुहैल नैयर, कृतिका कामरा, तिलोत्तमा शोम, रजत कपूर और अनूप सोनी अभिनीत यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर 13 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**कोर्ट कचहरी** : पवन मल्होत्रा, आशीष वर्मा और पुनीत बत्रा अभिनीत, यह आगामी राजनीतिक ड्रामा सीरीज परम माथुर पर आधारित है। ये एक ऐसे युवक पर बनी है, जो अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने और एक जर्जर जिला अदालत में वकालत करने के लिए मजबूर है, जहां सत्ता और पैसे के आगे कानून नतमस्तक है। इस सीरीज को मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर 13 अगस्त 2025 को ऑनलाइन रिलीज होगी।

**द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स** : कोरिया में हुई कुछ सबसे भयावह घटनाओं में बच निकले लोगों के किस्से आपके रोंगटे खड़े कर देंगे। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज 15 अगस्त को रिलीज होगी जो आपको सोचने पर मजबूर कर देगी।

**अंधेरा** : हॉरर और सुपरनैचुरल कहानियों में दिलचस्पी रखने वालों के लिए प्रिया बापट, करणवीर मल्होत्रा, प्राजक्ता कोली और सुरवीन चावला की नई वेब सीरीज 'अंधेरा' में बहुत कुछ है। आठ एपिसोड की इस सीरीज में खौफ का कुआं है। पुलिस की जांच है और हत्याएं हैं। अंधेरा 14 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**एलियन: अर्थ** : एलियन: अर्थ,एलियन ब्रह्मांड पर आधारित नई साइंस फिक्शन सीरीज है। यह साइंस-फिक्शन हॉरर सीरीज रिडले स्कॉट की एलियन (1979) की घटनाओं से ठीक दो साल पहले की है। यह उस घटना के बाद की कहानी है जब एक अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। सिडनी चैंडलर और आदर्श गौरव अभिनीत, यह सीरीज जियो हॉस्टार पर 13 अगस्त को रिलीज होगी।

**क्वांटम लीप** : अगर टाइम ट्रेवल और क्वांटम फिजिक्स वाले कॉन्सेप्ट की फिल्में व सीरीज पसंद हैं तो 14 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर क्वांटम लीप का नया सीजन आने जा रहा है।

**तेहरान** : तेहरान, अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें जॉन अब्राहम, नीरू बाजवा और मानुषी छिल्लर मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 2012 में इजराइली पर हुए हमलों पर आधारित है। तेहरान 14 अगस्त को जी5 पर रिलीज होगी।

**लव इज ब्लाइंड** : लव इज ब्लाइंड का पहला सीजन को लोगों ने खूब पसंद किया। ऐसे में अब इसके दूसरे सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। ये सीरीज 13 अगस्त को रिलीज होगा।

### सीएम डॉ. यादव की अगुआई में ग्वालियर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

# सेना के पराक्रम के सम्मान में हर घर तिरंगा अभियान : मुख्यमंत्री

## तिरंगा यात्रा से लोगों में उठीं देशभक्ति के जज्बे की हिलोरें

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेना के पराक्रम को नमन करने के लिए 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत वीर सपूतों, बलिदानियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती ग्वालियर में आयोजित देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है।

गर्व की बात है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने इस बार पाकिस्तान में आतंकवादियों को मारने के साथ उनके विमान और अस्त्र-शस्त्र नष्ट करने का साहसिक काम किया है। डॉ. यादव की अगुआई में राजमाता विजयाराजे सिंधिया चौराहा से विशाल तिरंगा यात्रा निकली। मुख्यमंत्री खुले वाहन पर सवार होकर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के



### महापुरुषों की वेशभूषा में आए बच्चों पर पुष्प बरसाए

तिरंगा यात्रा शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री डॉ यादव ने राजमाता विजयाराजे सिंधिया चौराहे पर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में महापुरुषों की वेशभूषा में आए बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया। तिरंगा यात्रा सिटी सेंटर, पटेल नगर, गांधी रोड़ व आकाशवाणी तिराहे से होते हुए राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय पहुंची। इसका एक वृहद हिस्सा आकाशवाणी तिराहे से ठाठीपुर, कुम्हरपुरा व शहीद गेट होते हुए बारादरी मुरार तक पहुंचा। डॉ यादव ने तिरंगा यात्रा के सम्मान में खड़े लोगों एवं प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा कर उत्साहवर्धन किया।

### सम्पूर्ण यात्रा मार्ग हुआ तिरंगामय

तिरंगा थामकर बाइकर्स, सैन्य व पुलिस बल के जवान, एनसीसी की विंग, भूतपूर्व सैनिक, विद्यार्थी, दिव्यांग, जनप्रतिनिधि, शासकीय,सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि निकले तो सम्पूर्ण यात्रा मार्ग तिरंगामय हो गया। बीच-बीच में विभिन्न स्थानों पर बने मंचों पर गूंज रहे आजादी के तराने व भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत रंगारंग कार्यक्रमों से लोगों में देश भक्ति का जज्बा हिलोरें लेने लगा।

### बीयू सहित तीन विश्वविद्यालयों के साथ होगा क्रिस्प का एमओयू

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री आज क्रिस्प के स्थापना दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


राज्यपाल मंगुभाई पटेल और सीएम डॉ. मोहन यादव मंगलवार को दोपहर 12 बजे कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में क्रिस्प के 29वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर मंत्री इंदर सिंह परमार, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल, प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मनीष सिंह और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। प्रबंध संचालक क्रिस्प डॉ. श्रीकांत पाटिल ने बताया की क्रिस्प के 29वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा योजना और सक्षम योजना के तहत टू व्हीलर सर्विस असिस्टेंट एवं शोरूम एडवाइजर प्रशिक्षित हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही नई साझेदारियों के लिए बीयू भोपाल, डीएवी, इंदौर और क्रान्ति सूर्य टंट्या भील विवि, खरगोन के साथ एमओयू किया जाएगा। क्रिस्प कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मप्र शासन की एक संस्था है, जो 28 वर्षों से कौशल विकास, औद्योगिक प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और तकनीकी शिक्षा के

## मुख्यमंत्री स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल में करेंगे ध्वजारोहण

» मंत्रियों को भी जिले किए गए आवंटित

» उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जबलपुर में, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल शहडोल में करेंगे ध्वजारोहण

» 28 जिला मुख्यालयों पर मंत्रीगण करेंगे ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ पर 15 अगस को प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राजधानी भोपाल में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों के नाम संदेश देंगे। जबकि उप मुख्यमंत्री मंत्री जगदीश देवड़ा जबलपुर में और राजेंद्र शुक्ल शहडोल में ध्वजारोहण करेंगे। मंत्री विजय शाह रतलाम, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सतना, प्रहलाद सिंह पटेल भिण्ड, राकेश सिंह नर्मदापुरम, करन सिंह वर्मा मुरैना, उदय प्रताप सिंह बालाघाट में ध्वजारोहण करेंगे। इसीतरह मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके मंडला, तुलसीराम सिलावट बुरहानपुर, एदल सिंह कंसाना छतरपुर, निर्मला भूरिया मंदसौर, गोविंद सिंह राजपूत नरसिंहपुर, विश्वास सारंग खरगांन, नारायण सिंह कुशवाह ग्वालियर, नागर सिंह चौहान अलीराजपुर, प्रदुम्न सिंह तोमर पांढुर्ना और राकेश शुक्ला श्योपुर में ध्वजारोहण

### यह मंत्री इन जिलों में करेंगे ध्वजारोहण

मंत्री चैतन्य काश्यप राजगढ़, इंदर सिंह परमार दमोह, कृष्णा गौर सीहोर, धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी खंडवा, दिलीप जायसवाल सीधी, गौतम टेटवाल बड़वानी, लखन पटेल मउगंज, राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार रायसेन, नरेन्द्र शिवाजी पटेल बैतूल, प्रतिमा बागरी डिंडोरी, राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार अनूपपुर और राज्यमंत्री राधा सिंह मैहर में ध्वजारोहण करेंगे। शेष जिलों में संबंधित जिले के कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे।

### 6.42 ग्राम प्रतिबंधित हेरोइन और तीन मोबाइल जब्त

## महिला समेत तीन तस्कर को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नेहरू नगर स्थित बूढ़ातालाब कंटेनर के पास से एक महिला समेत तीन लोगों को 6.42 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) के साथ रंगेहाथ पकड़ा।

आरोपियों से तीन मोबाइल फोन भी बरामद हुए, जिनकी कीमत करीब 1.20 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों में संजय नगर निवासी मोहम्मद जाहिद (33), साहिल रज़ा (25) और नेहरू नगर निवासी अफजिया अख्तर उर्फ मेहक (21) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी इलाके में हेरोइन बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे थे। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर की गई। इससे पहले भी टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क के 9 आरोपियों को 412 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया था, जिसमें पंजाब के अंतर्राज्यीय तस्कर भी शामिल थे। पुलिस का कहना है कि इस तरह की कार्रवाइयों का मकसद अंतर्राज्यीय सप्लायर और स्थानीय नेटवर्क के गठजोड़ को तोड़ना है। फिलहाल आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

## भारत का संविधान न डॉ. आंबेडकर ने लिखा और न राव ने, बल्कि इसकी रूपरेखा अंग्रेज वायसराय लॉर्ड वेवेल ने रखी थी : डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

भारत का संविधान किसने लिखा और किसने बनाया, इस विषय पर ग्वालियर में सोमवार को एक नई बहस और विचार सामने आया है। जिसके तहत जानकारी दी गई है कि एकात्मक मानव दर्शन की नींव रखने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय ने संविधान लिखते समय एक नई परिभाषा और विचार दिए थे, जिसे अब संशोधन के माध्यम से जोड़ा जा सकता है, क्योंकि भारत का संविधान एक लचीला संविधान है।



**खारिज किया तथ्य**

इसके अलावा ग्वालियर में आयोजित इस एकात्मक मानव दर्शन हीरक जयंती समारोह में मुख्य वक्ता डॉ. महेश चंद्र शर्मा ने इस तथ्य को खारिज कर दिया है कि भारतीय संविधान डॉ. भीमराव आंबेडकर या बीएन राव ने लिखा था। वक्ताओं का कहना था भारतीय संविधान किसी ने नहीं बल्कि भारतीय संविधान की रूपरेखा एक अंग्रेज लॉर्ड वेवेल ने तैयार की थी।

### ग्वालियर में ही 60 साल पहले शुरू हुआ था

एकात्मक मानव दर्शनग्वालियर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मक मानव दर्शन की शुरुआत ग्वालियर में ही 60 वर्ष पूर्व हुई थी, इसी उपलक्ष्य में ग्वालियर में सोमवार को एकात्मक मानव दर्शन हीरक जयंती समारोह का आयोजन किया गया, जिसका आयोजन एकात्मक मानव दर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के द्वारा किया गया था।

### देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने में बड़ी भूमिका निभाएगा मप्रः जिराती

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती ने विदेशों को होने वाले निर्यात में मप्र की रैकिंग 15 से 11वें स्थान पर पहुंचने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार में मप्र तेजी से विकास और समृद्धि की राह पर कदम बढ़ा रहा है तथा देश को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने में मप्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जिराती ने उद्योगों के क्षेत्र में हासिल इस उपलब्धि के लिए सीएम डॉ. मोहन यादव को बधाई देते हुए कहा कि सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास और नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने संकल्पित है।

## जादू-टोने के शक में युवक की हत्या



**सुकमा।** थाना केरलापाल अंतर्गत ग्राम बोरगुड़ा पोंगभेज्जी में जादू-टोना के शक में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार घटना 11 अगस्त 2025 की है, जिसकी सूचना थाने में प्राप्त होते ही टीम मौके पर रवाना हुई। मृतक की पहचान किसके हिंगा पिता भीमा के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और प्रारंभिक जांच की। जांच में पता चला कि मृतक पर जादू-टोना करने का आरोप लगाया गया था। इसी शक के चलते गांव के ही कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए संदेह के आधार पर गांव के दो आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद दोनों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है और आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। थाना प्रभारी केरलापाल ने बताया कि इस मामले की विवेचना सूक्ष्मता और गंभीरता से की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जादू-टोना जैसे अंधविश्वास के कारण होने वाली घटनाओं पर रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है।

### नाले में मिला अज्ञात ग्रामीण का शव

**रायगढ़।** जिले में एक नाले में एक अज्ञात ग्रामीण की लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को अस्पताल भेजते हुए उसकी शिनाख्त में जुट गई है। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अमृतपुर के खर्राघाट के पास स्थित कोरजा नाला में आज सुबह झाड़ियों में एक अज्ञात शख्स की लाश मिली है। मृतक की उम्र करीब 50 से 55 साल के आसपास है जो सफेद रंग का सैंडो और मटमैले कलर का बरमुडा पहना हुआ है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि दो दिनों से यहां के नाले का बहाव काफी तेज था, जिससे आशंका जताई जा रही है गांव के ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेते हुए अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **रजिया उर्फ रजनी पत्नीः** संदीप उर्फ विजय **पताः** मकान नंबर 5369 श्रद्धानंद मार्ग कोठा नंबर 56 (जी.बी. रोड) अजमेरी गेट दिल्ली, ने **FIR No. 515/23, U/s 370/370A/376 IPC & 3/4/5/6 ITP ACT थानाः कमला मार्केट, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रजिया उर्फ रजनी** मिल नहीं रही हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रजिया उर्फ रजनी** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 515/23, U/s 370/370A/376 IPC & 3/4/5/6 ITP ACT थानाः कमला मार्केट, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **रजिया उर्फ रजनी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
**DP/10668/CD/2025** जेएमएफसी–12 कमरा नंबर 264 दूसरी मंजिल
**(Court Matter)** तीस हजारी कोर्ट

**THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT**

**"E-Tender Notice"**

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of Items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1. | Supply, dismantling of old tubes, fabrication and erection of new tubes along with trial (Air Pre Heater) of boilers no. 1. | 2025_HBC_464509_1 |
| 2. | Purchase of iron steel. (Tata/SAIL Make). | 2025_HBC_464554_1 |
| 3. | Re-Shelling and De-Shelling of under feed rollers with grooving as per our drawings and specification. | 2025_HBC_464567_1 |
| 4 | Purchase of pipe and pipe fittings. | 25_HBC_464578_1 |
| 5. | Rate contract for dynamic balancing and Thickness Checking related various type of jobs. | 2025_HBC_464582_1 |
| 6. | Contract of chipping, cleaning & painting various jobs of Off season 2025-26. | 2025_HBC_464593_1 |

All the tenders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 18.08.2025 at 10.00 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 19.08.2025 at 9:00 A.M. and the negotiation will be held on 19.08.2025 at 12:30 PM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

**Managing Director,
The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd.,
Sonipat**

**एसबीईसी शुगर लिमिटेड**

रजि. कार्यालयः ग्राम लोयन मलकपुर, तहसील बड़ौत, जिलाः बागपत, उत्तर प्रदेश–250611
सीआईएनः L15421UP1991PLC019160
दूरभाषः 01234–259206 फैक्सः91–1234–259200
ई–मेलः investors@sbecsugar.com, वेबसाइटः www.sbecsugar.com

**30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अ–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का सारांश**

(रुपये लाख में)

| क्रम सं. | विवरण | स्टैंडअलोन तिमाही समाप्त 30.06.2025 अलेखापरीक्षित | स्टैंडअलोन तिमाही समाप्त 30.06.2024 अलेखापरीक्षित | स्टैंडअलोन वर्ष समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षित | समेकित तिमाही समाप्त 30.06.2025 अलेखापरीक्षित | समेकित तिमाही समाप्त 30.06.2024 अलेखापरीक्षित | समेकित वर्ष समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल आय | 11940.20 | 14,071.06 | 62157.73 | 11989.91 | 14125.17 | 63100.79 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले, अपवाद और/या असाधारण मदें) | (2338.35) | (975.52) | (1178.61) | (2604.91) | (1232.90) | (1770.95) |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले (अपवाद और/या असाधारण मदों और सहयोगियों के लाभ/हानि के हिस्से के बाद) | (2338.35) | (975.52) | (1178.61) | (2604.91) | (1232.90) | (1770.95) |
| 4 | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) अपवाद और/या असाधारण मदों के बाद) | (2338.35) | (975.52) | (1178.61) | (2604.91) | (1232.90) | (1860.77) |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इस अवधि के लिए लाभ/(हानि) सहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (2347.13) | (977.57) | (1213.74) | (2613.59) | (1235.02) | (1895.47) |
| 6 | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 |
| 7 | पिछले वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | | | (10872.40) | | | (10444.67) |
| 8 | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (जारी और बंद परिचालन के लिए) | | | | | | |
| | क. मूल | (4.91) | (2.05) | (2.47) | (5.47) | (2.59) | (3.90) |
| | ख. तनुकृत | (4.91) | (2.05) | (2.47) | (5.47) | (2.59) | (3.90) |

टिप्पणियाँ:
1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही समाप्त वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा और अनुशंसा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 12 अगस्त, 2025 को आयोजित अपनी–अपनी बैठकों में अनुमोदित किया गया है।
3. वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड–एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं, जिन्हें कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम (संशोधित) के साथ पढ़ा गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
हस्मा/–
उमेश कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं सभापति
डीआईएनः 00002757

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 12.08.2025

**सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय एवं वर्क्स : खसरा नं. 62, डी1/3 इंडस्ट्रीयल एरिया, राजारामपुर, सिकंद्राबाद, बुलंदशहर, यू.पी. 203205 आईएन
CIN: L17112UP1993PLC022479 Email: samtex.compliance@gmail.com, Website: samtexfashions.com, Ph. No.: 011-49025972

**30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(शेयरों और ईपीएस को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही जून 30, 2025 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही जून 30, 2024 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही मार्च 31, 2025 अंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त वर्ष मार्च 31, 2025 अंकेक्षित | समेकित समाप्त तिमाही जून 30, 2025 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त तिमाही जून 30, 2024 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त तिमाही मार्च 31, 2025 अंकेक्षित | समेकित समाप्त वर्ष मार्च 31, 2025 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | - | - | 0.07 | 0.22 | 0.51 | - | 1.40 | 3.13 |
| 2 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | -10.08 | -8.72 | -7.00 | -29.57 | -12.40 | -11.73 | -3.18 | -39.56 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | -10.08 | -8.72 | -7.00 | -29.57 | -12.40 | -11.73 | -3.18 | -39.56 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | -10.08 | -8.72 | -7.00 | -29.57 | -12.40 | -11.73 | -3.18 | -39.56 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [कर के बाद अवधि हेतु निहित लाभ/हानि और कर के बाद अन्य व्यापक आय] | -10.08 | -8.72 | -6.98 | -29.23 | -13.05 | -11.71 | -3.01 | -28.08 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1490 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1490 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | | | | -1,490.56 | | | | -25455.57 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) बेसिक | -0.01 | -0.01 | -0.01 | -0.04 | -0.02 | -0.02 | -0.01 | -0.04 |
| 9 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) डायल्यूटेड | -0.01 | -0.01 | -0.01 | -0.04 | -0.02 | -0.02 | -0.01 | -0.04 |

टिप्पणी :
1. सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के अनुसार, उपरोक्त परिणाम कम्पनी के अंकेक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन किए गए हैं और समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है तथा 12 अगस्त 2025 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए।
2. ये परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (Ind AS) तथा लागू सीमा तक अन्य मान्यताप्राप्त अकाउंटिंग प्रैक्टिसेज और नीतियों के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
3. अन्तिम अवधियों के आंकड़े वर्तमान तिमाही के वर्गीकरणों की पुष्टि के लिए, जहां आवश्यक हुआ रिग्रुप्ड कर लिये गये हैं।
4. सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टाक एक्सचेंज के पास दायर किए गए तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। समेकित एवं स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.samtexfashions.com पर भी उपलब्ध है और ये नीचे दिये गये क्यूआर कोड के माध्यम से देखे भी जा सकते हैं।

कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
हस्ता/–
अतुल मित्तल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00223366

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 12.08.2025

## चिंतन

# उच्च 'डिजिटेक' उद्योग में मजबूत हो रहा भारत

भारत को डेड इकोनॉमी कहे जाने के बीच केंद्र सरकार ने चार सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सेमीकंडक्टर निर्माण क्षेत्र में ताइवान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया व चीन जैसे देशों पर निर्भरता कम करने और प्रतिद्वंद्वी आर्थिक ताकतों को टक्कर देने के लिए भारत तेजी से इस डिजिटल टूल इंडस्ट्री में कदम बढ़ा रहा है। तीन राज्यों ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में चार सेमीकंडक्टर उद्योग लगेंगे, जिस पर 4594 करोड़ रुपये खर्च होंगे। चार प्लांट्स की मंजूरी के साथ अब 6 राज्यों में लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ 10 सेमीकंडक्टर प्लांट्स हो गए हैं। ये प्रोजेक्ट्स भारत सेमीकंडक्टर मिशन योजना के हिस्सा हैं। भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग में विकास की अपार संभावनाएं हैं। सरकार की नीतियों, घरेलू मांग, और वैश्विक साझेदारी के साथ, भारत सेमीकंडक्टर विनिर्माण और डिजाइन में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने की राह पर है। अभी भारत सेमीकंडक्टर के लिए आयात पर निर्भर हैं। दूरसंचार, ऑटोमोटिव, डेटा सेंटर्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स में सेमीकंडक्टर की मांग लगातार बढ़ रही है। विश्व में अभी जिस प्रकार से टैरिफ वार का दौर चल रहा है और औद्योगिक कलपुर्जे को ट्रेडकूटनीति का हथियार बनाया जा रहा है, उसमें भारत को उच्च तकनीक वाले हर क्षेत्र में महारत, आत्मनिर्भरता हासिल करनी होगी। चीन ने दुर्लभ खनिज का निर्यात भारत को रोक दिया, तो अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। भारतीय सेमीकंडक्टर बाजार 2023 में लगभग 38 अरब डॉलर का था और 2030 तक 100-110 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सरकार ने सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत 76,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जिसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर डिजाइन, निर्माण और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। भारत, अमेरिका और जापान जैसे देशों के साथ प्रौद्योगिकी साझेदारी कर रहा है, जिससे प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और स्थानीयकरण को बढ़ावा मिलेगा, पर भारत को ताइवान की विशेषज्ञता का लाभ उठाना चाहिए। भारत में 140 करोड़ से अधिक लोगों की आबादी है, जो सेमीकंडक्टर के लिए एक बड़ा घरेलू बाजार प्रदान करती है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, और सेमीकंडक्टर इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि भारत में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कुशल इंजीनियरों और डिजाइनरों की कमी है। भारत ने वर्ष 2021 में सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सेमीकंडक्टर, डिस्प्ले विनिर्माण और डिज़ाइन पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश करने वाली कंपनियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। भारत के लिए सेमीकंडक्टर निर्माण का रणनीतिक महत्व है। आगे चलकर उच्च तकनीक वाले उद्योग में सेमीकंक्टर की अहम भूमिका के चलते भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए इस क्षेत्र में मजबूत बनना होगा। आर्थिक विकास को गति देने के लिए सेमीकंडक्टर निर्माण क्षमता हासिल करना जरूरी है, इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और निर्यात के अवसर खुलेंगे। भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक वैश्विक सेमीकंडक्टर बाज़ार में 10 फीसदी हिस्सेदारी प्राप्त करना है। भारत अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का लगभग 65-70 फीसदी आयात मुख्य रूप से चीन से) करता है। स्थानीय विनिर्माण क्षमता स्थापित करने से इस निर्भरता को कम किया जा सकता है। भारत चौथी औद्योगिक क्रांति जिसे उद्योग 4.0 के रूप में भी जाना जाता है, को अपना रहा है जिसमें सेमीकंडक्टर की प्रमुख भूमिका है। देश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में अग्रणी बनने की क्षमता है।



पांच वर्ष पूरे
प्रणय कुमार

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अभी चुनौतियां बाकी

> राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 अब पांच वर्ष पूरे कर चुकी है। यह स्वतंत्र भारत की तीसरी और 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है। यह केवल प्रमाणपत्र दिलाने वाली शिक्षा नहीं, बल्कि शोध, नवाचार, कौशल, सहयोग, समावेशन और आत्मनिर्भरता के सहारे विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। यह शिक्षा को जीवन-पर्यंत सीखने की प्रक्रिया मानते हुए उसकी परिभाषा ही बदल देती है। फिर भी चुनौतियां मौजूद हैं, सकल नामांकन अनुपात के लक्ष्यों को पाने के लिए संसाधनों, प्रशिक्षित मानवबल और ठोस कार्ययोजना की आवश्यकता है। डिजिटल विभाजन समाप्त करना और शिक्षक-छात्र अनुपात को संतुलित करना आने वाले वर्षों की प्राथमिकताएं होनी चाहिए।

उनतीस जुलाई 2020 को घोषित राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 अब पांच वर्ष पूरे कर चुकी है। यह स्वतंत्र भारत की तीसरी और 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है। 1968 में दौलत सिंह कोठारी और 1986 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अध्यक्षता में बनी नीतियों के बाद यह सबसे बड़ा बदलाव है। इसका मसौदा अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में तैयार हुआ और अभूतपूर्व जनभागीदारी से गुज़रा। दो लाख ग्राम पंचायतों, छह हजार ब्लॉकों एवं शहरी निकायों और 676 जिलों से लाखों सुझाव आए। लंबी विचार-प्रक्रिया और गहन विमर्श के बाद यह नीति अपने समय की सबसे व्यापक, संतुलित और दूरदर्शी रूप में सामने आई।

पिछली नीतियां मुख्यतः शिक्षा में समान अवसर और समता पर केंद्रित थीं, लेकिन 2020 की नीति दृष्टिकोण को और गहरा करती है। यह केवल प्रमाणपत्र दिलाने वाली शिक्षा नहीं, बल्कि शोध, नवाचार, कौशल, सहयोग, समावेशन और आत्मनिर्भरता के सहारे विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। यह शिक्षा को जीवन-पर्यंत सीखने की प्रक्रिया मानते हुए उसकी परिभाषा ही बदल देती है। अपने देश में विद्यालयों में नामांकन और उपस्थिति बढ़ाना दशकों से चुनौती रहा है। लाखों बच्चे बीच में पढ़ाई छोड़ने को विवश होते रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने इस चुनौती को स्वीकारते हुए 2030 तक पूर्व-प्राथमिक से कक्षा 10 तक 100 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात और 2035 तक उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत लक्ष्य तय किया। 'निपुण भारत मिशन' के तहत कक्षा 3 तक के बच्चों में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक कौशल 2025 तक सार्वभौमिक बनाने का संकल्प लिया गया है। इस नीति ने प्राथमिक शिक्षा को रोचक और व्यवहारिक बनाने के लिए 'जादुई पिटारा' जैसी पहलें शुरू कीं। कार्ड, कहानियां, दृश्य-श्रव्य सामग्री के ज़रिये बच्चों में सीखने की ललक जगाई। यह सामग्री 22 भाषाओं में ई-प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

पहली बार कक्षा 6 से ही व्यावसायिक, तकनीकी और अन्य कौशलों को औपचारिक शिक्षा का अंग बनाया गया है। अटल नवाचार मिशन के तहत 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब स्थापित हो चुकी हैं, जिन्हें 50,000 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। डिजिटल संसाधनों का उपयोग इस नीति का मजबूत आधार है। 'पीएम ई-विद्या', 'दीक्षा', 'विद्या समीक्षा केंद्र', 'ई-पाठशाला', 'स्वयं', 'स्वयं प्रभा', 'समर्थ', 'निष्ठा', 'राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय' और 'राष्ट्रीय शैक्षिक भंडार' जैसे मंचों ने गुणवत्ता-युक्त सामग्री गांवों-कस्बों तक पहुंचा दी है। शिक्षकों के प्रशिक्षण और पेशेवर विकास पर भी विशेष बल है। 'राष्ट्रीय पेशेवर मानक' (एनपीएसटी) ने शिक्षक की भूमिका को केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें विद्यार्थियों के व्यक्तित्व-निर्माता के रूप में सशक्त किया है। नीति का मातृभाषा-केंद्रित दृष्टिकोण उल्लेखनीय है। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा या स्थानीय भाषा में शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा, साहित्य, कला और संस्कृति को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। एनसीईआरटी ने 117 भाषाओं में मातृभाषा और बहुभाषा-आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया है। विद्यार्थियों पर परीक्षा का दबाव घटाने के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2025–26 से कक्षा 10 की बोर्ड



परीक्षा वर्ष में दो बार देने का विकल्प दिया है। 'परख' नामक समग्र रिपोर्ट कार्ड में अब केवल अंक नहीं, बल्कि नैतिकता, रचनात्मकता, सहयोग और संवेदनशीलता का भी मूल्यांकन होगा। दशकों पुरानी 10+2 प्रणाली को बदलकर 5+3+3+4 की नई संरचना लागू हुई है।

कक्षा नर्सरी से 2 तक फॉउंडेशनल चरण, 3 से 5 तक प्रीपरेटरी चरण, 6 से 8 तक मिडिल तथा 9 से 12 तक सेकंडरी चरण में स्कूली शिक्षा को बांटा गया है। विद्यालयी से लेकर उच्च शिक्षा तक विद्यार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स और नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क की व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को पढ़ाई, पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप एवं कौशल के आधार पर क्रेडिट अंक दिए जाते हैं। बीच में पढ़ाई बाधित होने पर भी विद्यार्थियों के खाते में ये क्रेडेंसिलय बने रहेंगे और बाद में पढ़ाई पुनः आरंभ कर उन्हें बढ़ाया भी जा सकता है। इसी क्रम में चार वर्षीय स्नातक डिग्री कार्यक्रम में कभी भी प्रवेश (मल्टीपल एंट्री) और कभी भी निकास (मल्टीपल एग्जिट) की सुविधा दी गई है, जिससे विद्यार्थियों का समय, धन और परिश्रम व्यर्थ न जाए। एक वर्ष की पढ़ाई पर प्रमाणपत्र, दो वर्ष पर डिप्लोमा, तीन वर्ष पर ऑनर्स और चार वर्ष पर ऑनर्स विद रिसर्च की डिग्री प्राप्त होगी। शोध एवं अनुसंधान में रुचि रखने वाले विद्यार्थी सीधे चार वर्षीय स्नातक के बाद इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा तथा स्टेम शिक्षा में शोध व अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप योजना (पीएमआरएफ) प्रारंभ की गई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अनुसंधान राष्ट्रीय रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और प्रयोगशालाओं में अनुसंधान व नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दुहरी डिग्री और बहुविषयक पढ़ाई को प्रोत्साहन दिया गया है। किसी भी संकाय का पात्र उम्मीदवार उच्च शिक्षा में कोई भी विषय लेकर पढ़ाई कर सकता है। शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में भी ठोस कदम उठाए गए हैं।

भारत के प्रतिष्ठित संस्थान विदेशों में परिसर खोल रहे हैं और विदेशी विश्वविद्यालय भारत में अपने परिसर स्थापित कर रहे हैं। इन विश्वविद्यालयों के भारत आने से विद्यार्थियों को देश में रहकर ही वैश्विक स्तर की शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, विश्वविद्यालयों के मध्य परिणाम व कार्य-संस्कृति को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा का वातावरण बनेगा तथा विदेश जाने की आवश्यकता एवं आर्थिक भार दोनों कम होंगे। यह स्पष्ट है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दृष्टि और ऊर्जा का संचार किया है। संरचनात्मक बदलाव लागू हो चुके हैं, नई पुस्तकें और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म तैयार हैं, और नामांकन के साथ-साथ सीखने के परिणामों में भी सकारात्मक सुधार हुआ है। उच्च शिक्षा के नामांकन में भी आशातीत सुधार हुआ है। उच्च शिक्षा में 2014-15 में जहां 3.4 करोड़ विद्यार्थी पंजीकृत थे, वहीं 2022-23 के आंकड़े के अनुसार 4.46 करोड़ विद्यार्थी पंजीकृत हैं। फिर भी चुनौतियां मौजूद हैं, सकल नामांकन अनुपात के लक्ष्यों को पाने के लिए संसाधनों, प्रशिक्षित मानवबल और ठोस कार्ययोजना की आवश्यकता है। डिजिटल विभाजन को समाप्त करना, ग्रामीण क्षेत्रों में अवसंरचना सुदृढ़ करना और शिक्षक-छात्र अनुपात को संतुलित करना आने वाले वर्षों की प्राथमिकताएं होनी चाहिए। वास्तव में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 केवल शिक्षा सुधार का दस्तावेज़ नहीं है, बल्कि यह भारत को ज्ञान-आधारित, आत्मनिर्भर और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने का विस्तृत खाका है।

(लेखक शिक्षाविद एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।



वोकल फॉर लोकल
डॉ. मोनिका शर्मा

# स्वदेशी सामानों से जुड़ी सांस्कृतिक विरासत

बीते दिनों अमेरिका ने भारत समेत 70 देशों के निर्यात पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा की। हमारे यहां भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ को लेकर चर्चा जारी है। सुखद है कि इन दिनों स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने का रुख भी मुखर है। ध्यातव्य है कि इन्हीं दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने भी देशवासियों से 'स्वदेशी का संकल्प' लेने और 'मेक इन इंडिया' उत्पादों को अपनाने की अपील की थी। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि 'भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है, तो देशवासियों को स्वदेशी उत्पादों का समर्थन करना ही होगा। आर्थिक विकास की यह यात्रा तब तक अधूरी है, जब तक देश का हर नागरिक, हर व्यापारी और हर नेता 'लोकल फॉर वोकल' के मंत्र को आत्मसात नहीं करता।' विचारणीय है कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद का केवल आर्थिक पक्ष नहीं है। देश में बने सामान को प्राथमिकता देना हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने से भी जुड़ा है। अधिकतर परंपरागत उत्पाद भारत के किसी न किसी हिस्से की सांस्कृतिक थाती का प्रतिनिधित्व करते हैं। अपने देश में बने सामान बहुत सी परंपरागत कलाओं सहेजते हैं। स्थानीय उत्पादों की खपत स्थानीय उद्योगों के विकास को भी बल देती है। इनका उपयोग सीधे-सीधे हमारे हस्तशिल्प को बढ़ावा देता है। दूर-दराज़ के क्षेत्रों में बसे लोगों को भी रोजगार मिलता है। एक अकेले हथकरघा उद्योग से ही देश में 3.5 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। स्वदेशी उत्पादों का उपयोग हर नागरिक को अपने आंगन से और गहराई से जोड़ता है। श्रमशील कारीगरों की मेहनत के प्रति आमजन में मान करने का भाव जगाता है। इसी पहलू को संबोधित कराते हुए पीएम भी जागरूक उपभोक्ता बनने का आग्रह करते हुए कह चुके हैं कि हम जो भी खरीदें, हमें खुद से पूछना चाहिए, क्या इसे बनाने में किसी भारतीय ने मेहनत की है? अगर यह हमारे लोगों के पसीने से, उनके कौशल से बना है, तो वह उत्पाद हमारे लिए स्वदेशी है। समझना कठिन नहीं कि आर्थिक बेहतरी से जुड़ा यह पक्ष हर मोर्चे पर हमारी सांस्कृतिक विरासत के रंगों को पोसने वाला भी है। भारत में आज़ादी के संग्राम से समय से स्वदेशी सामानों की खरीद की वकालत की जाती रही है। बीते कुछ बरसों से चल रही 'वोकल फॉर लोकल' की मुहिम ने देश में बने उत्पादों को लेकर लोगों को जागरूक भी किया है। नागरिकों में एक दायित्व बोध के भाव को बल दिया है। दशक भर पहले देश में खादी उत्पादों की बिक्री 30 हजार करोड़ रुपये से भी कम हुआ करती थी। हालिया आंकड़ों के अनुसार यह सवा लाख करोड़ रुपये के करीब है। आमजन की सजगता का ही परिणाम है कि देश में परंपरागत खिलौनों की खरीद भी बढ़ी है। विदेशी खिलौनों की खरीद करीब 70 प्रतिशत घटी है। नई पीढ़ी जीवन के पहले ही पड़ाव मिट्टी, लकड़ी और कपड़े के खिलौनों के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू हो रही है। असल में वोकल फॉर लोकल के अभियान से न केवल स्वदेशी सामानों की गुणवत्ता बढ़ी है बल्कि तकनीक के चलते बहुत से शिल्पकार स्थानीय बाजार के अलावा ऑनलाइन बाजार में भी सामान उपलब्ध करवा रहे हैं। भारत ही नहीं विदेश में बसे उपभोक्ता भी देश के हर हिस्से की कलात्मक चीज़ें खरीद सकते हैं। गौरतलब है कि स्वदेशी उत्पादों में परंपरा के रंग ही नहीं नवाचार की रौनक भी जुड़ गई है। परंपरागत व्यवसाय की संस्कृति वाले हमारे देश में यह स्थिति रोजगार, कला, श्रम के सम्मान और सामाजिक-आर्थिक समानता से जुड़े हर पक्ष पर परिवर्तन लाने वाली है। निस्संदेह, स्वदेशी वस्तुओं को भी अपनाने का आह्वान अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत के लिए संजीवनी के समान है। 140 करोड़ आबादी वाले हमारे देश में स्वदेशी वस्तुओं की खरीद को प्राथमिकता देना बड़ा बदलाव ला सकता है। भारतीय उपभोक्ताओं की सजगता और समझ देश को इस बाजार आधारित परावलंबन से आज़ादी दिला सकती है। भारत के उत्पाद, सेवाएं व विशेष ब्राण्ड का क्रय करना हर तरह की कला और सांस्कृतिक जीवन के संवर्द्धन से जुड़ा है। ऐसे में भारत में बने सामानों की खरीद किसी क्षेत्र में विशेष में कौशल रखने वाले कारीगरों के श्रम को सम्मान देने और अनमोल विरासत को बचाने वाला कदम भी है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।


## मित्रता मुश्किल समय के लिए एक भरोसा



संकलित
प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### मिलावट : मुंह में नहीं जमीर में घुला जहर

मिलावट अब केवल खाने–पीने तक सीमित नहीं रही, यह हमारे सोच, संबंध और व्यवस्था तक में घुल चुकी है। मूंगफली में पत्थर हो या दूध में डिटर्जेंट, यह मुनाफाखोरी की संस्कृति का विस्तार है। उपभोक्ता की चुप्पी, सरकार की ढील और समाज की 'चलता है' मानसिकता ने इसे स्वीकार्य बना दिया है। मिलावट एक नैतिक संकट है, जो धीरे–धीरे शरीर ही नहीं, आत्मा को भी बीमार कर रहा है। जब तक ईमानदारी को समर्थन और सच्चाई को स्पेस नहीं मिलेगा, तब तक हर दाना शक के दायरे में रहेगा और हर निवाला जहर जैसा लगेगा। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है। हर उत्पाद के साथ–साथ संवेदनाएं, ईमानदारी व नैतिकता भी प्रदूषित हो रही हैं। *– प्रकाश जैन, धमतरी*

## करंट अफेयर

# न्यूयॉर्क के नृत्य महोत्सव में 15 अगस्त को मनेगा इंडिया डे

न्यूयॉर्क शहर के सबसे लंबे समय से जारी सार्वजनिक नृत्य महोत्सव में इस साल 15 अगस्त को भारत के स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसका केंद्र बिंदु होगा 'शक्ति', यानी स्त्रीत्व की दिव्य ऊर्जा। दुनिया भर के विभिन्न नृत्य दलों को एक मंच पर लाने वाला 44वां वार्षिक 'बैटरी डांस फेस्टिवल' 12 अगस्त से 16 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को महोत्सव में 'इंडिया डे' का आयोजन होगा। इसमें 'शक्ति– दिव्य ऊर्जा' नामक एक कार्यक्रम पेश किया जाएगा, जिसमें वैश्विक कलाकार नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्त्रीत्व के सार और रचनात्मकता को सम्मान देंगे। बैटरी डांस के संस्थापक और कलात्मक निदेशक जोनाथन हॉलैंडर ने 'पीटीआई–भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, 'पिछले दो वर्षों में हमने 'पुरुष' यानी पुरुष नर्तकों पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित किया था और इस साल हमने इसे बदलते हुए 'शक्ति, दिव्य ऊर्जा' पर विशेष जोर दिया है।' 'इंडिया डे' कार्यक्रम को न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और भारतीय स्टेट बैंक, न्यूयॉर्क की ओर से अनुदान के माध्यम से सहयोग प्राप्त है।



## ऑफ बीट

# ओजेम्पिक दवा से नेत्र रोग का जोखिम बढ़ सकता है

'ओजेम्पिक', 'वेगोवी' और 'मौंजारो' जैसी दवाओं ने दुनिया भर में चिकित्सकों द्वारा मधुमेह और मोटापे के प्रबंधन के तरीके को बदलकर रख दिया है। इन दवाओं को सेमाग्लूटाइड और टिरजेपेटाइड के नाम से भी जाना जाता है। ये दवाएं हमारे शरीर में जीएलपी–1 हार्मोन के प्रभाव की तरह ही काम करती हैं। ये दवाएं भूख और भोजन की इच्छा, दोनों को सीमित करती है, जिससे लोगों को वजन कम करने और रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। हालांकि आज (मंगलवार को) प्रकाशित दो नए अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि इन दवाओं को इस्तेमाल करने वाले लोगों में गंभीर नेत्र रोगों और दृष्टि हानि का जोखिम थोड़ा बढ़ सकता है। अगर आप ये दवाएं ले रहे हैं या लेने पर विचार कर रहे हैं, तो आपके लिए यह जानना आवश्यक है। 'नॉन–आर्टेरिटिक एंटीरियर इस्केमिक ऑप्टिक न्यूरोपैथी' (एनएआईओएन) एक असामान्य, लेकिन गंभीर नेत्र रोग है और यह तब होता है, जब ऑप्टिक तंत्रिका में रक्त का प्रवाह अचानक कम हो जाता है या अवरुद्ध हो जाता है। इसे 'नेत्र आघात' भी कहते हैं। इस दुर्लभ बीमारी 'एनएआईओएन' का सटीक कारण अब तक स्पष्ट नहीं है और वर्तमान में इसका उपचार भी उपलब्ध नहीं है।



## ट्रेंड

### सेमीकंडक्टर निर्माण

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में सेमीकंडक्टर निर्माण इकाइयों की स्थापना को मंजूरी दी है, जिसके लिए 4,600 करोड़ रुपये का निवेश स्वीकृत किया गया है। भारत सेमीकंडक्टर निर्माण में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**



### राहुल के झूठ का मकसद

काफी समय से कांग्रेस सत्ता से बाहर है, तो राहुल गांधी झूठ बोलकर, जनता को गुमराह कर सत्ता हासिल करने को कोशिश कर रहे हैं...' राहुल के हर झूठ का मकसद क्या है, ये जनता बखूबी जान चुकी है!

**-डॉ. मेधा कुलकर्णी, राज्यसभा सांसद**



### साम्प्रदायिक तनाव रोकें

यू.पी. के ज़िला फतेहपुर में मक़बरा व मन्दिर होने को लेकर चल रहे विवाद पर सरकार को किसी भी समुदाय को ऐसा कोई भी क़दम नहीं उठाने देना चाहिये जिससे वहाँ साम्प्रदायिक तनाव पैदा हो जाये तथा आपसी भाईचारा व सद्भाव भी बिगड़े। ज़रूरत पड़ने पर सख़्त क़दम भी उठाये।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**



### अधिकार की लड़ाई

आज जब हम चुनाव आयोग से मिलने जा रहे थे, गठबंधन के सभी सांसदों को रोका गया और हिरासत में लिया गया। यह लड़ाई राजनीतिक नहीं - यह लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति, एक वोट' के अधिकार की रक्षा की लड़ाई है।

**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# अब पुराने वाहन के मालिकों पर नहीं होगी कोई दंडात्मक कार्रवाई

## सुप्रीम कोर्ट ने दी दिल्ली एनसीआर के नागरिकों को खुशखबर, आदेश तय समय तक ही लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के साथ ही एनसीआर के शहरों के पुराने वाहन मालिकों के लिए खुशखबर है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने हालिया आदेश कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के मालिकों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालांकि सर्वोच्च अदालत का यह आदेश तय समय के लिए ही लागू होगा। सर्वोच्च अदालत यह आदेश तब दिया जब दिल्ली सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत से ओल्डएज वाहनों पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं किए जाने का आदेश पारित करने पर विचार करने की गुजारिश की।पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, सर्वोच्च अदालत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस विनोद के चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने अपने ताजा आदेश में कहा कि दिल्ली-एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल वाहनों और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के मालिकों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी।

### पहले तो कारें 40-50 साल तक चलती थीं



सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पहले कारें 40 से 50 साल तक इस्तेमाल की जाती थीं। आज भी विंटेज कारें हैं। नोटिस जारी करिए। इस पर 4 हफ्तों में जवाब दीजिए। इस दौरान कथित तौर पर ओवर एज हो चुके वाहनों के मालिकों के खिलाफ इस आधार पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए कि उनके डीजल वाहन 10 साल पुराने हो चुके हैं जबकि पेट्रोल वाहन 15 साल पुराने हैं। इस मामले को 4 हफ्तों बाद के लिए लिस्ट करें।

### सॉलिसिटर जनरल मेहता बोले

### इस संबंध में कोई जबरदस्ती नहीं की जानी चाहिए



सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस मामले में अपनी दलील में कहा कि मेरे पास एक गाड़ी है। मैं इसका इस्तेमाल कोर्ट से घर और वापस कोर्ट आने-जाने के लिए करता हूं। 10 साल बाद भी यह गाड़ी महज 2000 किलोमीटर ही चली होगी। वहीं यदि कोई इसे टैक्सी के लिए इस्तेमाल करता तो यह 2 साल में ही 1 लाख किलोमीटर तक जल जाती। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने अपनी दलील में कहा कि मुझे अपनी गाड़ी इसलिए बेचनी होगी क्योंकि यह 10 साल पूरी कर चुकी है लेकिन 1 लाख किलोमीटर चल चुकी गाड़ी (जैसे कोई टैक्सी) चलती रहेगी। पुलिस का काम तो गाड़ियों को जब्त करना है। ऐसी परिस्थितियों में पुराने या ओवरएज हो चुके वाहनों के संबंध में कोई जबरदस्ती नहीं की जानी चाहिए।

# सट्टेबाजी एप से 2000 करोड़ की ठगी, कई राज्यों में ईडी के छापे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय ने 'अवैध' सट्टेबाजी एप के संचालन से संबंधित धन शोधन मामले की जांच के तहत मंगलवार को कई राज्यों में छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि इस ऐप के जरिये लोगों से कथित तौर पर 2,000 करोड़ रुपए की ठगी की गई है। सूत्रों ने बताया कि 'परीमैच' नाम के ऐप के खिलाफ मामले में मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, जयपुर, मदुरै (तमिलनाडु) और सूरत (गुजरात) में कम से कम 15 परिसरों में छापेमारी की जा रही है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराओं के तहत दर्ज यह मामला मुंबई साइबर पुलिस द्वारा 2024 में दर्ज की गई एक प्राथमिकी पर आधारित है। सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पता चला कि यह राशि जालसाजों ने 'म्यूल खातों' (अपराधियों द्वारा अवैध धन शोधन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले) में एकत्रित की थी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनीश कुरेशी पुत्र राशिद कुरेशी पताः मकान नं. एफ–19, गली नं.24, ओल्ड मुस्तफाबाद नॉर्थ इस्ट जिला दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 041001/2019 धारा 379/382/411 भा.द.स. के तहत** थानाः द्वारका नार्थ, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अनीश कुरेशी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अनीश कुरेशी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 041001/2019 धारा 379/382/411 भा.द.स. के तहत थाना द्वारका नार्थ, दिल्ली के उक्त अनीश कुरेशी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
नीतिका कपूर
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06
कमरा–514, पॉचवा तल
द्वारका जिला कोर्ट, नई दिल्ली

DP/9203/DW/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजय सिंह पुत्र राजवीर सिंह पताः 29/375, त्रिलोकपुरी, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 176/2019 धारा 380 भा.द.स. के तहत** थानाः मण्डावली, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विजय सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विजय सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 176/2019 धारा 380 भा.द.स. के तहत थानाः मण्डावली, दिल्ली के उक्त विजय सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सचिन
न्यायिक दण्डाधिकार प्रथम श्रेणी–03
पुर्वी जिला, कोर्ट नं.16
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/10012/ED/2025

### संसद में 'वन मैन, वन वोट' के सिद्धांत पर सियासी टकराव चरम पर

# राहुल बोले- वोट के अधिकार को छीन रहे तिवारी ने कहा-कांग्रेस मात्र 'भ्रम फैला रही

### कांग्रेस नेता ने कहा- मेरे पास सबूत मौजूद तो भाजपा ने कहा-फर्जी वोटर हटाए जा रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में इस समय लोकतंत्र की बुनियाद माने जाने वाले 'वन मैन, वन वोट' के सिद्धांत पर सियासी टकराव अपने चरम पर है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी नेएक बार फिर चुनाव आयोग को घेरते हुए गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान की बुनियाद 'वन मैन, वन वोट' के सिद्धांत पर रखी गई है, यानी हर नागरिक को सिर्फ एक ही बार वोट डालने का अधिकार है। राहुल के अनुसार यह व्यवस्था बनाए रखना चुनाव आयोग का संवैधानिक कर्तव्य है, लेकिन आयोग इस जिम्मेदारी को सही ढंग से नहीं निभा रहा है। उन्होंने दावा किया कि मतदाता सूची में राष्ट्रीय स्तर पर सुनियोजित तरीके से गड़बड़ियां की जा रही हैं और अब उनके पास इसका पुख्ता सबूत भी है। राहुल ने कहा कि हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं और इसे हमेशा करते रहेंगे। पहले हमारे पास सबूत नहीं थे, लेकिन अब हमारे पास सबूत मौजूद हैं।





मतदाता सूची विवाद पर विवाद तेज

#### भाजपा सांसद तिवारी का पलटवार

### फर्जी वोटर हटाने के लिए चल रहा विशेष अभियान

राहुल के इन आरोपों पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने तीखा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीएम नरेंद्र मोदी के विरोध में पागलपन की हद तक पहुंच गई है और अब यह भ्रम फैलाने की दुकान बन चुकी है। तिवारी ने कहा कि यही वजह है कि चुनाव आयोग ऽसिर अभियान चला रहा है। इस प्रक्रिया के तहत फर्जी वोटरों के नाम हटाए जा रहे हैं, सही वोटर आईडी जारी की जा रही है और ऐसे मतदाताओं को चिन्हित किया जा रहा है जो एक से अधिक स्थानों पर वोट डालते हैं। इससे चुनाव प्रक्रिया और ज्यादा पारदर्शी होगी और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी करने वालों पर अंकुश लगेगा।

#### राष्ट्रीय स्तर पर गड़बड़ी का दावा

*राहुल का आरोप है कि कई सीटों पर वोटर लिस्ट में हेरफेर की जा रही है और यह सिर्फ इक्का-दुक्का मामलों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में सुनियोजित तरीके से हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की अनियमितताओं से मतदाता सूची की पारदर्शिता खत्म होती है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े होते हैं।*

#### लोकसभा में गरमाया माहौल

*इस पूरे मुद्दे पर लोकसभा में माहौल गरमा गया। कांग्रेस और विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए, जबकि सत्तारूढ़ दल ने इसे विपक्ष का झूठा प्रचार बताया। आने वाले दिनों में यह विवाद और भी गहराने के आसार हैं, क्योंकि दोनों पक्ष अपनी-अपनी बात को सही साबित करने के लिए नए तथ्य और तर्क पेश कर सकते हैं।*

#### एक देश, एक चुनाव वाली संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ा

*लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की प्रणाली को लागू करने के लिए दो विधेयकों की जांच कर रही संसदीय समिति को मंगलवार को शीतकालीन सत्र के अंतिम सप्ताह तक का नया विस्तार दिया गया। प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।*

#### '124 नॉट आउट' वाला टीशर्ट पहन पहुंचीं प्रियंका



सर के खिलाफ प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई कांग्रेस सांसद एक महिला का फोटो और नाम वाला टीशर्ट पहनकर पहुंचे । सभी के टीशर्ट के पीछे की तरफ '124 नॉट आउट लिखा हुआ था। गांधी के टीशर्ट में जिस महिला का फोटो है उनका नाम मिंता देवी है। वह बिहार के सीवान जिले की रहने वाली हैं। दरौंदा विधानसभा क्षेत्र में वह मतदाता के तौर पर रजिस्टर्ड हैं। मिंता देवी की उम्र 35 साल है। मगर चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट में उनकी उम्र 124 साल दिखाई है।

#### विशेषज्ञ समिति की सिफारिश

### देश में मलेरिया के टीके की जरूरत नहीं



एक विशेषज्ञ समिति ने सिफारिश की है कि भारत में मलेरिया के टीके की जरूरत नहीं है। ये टीके उन जगहों के लिए बनाए गए हैं, जहां मलेरिया का संक्रमण मध्यम स्तर से अधिक होता है और बच्चों की मौत का खतरा ज्यादा होती है। सरकार की ओर से मंगलवार को राज्यसभा को यह जानकारी दी गई। उपसभापति ने कहा कि अधिकांश विपक्षी सांसदों द्वारा दिए गए नोटिसों में नोटिस देने संबंधी नियमों का अनुपालन नहीं किया गया है। उपसभापति ने कहा कि सांसदों ने कई ऐसे विषयों पर भी चर्चा के लिए नोटिस दिया है जिनकी सुनवाई अदालत में चल रही है। उपसभापति ने कहा कि अदालत में लंबित मामलों पर सदन में चर्चा नहीं कराई जाती है। सांसदों से सदन की कार्यवाही चलाने अनुरोध किया, लेकिन विपक्षी सांसदों का विरोध जारी रहा।

### बिना अनुमति सेल्फी लेने पर जया ने फटकारा



**नई दिल्ली।** संसद भवन परिसर में एक बार फिर समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन उस वक्त भड़क गईं जब एक व्यक्ति ने बिना उनकी अनुमति के उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश की। इस दौरान जया ने शख्स को फटकार लगाई और डांटते हुए धक्का देकर दूर कर दिया।

### ईसी ने बंगाल के मुख्य सचिव को किया तलब

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है। चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव मनोज पंत को मतदाता सूची संशोधन में कथित अनियमितताओं के आरोपी अधिकारियों को न हटाने के फैसले पर स्पष्टीकरण देने के लिए दिल्ली तलब किया। इससे सियासत गरम है।

**MOHIT PAPER MILLS LIMITED**

(CIN- L21093DL1992PLC116600)
पंजीकृत कार्यालयः 15ए/13 अपर ग्राउंड फ्लोर, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली–110008
वर्क्स : 9 किमी स्टोन, नगीना रोड, बिजनौर, उत्तर प्रदेश– 246701
Phone: 011- 25886798,
E-mail: investorsmohitpaper@gmail.com, Website: www.mohitpaper.in

**30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(ईपीएस को छोड़कर राशि ₹लाखों में)

| विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|
| | (30.06.2025) | (31.03.2025) | (30.06.2024) | (31.03.2025) |
| | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 5351.21 | 5312.60 | 4,985.00 | 18,675.15 |
| कर–पूर्व लाभ, असाधारण और/या के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) असाधारण मदें | 230.61 | 167.13 | 219.62 | 925.13 |
| कर–पूर्व लाभ, असाधारण और/या के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) असाधारण मदें | 230.61 | 167.13 | 219.62 | 925.13 |
| कर–पश्चात अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 139.58 | 22.31 | 158.48 | 650.43 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय | 139.58 | 22.76 | 158.48 | 650.87 |
| इक्विटी शेयर पूंजी (प्रति इक्विटी शेयर 10 रुपये का अंकित मूल्य) | 1400 | 1400 | 1400 | 1400 |
| आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) | 0.00 | 3703.23 | 0.00 | 3,703.23 |
| प्रति इक्विटी शेयर आयः | | | | |
| बेसिकः | 1.00 | 0.16 | 1.13 | 4.65 |
| डायल्युटेडः | 1.00 | 0.16 | 1.13 | 4.65 |

टिप्पणियाँः
1. उपरोक्त 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल एकल अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (अर्थात, www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट अर्थात, www.mohitpaper.in पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 12 अगस्त, 2025 को आयोजित अपनी–अपनी बैठकों में अनुमोदित किया गया है।

मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/–
तन्वी जैन
कंपनी सचिव
सदस्यता संख्याः ए75299

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 12 अगस्त, 2025

### 'एसआईआर' पर बहस के बीच हाईकोर्ट की बड़ी टिप्पणी

# आधार, पैन और वोटर आईडी रखने से कोई भारत का नागरिक नहीं बनता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

किसी व्यक्ति के पास यदि आधार कार्ड, पैन कार्ड, या वोटर आईडी जैसे दस्तावेज हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह भारत का नागरिक हो जाएगा। बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ के आरोपी शख्स को बेल देने से इनकार करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने यह बात कही। शख्स पर फर्जी दस्तावेज से भारत में एक साल से रहने का आरोप है।



बॉम्बे हाई कोर्ट ने यह बात कही

#### घुसपैठिए नागरिकता के अधिकारी नहीं

बेंच ने कहा कि आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी तो सिर्फ नागरिकों की पहचान के लिए हैं या फिर उन्हें सेवाएं प्रदान करने के लिए हैं। अदालत ने बाबू अब्दुल रऊफ सरदार को बेल देने से इनकार कर दिया। अब्दुल पर आरोप है कि वह बिना किसी वैध पासपोर्ट या वीजा के भारत घुस आया था। उसने तमाम दस्तावेज तैयार करा लिए थे। कोर्ट बोला, सिटिजनशिप एक्ट ही नागरिकतकी परिभाषा तय करने वाला कानून है।

## 7वीं के छात्र ने प्रिंसिपल को भेजा मेल मैं वाइस प्रिंसिपल हूं..., प्रश्नपत्र भेजो

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

यहां के एक मशहूर निजी स्कूल में ऐसा कारनामा हुआ, जिसने शिक्षकों और अभिभावकों को दंग कर दिया। 7वीं कक्षा का एक मासूम-सा दिखने वाला छात्र अपनी चतुराई से प्रिंसिपल को चकमा देकर प्रश्नपत्र हासिल करने में कामयाब हो गया। लेकिन यह राज तब खुला, जब परीक्षा के दिन असलियत सामने आई। स्कूल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और मामला साइबर क्राइम की दुनिया में पहुंच गया। पुलिस ने छात्र को पकड़ लिया। उसे जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया। छात्र ने वाइस प्रिंसिपल के अंदाज को बखूबी कॉपी किया। ईमेल लिखा, भाषा और शब्दों का चयन ऐसा था कि प्रिंसिपल को शक नहीं हुआ।

# छग के किसानों को खाद आपूर्ति समय पर हो सुनिश्चित मंत्री नेताम के नेतृत्व में उर्वरक मंत्री नड्डा से मिला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री छग शासन द्वारा केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, भारत सरकार, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, नई दिल्ली से दूरभाष पर तथा अर्धशकीय पत्र प्रेषित कर खाद की कम आपूर्ति के संबंध में चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश को खाद की पर्याप्त आपूर्ति प्रदाय करने हेतु मांग की गई थी।

इसी के संबंध में कृषि मंत्री रामविचार नेताम के नेतृत्व में सांसद विजय बघेल, दुर्ग, संतोष पांडेय, राजनांदगांव, कमलेश जांगड़े, जांजगीर-चांपा, रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद एवं राज्यसभा सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह के साथ अधिकारी किरणकौशल (भा प्र से), प्रबंध संचालक, मार्कफेड, रोशनलाल धुरंधर, संयुक्त संचालक कृषि,



संचालनालयकृषि तथा दिलीप जायसवाल, महाप्रबंधक, मार्कफेड, संसद भवन में केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा से उर्वरक आपूर्ति के संबंध में उक्त प्रतिनिधि मंडल ने बैठक की।

प्रतिनिधि मंडल द्वारा अगस्त माह हेतु प्रदेश के किसानों के लिए 1 लाख टन यूरिया एवं 50 हजार टन डीएपी की मांग के साथ मौसम खरीफ हेतु कुल 1.50 लाख में टन यूरिया एवं 01 लाख टन डीएपी की भी मांग की गई है। कृषिमंत्री ने छत्तीसगढ़ में यूरिया और डीएपी खाद की आपूर्ति की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के किसान मुख्य रूप से धान की फसल लेतेहैं। खरीफ सीजन में किसान अगस्त-सितंबर माह मेंरोपा-बियासी का कार्य करते हैं। वर्तमान में रोपा-बियासीका काम तेजी से चल रहा है। इस समय धान के पौधों कोतेजी से बढ़वार और बेहतर उत्पादन के मद्देनजर किसानों को इस समय ज्यादा फास्फेटिक खाद की जरूरत पड़ती है। मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री की प्रदेश में खाद की आपूर्ति हेतु मांग से सहमत होते हुए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सचिव, भारत सरकार, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय तथा संचालक (मूवमेंट) को छत्तीसगढ़ प्रदेश के मांग अनुरूप खाद आपूर्ति हेतु निर्देशित किया है। साथ ही प्रतिनिधि मंडल को उनके मांग अनुसार खाद आपूर्ति हेतु आश्वस्त भी किया।

#### प्रदेश में खाद भंडारण एवं वितरण की स्थिति

खरीफ वर्ष 2025 में भारत सरकार द्वारा उर्वरक यूरिया-07 लाख 12 हजार मीट्रिक टन, डी.ए.पी. 03 लाख 10 हजार मीट्रिक टन तथा एमओपी. 60 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके विरुद्ध 11 अगस्त 2025 तक की स्थिति में 06 लाख 72 हजार मीट्रिक टन यूरिया, 02 लाख 14 हजार मीट्रिक टन डीएपी तथा 80 हजार मीट्रिक टन एमओपी का भंडारण किया गया है। डीएपी के प्रतिस्थापन के संबंध में वैकल्पिक उर्वरकों के रूप में एनपीके 01 लाख 80 हजार मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध 02 लाख 37 हजार मीट्रिक टन एवं एसएसपी 02 लाख मी. टन लक्ष्य के विरुद्ध 02 लाख 95 हजार मी. टन का भंडारण किया गया है। इस प्रकार डीएपी की कमी की पूर्ति एनपीके, एसएसपी उर्वरकों से की जा रही है।

**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
सीआईएन : L74210DL1987PLC029979
पंजीकृत कार्यालयः 1400, हेमकुंट टॉवर, 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
टेलीफोनः +91–11–42504842
ई–मेलः sbecsystems@rediffmail.com, वेबसाइटः www.sbecsystems.in

**30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अ–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का सारांश**

(रुपये लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथकृत | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | वर्ष समाप्त | तिमाही समाप्त | | वर्ष समाप्त |
| | | 30.06.2025 | 30.06.2024 | 31.03.2025 | 30.06.2025 | 30.06.2024 | 31.03.2025 |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | कुल आय | 94.98 | 66.53 | 376.91 | 94.98 | 66.53 | 376.91 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले, अपवाद और/या असाधारण आइटम) | 22.03 | 27.46 | 171.59 | 22.03 | 27.46 | 171.59 |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले ( अपवाद और/ या असाधारण आइटम और सहयोगियों के लाभ/हानि के हिस्से के बाद) | 22.03 | 27.46 | 243.78 | 22.03 | 27.46 | 243.78 |
| 4 | शुद्ध कर के बाद की अवधि के लिए लाभ/(हानि) ( अपवाद और/या असाधारण मदों के बाद) | 22.03 | 19.82 | 243.78 | 22.03 | 19.82 | 243.78 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इस अवधि के लिए लाभ/(हानि) सहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | – | – | – | – | – | – |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 |
| 7 | पिछले वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | – | – | –797.97 | – | – | (2221.06) |
| 8 | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (जारी और बंद परिचालन के लिए) (जारी और बंद परिचालन के लिए) | | | | | | |
| | क. मूल | 0.22 | 0.20 | 2.44 | 0.22 | 0.20 | 2.44 |
| | ख. तनुकृत | 0.22 | 0.20 | 2.44 | 0.22 | 0.20 | 2.44 |

टिप्पणियाँः
1. उपरोक्त 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए सेबी (सूचीबद्धता एवं अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल किए गए स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sbecsystems.in पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा और अनुशंसा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 12 अगस्त, 2025 को आयोजित अपनी–अपनी बैठकों में अनुमोदित किया गया है।
3. वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड–एएस) के अनुसार कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम (यथा संशोधित) के साथ पठित अनुसार तैयार किए गए हैं।

बोर्ड के आदेश से
एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
विजय कुमार मोदी
(अध्यक्ष एवं निदेशक)
डीआईएनः 00004606

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 12.08.2025

## खुदरा महंगाई घटकर 1.55 प्रतिशत पर आ गई

# महंगाई से राहत, 8 साल के निचले स्तर पर पहुंची; सस्ता हुआ खाने-पीने का सामान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को राहत मिली है। जुलाई के महीने में खाने-पीने की चीजों की कीमतों में आई गिरावट की वजह से इस महीने भारत की रिटेल महंगाई घटकर 1.55 प्रतिशत रह गई है। यह बीते आठ सालों में सबसे कम है।

■ जून 2017 के बाद से यह रिटेल महंगाई का सबसे निचला स्तर

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जून 2017 के बाद से यह रिटेल महंगाई का सबसे निचला स्तर है। जुलाई में रिटेल महंगाई इस साल जून के 2.1 प्रतिशत से भी 55 बेसिस पॉइंट कम रही, जो जनवरी 2019 के बाद से रिटेल महंगाई का सबसे निचला स्तर है।

### नेगेटिव जोन में आई महंगाई

इस साल जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले कम होकर -1.76 प्रतिशत के नेगेटिव जोन में आ गई। जून के मुकाबले जुलाई में भी खाद्य मुद्रास्फीति में भी 75 बेसिस पॉइंट की गिरावट दर्ज की गई है। जनवरी 2019 के बाद से खाद्य मुद्रास्फीति का सबसे निचला स्तर है। जुलाई, 2025 के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में आई इस गिरावट की वजह दालों, सब्जियों, अनाज, अंडे और चीनी की कम हुई कीमतें हैं।

**खास बातें**

- जुलाई की खाद्य मुद्रास्फीति दर जनवरी 2019 के बाद से सबसे कम
- दालों, सब्जियों, अनाज, अंडे और चीनी की कम हुई कीमतें



### ग्रामीण मुद्रास्फीति में भी गिरावट

जुलाई की खाद्य मुद्रास्फीति दर जनवरी 2019 के बाद से सबसे कम है। जुलाई में ग्रामीण मुद्रास्फीति जून के 1.72 प्रतिशत से घटकर 1.18 प्रतिशत रही, जबकि शहरी मुद्रास्फीति इसी दौरान 2.56 प्रतिशत से घटकर 2.05 प्रतिशत रह गई। आवास मुद्रास्फीति 3.17 प्रतिशत पर लगभग स्थिर रही, शिक्षा मुद्रास्फीति 4.37 प्रतिशत से घटकर 4 प्रतिशत हो गई और स्वास्थ्य मुद्रास्फीति एक महीने पहले के 4.38 प्रतिशत से बढ़कर 4.57 प्रतिशत हो गई।

### इन राज्यों में सबसे कम हुई महंगाई

सबसे ज्यादा केरल में महंगाई संयुक्त रूप से कम हुई है, जो 8.89 प्रतिशत दर्ज की गई। उसके बाद जम्मू और कश्मीर (3.77 प्रतिशत), पंजाब (3.53 प्रतिशत), कर्नाटक (2.73 प्रतिशत) और महाराष्ट्र (2.28 प्रतिशत) का स्थान रहा। इसी के साथ परिवहन एवं संचार मुद्रास्फीति जून के 3.90 प्रतिशत से घटकर जुलाई में 2.12 प्रतिशत हो गई, जबकि ईंधन एवं प्रकाश मुद्रास्फीति 2.55 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 2.67 प्रतिशत हो गई।

### अमेरिका में खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में 2.7 प्रतिशत पर स्थिर

वाशिंगटन। अमेरिका में शुल्क वृद्धि के बीच खुदरा मुद्रास्फीति दर जुलाई में 2.7 प्रतिशत पर स्थिर बनी रही जबकि मुख्य मुद्रास्फीति दर पांच माह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अमेरिका के श्रम विभाग ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में कहा कि जुलाई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) सालाना आधार पर 2.7 प्रतिशत बढ़ा। यह जून महीने के बराबर ही है जबकि अप्रैल में दर्ज 2.3 प्रतिशत के स्तर से ऊपर है। पिछले महीने मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो जून के 2.9 प्रतिशत से अधिक है।

## अदानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की एविएशन एमआरओ फुटप्रिंट का विस्तार हेतु प्राइम एयरो के साथ साझेदारी

अहमदाबाद। अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने अपने उद्यम होराइजन एयरो सॉल्यूशंस लिमिटेड के माध्यम से, प्राइम एयरो सर्विसेज के साथ साझेदारी में, भारत की अग्रणी निजी क्षेत्र की एमआरओ प्रदाता, इंडैमर टेक्निक्स प्राइवेट लिमिटेड में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक निर्णायक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। होराइजन, एडीएसटीएल और इंडैमर टेक्निक्स के निदेशक प्रजय पटेल के स्वामित्व वाली कंपनी प्राइम एयरो के बीच 50-50 की साझेदारी है। नागपुर में एमआईएचएएन विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) में रणनीतिक रूप से स्थित, आईटीपीएल ने 30 एकड़ की भूमि पर एक अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड सुविधा स्थापित की है। इस सुविधा में 10 हैंगरों में 15 विमान रखने की क्षमता है। आईटीपीएल को डीजीसीए, एफएए (यूएसए) और अन्य वैश्विक नागरिक उड्डयन नियामकों द्वारा अनुमोदित किया गया है। कंपनी प्रमुख भारतीय और वैश्विक ग्राहकों को लीज रिटर्न चेक, भारी सी-चेक, संरचनात्मक मरम्मत और विमान पेंटिंग सहित एमआरओ सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करती है। "भारतीय विमानन उद्योग ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है और यात्री यातायात के मामले में यह तीसरा सबसे बड़ा उद्योग बन गया है।

### कबाड़ पर अधिक जीएसटी से देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान

नई दिल्ली। ठोस कचरे के प्रबंधन पर लागू 18 प्रतिशत जीएसटी को घटाने की सिफारिश करते हुए एक अध्ययन में कहा गया है कि इससे सरकार को सालाना करीब 65,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। साथ ही इससे कबाड़ का पर्यावरण अनुकूल तरीके से प्रबंधन भी प्रभावित हो रहा है।शोध संस्थान 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट' (सीएसई) की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट कहती है कि कबाड़ खरीदने-बेचने वाले छोटे कारोबारी 18 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का बोझ नहीं उठा सकते हैं लिहाजा वे नकद में लेनदेन करते हैं और कर नहीं चुकाते हैं। अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, इससे न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान होता है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **टीपू सुल्तान उर्फ रिजवान, पुत्रः** मो. शमीम, **पताः** एफ–312, जेजे कॉलोनी, शकूरपुर, नई दिल्ली **SC No. 163/18 FIR No. 548/2017; U/s: 392/397/411/34 IPC & 25/27/54/59 Arms Act,, पुलिस थानाः केशवपुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **टीपू सुल्तान उर्फ रिजवान,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **टीपू सुल्तान उर्फ रिजवान,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **टीपू सुल्तान उर्फ रिजवान, SC No. 163/18 FIR No. 548/2017; U/s: 392/397/411/34 IPC & 25/27/54/59 Arms Act, पुलिस थानाः केशवपुरम, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
मुनीश गर्ग
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश–03 (उ.प.)
कमरा नंबर 304, तृतीय तल
जिला न्यायालय, रोहिणी दिल्ली

DP/10577/NW/2025
(Court Matter)


## वैश्विक बाजारों में बिकवाली के बीच सोना 1,000 रुपये लुढ़का

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में बिकवाली के चलते मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 1,000 रुपये गिरकर 1,01,520 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,02,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। स्थानीय बाजारों में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 1,000 रुपये टूटकर 1,01,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। अबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यह स्पष्ट करने के बाद कि सोने के आयात पर कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा, सोने की कीमतों में गिरावट आई। हालांकि व्हाइट हाउस की ओर से आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है, लेकिन इस घोषणा से व्यापार संबंधी चिंताएं कुछ कम हो गई हैं।''इसके अलावा व्हाइट हाउस ने सोमवार को घोषणा की कि चीन पर लगाया गया भारी शुल्क अब 11 नवंबर तक निलंबित रहेगा। मेहता ने कहा कि इस फैसले से फिलहाल वृहत आर्थिक तनाव को कम करने में मदद मिली है।

## अंबानी परिवार देश का सबसे अमीर कारोबारी घराना, अदाणी को दूसरा स्थान

मुंबई। उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाला अंबानी परिवार 28 लाख करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ देश का सबसे समृद्ध कारोबारी घराना है जबकि अदाणी परिवार 14.01 लाख करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। शोध एवं रैंकिंग फर्म हुरुन ने कारोबारी घरानों की संपत्ति में पिछले एक साल में आए बदलाव पर यह रिपोर्ट बार्कलेज के साथ मिलकर तैयार की है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश के 300 सबसे मूल्यवान परिवारों की कुल संपत्ति 140 लाख करोड़ रुपये (1.6 लाख करोड़ डॉलर) से अधिक है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 40 प्रतिशत है। जिंदल परिवार भी 21 प्रतिशत उछाल के साथ 5.70 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ एक स्थान ऊपर चला गया। वहीं, बजाज परिवार संपत्ति में 21 प्रतिशत गिरावट के चलते चौथे स्थान पर खिसक गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि शीर्ष 300 कारोबारी परिवारों ने पिछले साल रोजाना औसतन 7,100 करोड़ रुपये की संपत्ति बनाई। एक अरब डॉलर से अधिक संपत्ति वाले परिवार बढ़कर 161इस दौरान एक अरब डॉलर से अधिक संपत्ति वाले परिवारों की संख्या 37 बढ़कर 161 हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि इस सूची में शामिल एक चौथाई से अधिक कारोबार शेयर बाजारों में सूचीबद्ध नहीं हैं। सूची में शामिल 89 प्रतिशत कारोबार भौतिक उत्पादों की बिक्री करते हैं जबकि 11 प्रतिशत सेवाएं प्रदान करते हैं।


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | वार्षिक अनुबंध आधार पर आरजीटीपीपी, खेदड़, हिसार को कोल मिल्स (एच-1103) के स्पेयर्स की आपूर्ति। | 08.08.2025 02.09.2025 | 2,60,76,438/- | https://etenders.hry.nic.in | 9315164637 mm1.rgtpp@hpgcl.org.in |
| 2 | एचपीजीसीएल | 2×600 एमडब्ल्यू, यूनिट-I और II आरजीटीपीपी, खेदड़, हिसार के कोल मिल रिजेक्ट हैंडलिंग सिस्टम का प्रचालन और रखरखाव। | 07.08.2025 08.09.2025 | 3,36,91,464/- | https://etenders.hry.nic.in | 8222023857 xenbmdl.rgtpp@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37587/I/88/7 दि. 12.08.25

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | जीन्द जिले में एम.सी. नरवाना में गांव डबलैन से एनजीएम नरवाना तक सम्पर्क सड़क का निर्माण (रोड आईडी 10121) (माननीय सी.एम. द्वारा की गई बजट घोषणा के तहत)। | बंद होने की तिथि 20.08.2025 | 88.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejind37.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37589/I/88/7 दि. 12.08.25


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | (I) एमडीयू रोहतक में फैकल्टी हाउस में प्रथम तल पर डायनिंग हॉल और वीवीआईपी सुइट के लिए फर्नीचर की आपूर्ति। (II) एमडीयू रोहतक में फैकल्टी हाउस के लिए फर्नीचर अर्थात गार्डन चेयर्स और टेबल्स की आपूर्ति। | 11.08.2025 02.09.2025 | 13.52 लाख | https://mdu.ac.in. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में स्वराज सदन कॉन्फ्रेंस हॉल के मौजूदा साउंड सिस्टम का अपग्रेडेशन और स्मार्ट इंटरेक्टिव पैनल की आपूर्ति व स्थापना। | 11.08.2025 02.09.2025 | 13.38 लाख | https://mdu.ac.in. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37611/I/88/7 दि. 12.08.25



मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
**गुरूजी सम्राट**



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

**7534997731**



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### निवेशकों के सतर्क रुख से सेंसेक्स 368 अंक फिसला

मुंबई। मुद्रास्फीति का आंकड़ा आने से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और बैंकों के शेयरों में बिकवाली होने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 368 अंक टूटा जबकि निफ्टी को 98 अंकों का नुकसान हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 368.49 अंक गिरकर 80,235.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 833.31 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। निफ्टी भी 97.65 अंक गिरकर 24,487.40 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि सतर्क निवेशक 15 अगस्त को होने वाली अमेरिका-रूस वार्ता से भी आने वाले संकेतों का इंतजार कर रहे हैं। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, इटर्नल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर गिरकर बंद हुए।



### एक शाम गहन नाटकों के नाम - तीन तीव्र कहानियाँ मुक्तधारा ऑडिटोरियम में

नई दिल्ली। 1 अगस्त 2025 शाम 6:00 बजे से नई दिल्ली, 25 जुलाई 2025 सामाजिक सरोकारों से प्रेरित नाट्य प्रस्तुतियों और कलात्मक उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध पंजीकृत एनजीओ खेलना द पीपल फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स ने प्रस्तुत करे एक अविस्मरणीय रंगमंचीय संध्या तीन गहन कहानीयाँ, जो सभागार में मोजुद सुधिजनो को ले गए।

### गोल्ड ईटीएफ में जुलाई में निवेश 40 फीसदी घटा

नई दिल्ली। गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश जुलाई में इससे पिछले महीने के मुकाबले 40 प्रतिशत घटकर 1,256 करोड़ रुपये रहा। सोने की ऊंची कीमतों, खासकर शुल्क से जुड़ी खबरों को लेकर चिंताओं के कारण इसमें कमी आई। जर्मिनेट इन्वेस्टर सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष जोसेफ ने कहा कि पिछले दो वर्षों में मजबूत प्रदर्शन के बावजूद इस वक्त निवेशकों के लिए सोने की चाल का अनुमान लगाना मुश्किल है।

### जाइडस लाइफसाइंसेज का लाभ 3 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। जाइडस लाइफसाइंसेज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,467 करोड़ रुपये रहा।


**पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड**
CIN No. L25209DL1971PLC005535
पंजीकृत कार्यालय : ए–97/2, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस–II, नई दिल्ली – 110020, भारत
टेलीफोन नंबरः +91–11–47385300, फैक्सः +91–11–47480746
ईमेलः pearl@pearlpet.net, वेबः www.pearlpet.net
PET JARS BOTTLES

**30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(रुपये लाख में)

| क्रम सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30.06.2025 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.06.2024 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 937.58 | 471.98 | 844.40 | 2,516.81 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर और असाधारण मदों से पहले) | 289.44 | (457.86) | 129.24 | (527.13) |
| 3 | कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 289.44 | (457.86) | 129.24 | (527.13) |
| 4 | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 289.44 | (442.73) | 129.24 | (512.00) |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [जिसमें लाभ/(हानि) शामिल है अवधि के लिए (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 289.44 | (445.97) | 129.24 | (515.24) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 |
| 7 | आरक्षित निधियाँ (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दर्शाया गया है | | | | 1,657.36 |
| 8 | प्रति शेयर आय (प्रत्येक 10/– रुपये) (निरंतर और बंद परिचालनों के लिए) | | | | |
| | 1. मूल | 1.72 | (2.63) | 0.77 | (3.04) |
| | 2. तनुकृत | 1.72 | (2.63) | 0.77 | (3.04) |

टिप्पणियाँ:
ऊपर दिया गया विवरण सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल किए गए अलेखापरीक्षित तिमाही के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों www.nseindia.com, www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइटः www.pearlpet.net पर उपलब्ध है।

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 12 अगस्त 2025

पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/–
उदित सेठ
अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक
डीआईएन 00005403


## राशिफल

**मेष** — जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। माता-पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृष** — तरक्की के योग बन रहे हैं। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**कर्क** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी। धार्मिक कार्यों में खर्च बढ़ेंगे।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मौके मिलेंगे।

**कन्या** — आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला** — धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। उच्चाधिकारियों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। संयम बनाकर रखें।

**वृश्चिक** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। अध्ययन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। घर की सुख-सुविधाओं के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान को स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**कुंभ** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। कारोबार का विस्तार हो सकता है। किसी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**मीन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें।

### 'रेल मदद' पर उत्तर पश्चिम रेलवे शिकायतों का समाधान कर रहा 24 मिनट में

नई दिल्ली। शिकायतों के निपटान समय में पूरे भारतीय रेलवे स्तर द्वितीय स्थान परयात्रियों को आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा के साथ ही सफर के दौरान हर मुश्किल एवम शिकायत का निदान करने के लिए रेलवे तत्पर है। इस हेतु रेलवे द्वारा ״रेल मदद' पोर्टल/एप्प पर 24X7 रेल यात्रियों की शिकायत पर तुरंत कार्यवाही की जा रही है। वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे रेल मदद पर प्राप्त शिकायतों का समाधान 24 मिनट में कर संपूर्ण भारतीय रेल में दूसरे स्थान पर है।उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर 139 की तरह शिकायत व सुझाव के सभी माध्यमों जैसे X (ट्विटर), फेसबुक, रेलवन ऐप आदि को रेल मदद״ पोर्टल व उसके एप में समायोजित किया है। इस पोर्टल पर रेलवे सम्बन्धित सुझाव को भी स्वीकार किया जाता है। यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में रेलवे लगातार प्रयास कर रहा है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **राजू उर्फ रियाजुद्दीन, पुत्रः धुले अनवर, निवासीः 1620, कुआं वाली गली, उल्धनपुर, नवीन शाहदरा, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.153/2019 U/S 25/54/59 आर्म्स अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना शाहदरा, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **राजू उर्फ रियाजुद्दीन** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **राजू उर्फ रियाजुद्दीन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.153/2019 U/S 25/54/59 आर्म्स अधिनियम, थाना शाहदरा, दिल्ली** के आरोपी उक्त **राजू उर्फ रियाजुद्दीन** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए **दिनांक 11.11.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार सुश्री स्वाति शर्मा
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
शाहदरा जिला, कमरा नंबर 59,
तीसरी मंजिल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/10084/SHD/2025
(अदालती मामला)


### शब्द पहेली - 5957



**बाएँसेदाए**


1.बादलों की गड़गड़ाहट-4
3.नीरस, रस विहीन-4
8.नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10.कंठस्थ करना-3
11.जुड़वा-3
13.उक्ति,काव्य कृति-3
15.आने वाला दिन-2
17.पर,पराया,दूसरा-2
18.हाथ-2
19.कविता लिखने वाल-2
21.बजाने वाला-3
25.कक्ष,रूम-3
26.ठिकाना,नीड़-3
27.हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30.अभिप्राय-4
31.आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**

2.तरुणाई,लड़कपन-3
4.सहायता,आधार-3
5.बीताना,यापन करना-4
6.दिखावा,पाखंड-4
7.जरुरत,स्वार्थ-3
8.राजी करना-3
9.योग्य-3
12.मसलना-3
13.इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14.सुगंध,लास-3
16.रोकड़ राशि-3
20.रुकना, स्थिर होना-3
22.विजय दशमी -4
23.भोर,सवेरा-3
24.सना हुआ,तर-4
25.छल,धोखा-3
28.अनुकृति-3
29.श्रंगार -3

**शब्द पहेली - 5956 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | ■ | का | रा | वा | स |
| ज | ल | ■ | र | ■ | म | छ | ली | ■ | र | मा |
| र | ■ | अ | दा | का | र | ■ | न | र | ■ | था |
| अ | र | मा | न | ■ | बं | द | ■ | ज | मी | न |
| म | ■ | न | ■ | म | द | म | स्त | ■ | रा | ■ |
| र | ज | त | प | ट | ■ | क | र | म | ज | ला |
| ■ | प | ■ | ट | क | रा | ना | ■ | स | ■ | ल |
| मु | ना | दी | ■ | ना | ग | ■ | द | ल | ह | न |
| ला | ■ | प | री | ■ | गा | ड़ी | वा | न | ■ | पा |
| का | का | ■ | त | न | य | ■ | घ | ■ | न | ल |
| त | र | सा | ना | ■ | न | ग | र | भ | व | न |



# दलीप ट्रॉफी के इतिहास में इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं 2,000 से अधिक रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दलीप ट्रॉफी भारत का प्रतिष्ठित प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट है, जो जोनल प्रारूप में खेला जाता है। इस टूर्नामेंट में वेस्ट जोन की टीम अब तक सबसे सफल रही है, जिसने कुल 19 बार खिताब पर कब्जा जमाया है। उनके बाद नॉर्थ जोन की टीम 18 बार विजेता बनी है। इस टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक चुनिंदा बल्लेबाज ही 2,000 से अधिक रन बनाने में सफल हुए हैं।



### वसीम जाफर (2,545 रन)


दलीप ट्रॉफी में वसीम जाफर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वेस्ट जोन के इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने 30 मैचों की 54 पारियों में 55.32 की औसत के साथ 2,545 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 173* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 8 शतक और 13 अर्धशतक लगाए थे। बता दें कि जाफर ने अपने प्रथम श्रेणी करियर का अंत 50.67 की औसत से 19,410 रनों के साथ किया था।

### विक्रम राठौड़ (2,265 रन)



इस सूची में दूसरे पायदान पर विक्रम राठौड़ मौजूद है। नॉर्थ जोन की ओर से उन्होंने 25 मैच खेले थे, जिसमें 51.47 की औसत के साथ 2,265 रन बनाए थे। उन्होंने 6 शतक और 11 अर्धशतक भी लगाए थे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 6 टेस्ट में 44 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 131 रन बनाए थे। अपने प्रथम श्रेणी करियर में उन्होंने 49.66 की औसत से 11,473 रन अपने नाम किए थे।

### अंशुमान गायकवाड़ (2,004 रन)



अंशुमान गायकवाड़ भी इस विशेष सूची का हिस्सा हैं। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे पहले 2,000 रन का आंकड़ा छूने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 26 मैचों की 42 पारियों में 52.73 की औसत के साथ 2,004 रन बनाए थे। वेस्ट जोन का ही प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने 216 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 9 शतक लगाए थे। गायकवाड़ ने भारत की ओर से 30.07 की औसत से 1,985 रन बनाए थे। गायकवाड़ के नाम हैं सर्वाधिक शतकों का रिकॉर्ड गायकवाड़ के नाम ही दलीप ट्रॉफी में सर्वाधिक शतक (9) लगाने का रिकॉर्ड दर्ज है।

## दलीप ट्रॉफी के इतिहास में सबसे ज्यादा 136 विकेट चटकाए हैं नरेंद्र हिरवानी ने

प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अंतर्गत आने वाली दलीप ट्रॉफी के टूर्नामेंट में वसीम जाफर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह लाल गेंद से खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में 2,500 से अधिक रन बना चुके हैं। दूसरी तरफ नरेंद्र हिरवानी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची के बारे में जानते हैं।

**नरेंद्र हिरवानी (126 विकेट)**
पूर्व लेग स्पिनर हिरवानी ने दलीप ट्रॉफी में 29 मैच खेले थे, जिसमें 34.12 की औसत के साथ 126 विकेट लिए थे। इस बीच उन्होंने 8 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए थे। पारी में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 129 रन देते हुए 7 विकेट लेना रहा था। वह सेंट्रल जोन से खेलते थे। हिरवानी ने भारत की ओर से 17 टेस्ट खेले थे, जिसमें 30.10 की औसत के साथ 66 विकेट लिए थे।



**सिराज बहुतुले (112 विकेट)**
पूर्व लेग स्पिनर सिराज बहुतुले दलीप ट्रॉफी के इतिहास में 100 से ज्यादा विकेट लेने वाले सिर्फ दूसरे ही गेंदबाज थे। वेस्ट जोन के लिए 30 मैचों में उन्होंने 26.76 की औसत से 112 विकेट लिए थे। उन्होंने 4 पारियों में 5 विकेट भी लिए थे। 2 दशकों से ज्यादा के लम्बे अपने प्रथम श्रेणी करियर में उन्होंने 26.00 की औसत से 630 विकेट लिए थे। बल्लेबाजी में उन्होंने 9 शतकों के साथ 6,176 रन भी बनाए थे।

**भगवत चंद्रशेखर (99 विकेट)**
साउथ जोन के भगवत चंद्रशेखर इस सूची में तीसरे स्थान पर मौजूद हैं। उन्होंने सिर्फ 24 टेस्ट में 24.30 की औसत के साथ 99 विकेट लिए थे। उन्होंने 7 पारियों में 5 विकेट लिए थे। अपने प्रथम श्रेणी करियर में इस लेग स्पिनर ने 246 मैच खेले थे, जिसमें 24.03 की औसत के साथ 1,063 विकेट लिए थे। उन्होंने 75 पारियों में 5 विकेट हॉल भी लिए थे।

## खबर संक्षेप



### एटलेटिको मैड्रिड ने इटली के रास्पाडोरी संग किया करार

**मैड्रिड।** स्पेन के फुटबॉल क्लब एटलेटिको मैड्रिड ने इटली के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जियाकोमो रास्पाडोरी के साथ अनुबंध किया है जो अभी तक नेपोली की तरफ से खेल रहे थे। इस 25 वर्षीय फॉरवर्ड ने अपना मेडिकल परीक्षण पास कर लिया और उन्होंने स्पेनिश टीम के साथ पांच साल का अनुबंध किया है। एटलेटिको ने कहा, ''इटली का यह खिलाड़ी बहुमुखी प्रतिभा का धनी है। वह अग्रिम पंक्ति के अलावा मध्य पंक्ति में भी खेल सकता है।'' रास्पाडोरी ने 2022 में नेपोली के साथ करार किया और अपने पहले सत्र और फिर 2024-25 में क्लब के साथ सीरी ए खिताब जीता। उन्होंने नेपोली की तरफ से 109 मैच खेले और 18 गोल किए। उन्होंने 2021 में 21 साल की उम्र में इटली की सीनियर टीम की तरफ से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया और वह उस यूरोपीय चैंपियनशिप में खेले, जिसे इटली ने जीता।

### डी गुकेश ने ओपेरिन-लिएम को दी करारी शिकस्त

**सेंट लुई।** सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में भारत के डी. गुकेश ने पहले दौर में अमेरिका के लेवोन अरोनियन से हारने के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने ग्रिगोरी ओपेरिन और लिएम ले



क्वांग को हराकर चार अंक हासिल किए और वेस्ली सो के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंचे। अरोनियन छह अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि फैबियानो कारुआना पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। गुकेश की रानी बलिदान चाल और दबाव में जीत ने दर्शकों को प्रभावित किया। आने वाले दिनों में उनके प्रदर्शन पर सबकी निगाहें रहेंगी। ग्रैंड चेस टूर के अंतर्गत चल रहे सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के पहले दिन भारत के शीर्ष युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने मिश्रित प्रदर्शन किया।

### वेस्टइंडीज क्रिकेट ने सुधार के लिए कसी कमर, हुई बैठक

**सेंट जोंस (एंटीगा)।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने अपने पूर्व खिलाड़ियों के साथ आपात बैठक के बाद 'लगभग सौ चीजों की पहचान की है' जिनमें सुधार की आवश्यकता है। इसमें युवा



खिलाड़ियों में गर्व की भावना पैदा करना, घरेलू टूर्नामेंटों का स्तर बेहतर करना और अधिक धन जुटाना शामिल है। क्षेत्र में खेल की बेहतरी के लिए त्रिनिदाद में आयोजित दो दिवसीय बैठक में विव रिचर्ड्स, ब्रायन लारा, क्लाइव लॉयड, डेसमंड हेन्स, शिवनारायण चंद्रपॉल और वर्तमान मुख्य कोच डैरन सैमी जैसे दिग्गजों ने हिस्सा लिया। यह बैठक हाल ही में किंगस्टन के सबीना पार्क में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेस्टइंडीज के 27 रन पर आउट होने के बाद हो रही है जो टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे कम और 1955 के बाद से सबसे कम स्कोर है।

### शुभमन ने बेन स्टोक्स और वियान मुल्डर को पीछे छोड़ा

# गिल ने रचा इतिहास, प्लेयर ऑफ द मंथ का सम्मान चार बार हासिल कर बने पहले खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने जुलाई 2025 के लिए उन्हें आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। शुभमन गिल को यह पुरस्कार चौथी बार मिला है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। गिल ने इस सम्मान की दौड़ में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर वियान मुल्डर को पीछे छोड़ा।

### कप्तान के रूप में छाए शुभमन

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल को पहली बार भारत की टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गई। उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर खेले गए पांच टेस्ट मैचों की सीरीज को 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई। इस सीरीज में गिल ने चार शतक जड़े और कुल 754 रन बनाकर टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज साबित हुए।



### गिल ने जाहिर की अपनी खुशी

इस सम्मान को लेकर गिल ने कहा, जुलाई के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह मुझे कप्तान के रूप में अपनी पहली टेस्ट सीरीज में प्रदर्शन के लिए मिला है। बर्मिंघम में लगाया गया दोहरा शतक मेरे लिए इस दौरे का सबसे यादगार लम्हा रहेगा। उनका यह बयान इस बात को दर्शाता है कि वे केवल एक शानदार बल्लेबाज ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार कप्तान भी हैं।

### चौथी बार पुरस्कार जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी

शुभमन गिल को यह पुरस्कार चौथी बार मिला है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले उन्हें जनवरी और सितंबर 2023 और फिर फरवरी 2025 में यह सम्मान मिल चुका है। अब जुलाई 2025 में उन्हें यह खिताब मिलने के साथ ही वह इस पुरस्कार को चार बार जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं।

### गावस्कर के रिकॉर्ड के करीब पहुंचे

गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 754 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी अपने नाम किया। इस प्रदर्शन के साथ वे एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। वे केवल 20 रन पीछे रह गए सुनील गावस्कर के अब तक के रिकॉर्ड से।

### महिला खिलाड़ियों की बराबरी की

इस सम्मान को चार बार जीतकर शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज की बराबरी कर ली है, जो पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। गिल अब तक के पहले पुरुष क्रिकेटर बन गए हैं, जिन्होंने यह कीर्तिमान रचा है।

# दीप्ति टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 की नवीनतम रैंकिंग में गेदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बल्लेबाजों के बीच शीर्ष से दूसरे स्थान पर खिसक गईं। दीप्ति पाकिस्तान की सादिया इकबाल के साथ 732 रेटिंग अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है।

सादिया रैंकिंग में पहले स्थान से दूसरे स्थान पर खिसक गयी जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड चार रेटिंग अंकों की बढ़त के साथ पहली बार शीर्ष रैंकिंग की टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज बनने में सफल रही।



### सादिया ने गंवाए रेटिंग अंक

सादिया ने आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में सिर्फ़ तीन विकेट लेने के बाद रेटिंग अंक गवां दिये। पाकिस्तान महिला टीम इस श्रृंखला को 1-2 से हार गई थी। सदरलैंड ने मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद से सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला है। इससे उनके रेंटिंग अंक (736) में कोई बदलाव नहीं आया है।

### हरमनप्रीत कौर टॉप 10 के करीब पहुंचीं

टी20 अंतरराष्ट्रीय हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में दीप्ति 387 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। वह वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज (505) और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर (434) से पीछे हैं। कलात्मक खब्बू बल्लेबाज मंधाना (728 रेटिंग अंक) एक स्थान फिसल कर इंग्लैंड की नैट सिवर-ब्रंट (731) के बाद दूसरे पायदान पर आ गयी है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 10 पायदान की छलांग लगाकर शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल होने के करीब पहुँच गई हैं। वह फिलहाल 11वें नंबर पर हैं।

# सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट 19 अगस्त से, चार विदेशी टीमों सहित 106 टीमें दिखाएंगी हुनर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चार अंतरराष्ट्रीय टीम सहित कुल 106 टीम 19 अगस्त से यहां शुरू हो रहे 64वें सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में तीन आयु वर्ग में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयेजन जूनियर लड़कों (अंडर-17), जूनियर लड़कियों (अंडर-17) और सब जूनियर (अंडर-15) वर्ग में किया जाएगा। वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसइटी द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु के विभिन्न स्थलों पर 25 सितंबर तक किया जाएगा। टूर्नामेंट के दौरान तीनों आयु वर्ग में 200 से अधिक मुकाबले खेले जाएंगे।

### टूर्नामेंट से निकलेंगे प्रतिभावान खिलाड़ी: शिवकुमार

एयर मार्शल एस शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा इसमें श्रीलंका और नेपाल की अंतरराष्ट्रीय टीम भाग लेंगी जो टूर्नामेंट की वैश्विक पहुंच और बढ़ते कद के बारे में बहुत कुछ कहता है। इंडियन टाइगर और टाइग्रेस' प्रतिभा खोज अभियान के हिस्से के रूप में टूर्नामेंट के दौरान जर्मनी में प्रशिक्षण के लिए सात खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

### हम सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ रहेः दालिमा

भारतीय महिला फुटबॉलर दालिमा छिब्बर इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। दालिमा ने कहा, ''यहीं से 2011 में मेरी यात्रा शुरू हुई थी और मुझे इसका हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला है। यहां बैठकर मेरे लिए जीवन का एक चक्र पूरा हो गया है।'' उन्होंने कहा, ''हम एक सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं।

### ये रहेगा टूर्नामेंट का शेड्यूल

टूर्नामेंट की शुरुआत जूनियर लड़कियों के वर्ग के साथ 19 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर में होगी जिसके बाद सब जूनियर लड़कों के वर्ग के मुकाबले दो सितंबर से बेंगलुरु में शुरू होंगे। जूनियर लड़कों के वर्ग के मुकाबले 16 सितंबर से दिल्ली-एनसीआर में खेले जाएंगे।

## रोनाल्डो ने की जॉर्जिना से सगाई...



**वाशिंगटन।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लंबे समय से उनकी पार्टनर रही जॉर्जिना रोड्रिग्स ने सगाई कर ली है। जॉर्जिना 31 साल की हैं। उन्होंने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपनी उंगली में एक बड़ी हीरे की अंगूठी दिखाते हुए एक तस्वीर के साथ इस खुशखबरी की घोषणा की। जॉर्जिना और 40 वर्षीय रोनाल्डो की दो बेटियां हैं। उन्होंने रोनाल्डो के अन्य तीन बच्चों की परवरिश में भी मदद की है। रोनाल्डो की जॉर्जिना से 2016 में मुलाकात हुई थी जब वह मैड्रिड के एक स्टोर में काम करती थीं। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड पूर्व स्टार रोनाल्डो अब सऊदी अरब में अल-नासर के लिए खेलते हैं।

### सितंबर तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहेंगे बिन्नी

**बेंगलुरु।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रोजर बिन्नी पिछले महीने 70 बरस के हो गए लेकिन संसद में राष्ट्रीय खेल विधेयक के पारित होने के बाद 1983 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाला



यह दिग्गज कम से कम सितंबर में भारतीय क्रिकेट बोर्ड की वार्षिक आम बैठक तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में काम करता रहेगा। अगर बीसीसीआई की राज्य इकाइयों के सदस्य सहमत होते हैं तो बिन्नी 75 वर्ष की आयु तक पद पर बने रह सकते हैं जो अब राष्ट्रीय खेल महासंघों के पदाधिकारियों के लिए कट ऑफ आयु है। यह उन महासंघों के लिए है जिनकी वैश्विक संस्थाओं में आयु संबंधी कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद है।

### चीन में विश्व खेलों में भाग लेने के बाद इटली के खिलाड़ी माटिया डेबर्टोलिस का निधन

**रोम।** चीन के दक्षिण-पश्चिमी शहर चेंगदू में विश्व खेलों के पैदल ओरिएंटियरिंग स्पर्धा में भाग लेने वाले इटली के खिलाड़ी माटिया डेबर्टोलिस का निधन हो गया। अंतरराष्ट्रीय ओरिएंटियरिंग महासंघ के अध्यक्ष टॉम हॉलोवेल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि वह 'इस दुखद मृत्यु के दुख की अथाह गहराई को शब्दों में बयां नहीं कर सकते।' विश्व खेलों के आयोजकों ने पहले कहा था कि 29 वर्षीय डेबर्टोलिस पिछले शुक्रवार को पुरुषों की मध्यम दूरी की स्पर्धा में भाग लेते समय बेहोश हो गए थे।

### पंजाब एफसी की राज्य लीग के लिए 26 सदस्यीय टीम घोषित

**मोहाली।** इंडियन सुपर लीग की टीम पंजाब एफसी ने आगामी राज्य सुपर फुटबॉल लीग के लिए मंगलवार को 26 सदस्यीय रिजर्व टीम की घोषणा की, जिसमें नौ अंडर-19 खिलाड़ी शामिल हैं। पिछले सत्र की उपविजेता पंजाब एफसी शनिवार को न्यू चंडीगढ़ में दलबीर एफए के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

हरियाणा सरकार

देसी कपास उगाएं, अनुदान पाएं

देसी कपास पर 3000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि

अनुदान हेतु 'मेरी फसल मेरा ब्योरा' पोर्टल fasal.haryana.gov.in पर पंजीकरण करें

देसी कपास से किस्मों की विविधता बढ़ने के साथ ही कीटों से नुकसान की कम संभावना



पंजीकरण 20 अगस्त, 2025 तक





अधिक जानकारी के लिए
टोल फ्री नं० 1800-180-2117 या वेबसाइट पर जाएं fasal.haryana.gov.in या क्यू आर कोड को स्कैन करें

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा www.agriharyana.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# आसिम मुनीर की धमकी पर भड़के सांसद

# विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति भी सरकार की राय से सहमत कहा- पाक की एटमी हमले की धमकियों से भारत डरने वाला नहीं है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसीम मुनीर की परमाणु हमले की धमकी पर कांग्रेस सांसद और विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष थरूर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पाक की एटमी हमले की धमकियों से भारत डरने वाला नहीं है। हम सरकार की राय से सहमत है। यह देखना दुखद था कि मुनीर ने ऐसा बयान उस देश की जमीन पर खड़े होकर दिया, जो हमारा अच्छा मित्र है।

शशि थरूर ने कहा, अगर (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन से बैठक के बाद यूक्रेन के साथ भी बातचीत होती है, तो हमें रूस से तेल खरीदने के कारण जो दूसरा 25 फीसदी टैरिफ लगाया गया है, वह हटा दिया जाएगा, क्योंकि वह टैरिफ रूस-यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में लगाया गया था।

अमेरिका के साथ भारत के संबंध बहुत महत्वपूर्ण

व्यापार एक हिस्सा, कई मुद्दों पर दोनों देश संपर्क में

### दिश मंत्रालय पहले ही पाक की परमाणु धमकी को खारिज कर चुका



*कांग्रेस सांसद और विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष थरूर ने कहा कि इस मुद्दे पर विदेश मामलों की स्थायी समिति में चर्चा हुई। थरूर ने कहा विदेश मंत्रालय ने पहले ही पाकिस्तान की परमाणु धमकी को खारिज कर दिया है और समिति ने भी उसी विचार को साझा किया है। उन्होंने कहा कि हमारे विदेश सचिव ने साफ कहा है कि अमेरिका के साथ हमारे संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं। इसमें व्यापार केवल एक हिस्सा है, लेकिन हम कई मुद्दों पर लगातार संपर्क में हैं। वाणिज्य सचिव ने भी हमें इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने हमारे सदस्यों को सभी जरूरी स्पष्टीकरण दिए।*

**विदेश मामलों की समिति को दी जानकारी**

*बता दें, सोमवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी विदेश मामलों पर बनी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में विदेश मंत्रालय और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रतिनिधि सांसदों को भारत की वर्तमान विदेश नीति के घटनाक्रम, विशेष रूप से अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता और टैरिफ से जुड़े मुद्दों पर जानकारी दी।*

एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी की दो टूक

### सड़कछाप आदमी की तरह बोल रहे मुनीर



वहीं, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर की टिप्पणियों की तुलना सड़कछाप आदमी से की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आर्मी चीफ के शब्द और उनकी धमकियां निंदनीय हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह सब अमेरिका से हो रहा है, जो भारत का रणनीतिक साझेदार है। वह सड़कछाप आदमी की तरह बोल रहे हैं। मोदी सरकार को विदेश मंत्रालय के बयान की तरह राजनीतिक जवाब देना चाहिए।

**रक्षा बजट बढ़ाए सरकार**

ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान की सैन्य मंशा को जानते हुए भारत को अपने सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की ओर से रक्षा के लिए कम बजटीय आवंटन अब और जारी नहीं रह सकता। हमें बेहतर तैयारी करने की जरूरत है।

मिथुन चक्रवर्ती की भुट्टो को दो टूक

### हमारी खोपड़ी सनक गई फिर ब्रह्मोस चलेगा

मिथुन चक्रवर्ती ने कहा है कि पाकिस्तान के नेता भारत विरोधी बातें करते रहेंगे और हमारी खोपड़ी सनक गई फिर एक के बाद एक ब्रह्मोस चलेगा। चक्रबर्ती ने सिंधु का पानी बहाल करने को लेकर पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की धमकियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पाकिस्तान की जनता के लिए हमें कुछ नहीं कहना है। वहां अच्छे लोग हैं। लेकिन उनके नेता अगर ऐसे ही बोलते रहेंगे तो हमारा माथा खराब हो जाएगा। फिर ब्रह्मोस चलेगा।



## खबर संक्षेप


### एलन मस्क का तोहफा! ग्रोक4 सभी के लिए फ्री

**न्यूयॉर्क।** चैटजीपीटी 5 के लॉन्च के एलन मस्क ने एक शानदार तोहफा देते हुए ग्रोक4 को सभी यूजर्स के लिए मुफ्त कर दिया है। हालांकि ऐसा सीमत समय के लिए किया गया है। इस बारे में एक्सएआई की ओर से घोषणा की गई है। एक्सएआई ने ऐसा हाल ही में लॉन्च हुए चैटजीपीटी 5 से मुकाबला करने के लिए किया है। पोस्ट में लिखा कि ग्रोक में आटो मोड का इस्तेमाल करें। इससे ग्रोक अपने आप कॉम्प्लेक्स सवालों को ग्रोक 4 पर रूट कर देगा।




### इंडोनेशिया के पापुआ में 6.3 तीव्रता का भूकंप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी हिस्से पापुआ में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों के मुताबिक इससे सुनामी का कोई खतरा नहीं है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, यह झटका स्थानीय समय के मुताबिक शाम करीब 5 बजकर 24 मिनट पर महसूस हुआ। भूकंप का केंद्र पापुआ प्रांत की राजधानी और सबसे बड़े शहर जयापुरा से करीब 193 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था और इसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर थी।



### जेकेएलएफ के ठिकाने पर एसआईए का छापा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने 1990 में कश्मीरी पंडित महिला सरला भट्ट हत्याकांड में मध्य कश्मीर में कई जगहों पर छापा मारा है। जांच टीम ने सरला भट्ट की हत्या के सिलसिले में प्रतिबंधित जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के 9 पूर्व कमांडरों के घरों पर छापेमारी की गई है, इनमें यासीन मलिक और पूर्व नेता पीर नूरुल हक शाह उर्फ एयर मार्शल भी शामिल हैं।



## वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में दी जानकारी

# अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर 'चर्चा अभी भी जारी'

*भारत ने भी लगाया रेसिप्रोकल टैक्स*

जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत से अमेरिका को निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर 25 प्रतिशत की दर से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया गया है। अनुमान है कि अमेरिका को भारत के कुल व्यापारिक निर्यात का लगभग 55 प्रतिशत इस रेसिप्रोकल टैरिफ के अधीन है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार अभी भी वॉशिंगटन के साथ भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर चर्चा में शामिल है, जिसका उद्देश्य टैरिफ स्थिरता और दीर्घकालिक व्यापार पूर्वानुमान के माध्यम से व्यापार और निवेश का विस्तार करना है। भारत से अमेरिका को निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर 27 अगस्त से 25 प्रतिशत की दर से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया गया है।

अनुमान है कि अमेरिका को भारत के कुल व्यापारिक निर्यात का लगभग 55 प्रतिशत इस रेसिप्रोकल टैरिफ के अधीन है। अभी तक अमेरिका को भारतीय निर्यात पर फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाया गया है। उन्होंने कहा कि 27 अगस्त, 2025 से भारत से निर्यात की जाने वाली कुछ वस्तुओं पर 25 प्रतिशत की एडिशनल शुल्क दर लागू की गई है। अभी तक अमेरिका को भारतीय निर्यात पर फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाया गया है।

व्यापार समझौता वार्ता के अब तक पांच दौर हो चुके

*सरकार सभी वर्गों की रक्षा और कल्याण को महत्व दे रही*



### अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ प्रभाव का आकलन कर रहे

*जितिन प्रसाद के अनुसार, उत्पाद विभेदीकरण, मांग, गुणवत्ता और कॉन्ट्रैक्चुअल अरेंजमेंट जैसे विभिन्न कारकों का संयोजन, कपड़ा क्षेत्र सहित भारत के निर्यात पर रेसिप्रोकल टैरिफ के प्रभाव को निर्धारित करेगा।सरकार अमेरिका द्वारा लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ के प्रभाव के आकलन पर प्रतिक्रिया लेने के लिए निर्यातकों और उद्योग सहित सभी हितधारकों के साथ बातचीत कर रही है। सरकार किसानों, श्रमिकों, उद्यमियों, निर्यातकों, एमएसएमई और उद्योग के सभी वर्गों के कल्याण की रक्षा और संवर्धन को सर्वोच्च महत्व देती है।*

### ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे

जितिन प्रसाद ने कहा कि हमने इन मुद्दों पर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है, जिसमें यह तथ्य भी शामिल है कि हमारे आयात बाजार के कारकों पर आधारित हैं और भारत के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के समग्र उद्देश्य से किए जाते हैं। इसलिए, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत पर उन कदमों के लिए अतिरिक्त शुल्क लगाने का विकल्प चुना है जो कई अन्य देश भी अपने राष्ट्रीय हित में उठा रहे हैं।

### मार्च 2025 में शुरू की गई थी वार्ता

केंद्रीय राज्य मंत्री के अनुसार भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वार्ता मार्च 2025 में शुरू की गई थी। वार्ता के पांच दौर हो चुके हैं, जिनमें से अंतिम 14-18 जुलाई को वाशिंगटन, डीसी में हुआ था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई नवीनतम शुल्क कार्रवाई को अनफेयर, अनजस्टिफाइड और अनरीजनेबल बताया गया है।

### ट्रंप का ऐलान, गोल्ड पर नहीं लगेगा टैरिफ

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार (11 अगस्त) को कहा कि गोल्ड पर किसी तरह का टैरिफ नहीं लगेगा। इससे पहले अमेरिका के कस्टम और सीमा सुरक्षा विभाग ने कहा था कि गोल्ड पर भारी टैक्स लग सकता है, लेकिन ट्रंप ने इस पर स्थिति स्पष्ट कर दी है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर पोस्ट शेयर की है, जिसमें गोल्ड पर टैरिफ न लगाने को लेकर जानकारी दी है।*

यूएनएससी में भारत ने दोहराया संकल्प

## स्वतंत्र और नियम आधारित समुद्री व्यवस्था के लिए जताई प्रतिबद्धता



एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की समुद्री सुरक्षा पर उच्च स्तरीय बहस में भारत ने एक बार फिर 'स्वतंत्र, खुली और नियम-आधारित' समुद्री व्यवस्था को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को दोहराया। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने इस बहस में भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि समुद्री सुरक्षा एक साझा चुनौती है, जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के सिद्धांतों के अनुसार समुद्री व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। समुद्री मार्गों के जरिए वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और संचार जैसे अहम क्षेत्र जुड़े हैं, इसलिए इस क्षेत्र में भारत की भी बड़ी भूमिका और जिम्मेदारी है।

**समुद्री सुरक्षा भारत के लिए महत्वपूर्ण**

*तन्मय लाल ने बताया कि भारत के पास 11,000 किमी से अधिक लंबा समुद्री तट और लगभग 1,300 द्वीप हैं, साथ ही 2.3 मिलियन वर्ग किमी का विशेष आर्थिक क्षेत्र भी है। ऐसे में समुद्री सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और पर्यावरणीय संतुलन भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की समुद्री सुरक्षा नीति 'महासागर' का भी जिक्र किया, जिसका मतलब है सभी क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति। इसके तहत क्षेत्रीय सहयोग, पारदर्शिता और सुरक्षा को बढ़ावा दिया जाता है।*

### ई-समुद्र डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू होगा

तन्मय लाल ने बताया कि भारत ने पहले से ही समुद्री क्षेत्र में कई अहम पहलें शुरू की हैं। इसमें इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर- इंडियन ओशन रीजन शामिल है, जो हिंद महासागर क्षेत्र में निगरानी और सूचना साझा करने का काम करता है। इसके अलावा, ई-समुद्र नाम का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म जल्द शुरू होगा, जो समुद्री गतिविधियों की रीयल टाइम निगरानी और पारदर्शी प्रशासन में मदद करेगा।

## व्यापार समझौते में विदेशी दबाव के बावजूद प्रधानमंत्री के मजबूत निर्णय के लिए किसानों ने जताया आभार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर कई किसान संगठनों ने व्यापार समझौते में विदेशी दबाव के बावजूद प्रधानमंत्री के मजबूत निर्णय के लिए धन्यवाद जताया।

इस कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली के पूसा कैंपस स्थित सुब्रह्मण्यम हॉल में किया गया था, जिसमें केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एम. एल. जाट सहित विभिन्न राज्यों के किसान संगठनों के नेता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सर्वप्रथम देशभर से आए किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने संबोधित करते हुए एक स्वर में प्रधानमंत्री मोदी और सरकार के प्रति किसान हितैषी ऐतिहासिक कदम के प्रति आभार व्यक्त किया। भारतीय किसान संघ के हरपाल सिंह डागर, धर्मेंद्र मलिक, धर्मेंद्र चौधरी, विरेंद्र लोहान, किरपा सिंह नत्थूवाला, कुलदीप सिंह बाजिदपुर, बाबा राजेंद्र सिंह मलिक, तरूणेश शर्मा, कृष्णवीर चौधरी, भूपेंद्र सिंह मान, के. साई रेड्डी सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपनी बात कही। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संबोधित करते हुए कहा कि एक लघु भारत का दृश्य यहां दिखाई दे रहा है। उन्होंने फिर से दोहराया कि नकली खाद और उर्वरक बनाने वालों के खिलाफ सरकार जल्द ही नया कानून लाकर सख्त कार्रवाई करेगी।

उन्होंने कहा कि किसान कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। कल ही राजस्थान के झुंझुनूं से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा राशि का डिजिटल भुगतान भी किया गया।

बहुचर्चित धर्मस्थल सामूहिक दफन केस की जांच में नया मोड़

# हाई-टेक ड्रोन और ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार तकनीक

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के बहुचर्चित धर्मस्थल गांव के सामूहिक दफन केस की जांच नया मोड़ ले चुकी है। एसआईटी ने जमीन के नीचे दफन किसी भी अवशेष का सुराग पाने के लिए ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) तकनीक का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, यह स्कैनिंग खास तौर पर साइट नंबर 13 के लिए की जा रही है। यहां पारंपरिक खुदाई में लगातार बाधाएं आ रही थी। इसके साथ ही यहां पर रडार इमेजिंग से लैस हाई-टेक ड्रोन तैनात किया गया है। यह उपकरण सतह के नीचे की विसंगतियों की लाइव तस्वीरें तैयार करेगा, जिससे दबी हुई किसी भी वस्तु या अवशेष का पता लगाया जा सके। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इस जांच में शिकायतकर्ता और उनके वकील को भी मौजूद रहने दिया गया है। इस अभियान का नेतृत्व एसआईटी प्रमुख प्रणब मोहंती कर रहे हैं। पिछले हफ्ते ही इस केस को पूरी तरह से एसआईटी के हवाले कर दिया गया था।

### एसआईटी प्रमुख की निगरानी में की जा रही जांच



*इस जांच की निगरानी एसआईटी प्रमुख डॉ. प्रणब मोहंती, डीआईजी अनुचेथ और एसपी सीए साइमन कर रहे हैं। इस केस में सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब शिकायतकर्ता खुद एसआईटी के साथ जंगल में गया। उसकी निशानदेही पर एसआईटी को खुदाई के दौरान कई अहम सबूत हाथ लगे थे। शिकायतकर्ता एक सफाई कर्मचारी रह चुका है। उसने अपने बयान में कई सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। इसके तहत उसने साल 1995 से 2014 के बीच कई शव दफन किए थे। उसे ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया था। उसका यहां तक दावा किया है कि महिलाओं और नाबालिग लड़कियों का शव भी दफन किया गया था। उनके शरीर पर यौन उत्पीड़न के कई निशान मौजूद थे।*

### खुदाई में मिले नर कंकाल और नमक की बोरियां

धर्मस्थल के साइट नंबर 11ए पर 6 अगस्त को एसआईटी ने खुदाई पूरी की थी। इससे पहले इसी जगह नर कंकाल मिले थे। इसके दो दिन बाद जब खुदाई आगे बढ़ी, तो नमक की बोरियां बरामद हुईं। बताया जा रहा है कि नमक की इन बोरियों का इस्तेमाल शव को जल्दी गलाने के लिए किया गया होगा। खुदाई के बाद एसआईटी टीम शिकायतकर्ता को कड़ी सुरक्षा के बीच बेलथांगडी लेकर लौटी थी।

### मशीन का किराया 20 लाख रुपए प्रतिदिन

जीपीआर मशीन का एक दिन का किराया लगभग 20 लाख रुपए है। ये भारत की सबसे एडवांस मशीनों में से एक मानी जाती है, जो गहराई में छिपी चीजों को साफ-साफ दिखा सकती है। जांच टीम के प्रमुख अधिकारी प्रणव मोहंती ने बताया कि वो सबसे बेहतर तकनीक का इस्तेमाल करना चाहते हैं, ताकि कोई भी सुराग हाथ से न निकल जाए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109